आज का तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	23°C	11°C

इनसाइड न्यूज

दूध के उत्पादन में यूपी की बादशाहत बरकरार

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

सोमवार 09 दिसंबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- / लखनऊ / वर्ष: 16, अंक: 58 / www.janexpresslive.com/epaper

अमित शाह बोले, बॉर्डर की चिंता हमें नहीं... 12

सीरियाई राष्ट्रपति देश छोड़कर भागे

सेना बोली, उनकी सत्ता खत्म, टैंकों पर चढ़कर जश्न मना रहे लोग, पीएम जलीली विद्रोहियों के साथ चलते दिखे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दमिश्क

सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर भाग चुके हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है। सीरिया में पिछले 11 दिनों से विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी। विद्रोही लड़ाकों ने रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया है। असद के देश छोड़ने के बाद सीरियाई पीएम ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। पीएम मोहम्मद गाजी अल जलाली ने एक वीडियो में कहा है कि वो देश में ही रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे उसके साथ मिलकर काम करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क के अलावा सीरिया के चार बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया है। इनमें अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा शामिल हैं। विद्रोही लड़ाके राजधानी दमिश्क में दारा शहर की तरफ से घुसे थे, जिस पर उन्होंने 6 दिसंबर को कब्जा किया था। दारा वही शहर है, जहां से 2011 में राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत हुई थी और पूरे देश में जंग छिड़ गई थी। दारा से राजधानी दमिश्क की दूरी करीब 100 किमी है। यहां स्थानीय विद्रोहियों ने कब्जा किया है। वहीं, अलेप्पो, हमा और होम्स इस्लामी चरमपंथी ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम की गिरफ्त में है। संघर्ष की वजह से अब तक 3.70 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हालांकि लोग असद सरकार के गिरने की खुशी मना रहे हैं। लोगों के सेना के टैंकों पर चढ़कर सेलिब्रेट करने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

राजधानी दमिश्क पर भी विद्रोहिया का कब्जा

विद्रोही गुट के लड़ाकों ने सीरिया की राजधानी दमिश्क पर भी कब्जा कर लिया है। विद्रोहियों ने राष्ट्रपति भवन सहित शहर की प्रमुख सरकारी इमारतों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। एकतरफ जहां सीरिया के विद्रोही राष्ट्रपति बशर अल असद को खोज रहे हैं, वहीं, वहां के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी अल-जलाली ने एक सऊदी मीडिया हाउस को बताया कि शनिवार को आखिरी बार उनकी राष्ट्रपति से बात हुई थी।

इजराइल-सीरिया के बीच बफर जोन में घुसे इजराइली सैनिक

सीरिया में असद के भागने के बाद इजराइली सेना दोनों देशों के बीच बने बफर जोन गोलान हाइट्स में घुस गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा इजराइली नागरिकों की सुरक्षा के लिए किया गया है। दरअसल, 1967 की सिक्स डे वॉर के दौरान इजराइल ने सीरिया के गोलान हाइट्स पर कब्जा कर लिया था। इजराइल, सीरिया के साथ 83 किलोमीटर की सीमा साझा करता है।

असद परिवार के 50 साल के शासन का अंत

असद के सत्ता से हटने के साथ ही सीरिया में करीब 54 साल लंबे असद परिवार के शासन का अंत हो गया। बशर के पिता हाफिज अल-असद 1971 में सीरिया के राष्ट्रपति बने थे और अगले 29 सालों तक देश के राष्ट्रपति रहे। साल 2000 में हाफिज की मौत के बाद बशर ने सीरिया की सत्ता संभाली। इसके बाद से बशर सीरिया के राष्ट्रपति थे। 2011 में जब मिडिल ईस्ट में अरब क्रांति की शुरुआत हुई तब सीरिया में भी असद के खिलाफ विद्रोह शुरू हुए, जिन्हें बेरहमी से कुचल दिया गया। इसके बाद वहां गृह युद्ध की शुरुआत हुई। अब बशर के देश छोड़ने के बाद विद्रोहियों ने वीडियो जारी कर कहा कि देश में असद परिवार के काले युग का अंत हो गया है। हम देश में नए युग की शुरुआत की घोषणा करते हैं।

ईरान ने राष्ट्रपति असद का साथ छोड़ा

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ईरान ने शुक्रवार से सीरिया से अपने सैन्य कमांडरों, रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े लोगों, राजनयिक कर्मचारियों और उनके परिवारों को निकालना शुरू कर दिया है। ईरान पहले की तरह असद सरकार का साथ देने में असमर्थ है। अधिकारी ने बताया कि दमिश्क में रह रहे विशेष कर्मचारियों को विमानों से तेहरान लाया जा रहा है। जबकि बाकियों को जमीनी रास्ते से लताकिया बंदरगाह जा रहे हैं जहां से वे ईरान पहुंचेंगे। ईरानी मामले के जानकारी मेहदी रहमती ने एनवाईटी से कहा कि ईरान ने अपनी अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों को निकालना शुरू किया है, क्योंकि उन्हें लग रहा है कि सीरिया की सेना विद्रोहियों का मुकाबला नहीं कर पाएगी।

विद्रोह का क्या होगा असर...

वर्चस्व की लड़ाई

1 यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ पीस की प्रोफेसर मोना याकूबियन का कहना है कि यह पश्चिम एशिया में वर्चस्व की लड़ाई है। सीरिया भूराजनीतिक रूप से अहम है। इसकी सीमा इराक, तुर्किये, जॉर्डन, लेबनान व इजराइल जैसे देशों से लगती है। सीरिया पर नियंत्रण अहम व्यापार मार्गों, ऊर्जा गलियारों तक पहुंच प्रदान करता है, और पूरे क्षेत्र में प्रभाव डालने के लिए एक आधार प्रदान करता है।

रूस पर बड़ा असर

2 विद्रोह का रूस पर बड़ा असर होगा। पश्चिमी एशिया में सीरिया उसका सबसे भरोसेमंद पार्टनर है। साथ ही 2011 में बशर के खिलाफ विद्रोह के बाद से रूस बशर को हर तरह की सैन्य, आर्थिक व रणनीतिक मदद देता रहा है। इस कारण रूस चाहता है कि बशर सत्ता में बने रहें। साथ ही विद्रोहियों को अमेरिकी समर्थन प्राप्त है। ऐसे में यदि बशर जाते हैं तो इसका बड़ा नुकसान रूस को होगा।

तेल की कीमत में उछाल संभव

3 भारत व सीरिया के रिश्ते ऐतिहासिक हैं। विद्रोह नहीं रुका तो कच्चे तेल के दामों में उछाल देखने को मिलेगा। इससे भारत पर असर पड़ेगा। वहीं, हाल में पावर और सोलर प्लांट प्रोजेक्ट पर दोनों मुल्क साथ काम कर रहे हैं। भारत ने 2022 में इसके लिए 28 करोड़ डॉलर की मदद की घोषणा की थी। विद्रोह के बढ़ने पर इन प्रोजेक्ट पर असर होगा। 2008 में बशर भारत का दौरा कर चुके हैं।

भारत के नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी

सीरिया के हालात को देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय ने कल ही ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर दी थी। भारतीय नागरिकों से तत्काल सीरिया छोड़ने के लिए कहा गया है। साथ ही भारतीयों से सीरिया जाने से भी मना किया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, कि सीरिया में रह रहे भारतीय दमिश्क में स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें।

जीरो टॉलरेंस से भी नहीं डरेगा सरकारी अमला नहीं सुधरेगा

प्रदेश में हाल ही में बनीं बलरामपुर समेत 9 जिलों की सड़कों की गुणवत्ता की जांच में बड़े पैमाने पर धाँधली हुई है

- पीडब्ल्यूडी मुख्यालय की ओर से किए गए निरीक्षण में 36 सड़कों के नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे
- इन नमूनों की लैब जांच रिपोर्ट में तारकोल, इमल्शन और बजरी के उपयोग में गड़बड़ी पाई गई है
- अब प्रदेश में नवनिर्मित सड़कों की नियमित जांच कराने का निर्णय लिया गया है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के बावजूद सरकारी अमला सुधरने का नाम नहीं ले रहा। सड़कों के निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में हाल ही में बनीं बलरामपुर समेत 9 जिलों की सड़कों की गुणवत्ता की जांच में बड़े पैमाने पर धाँधली हुई है। पीडब्ल्यूडी मुख्यालय की ओर से किए गए निरीक्षण में 36 सड़कों के नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसके बाद इन नमूनों की लैब जांच रिपोर्ट में तारकोल, इमल्शन और बजरी के उपयोग में गड़बड़ी पाई गई है। रिपोर्ट शासन को सौंपी जा चुकी है। इसके बाद अब प्रदेश में नवनिर्मित सड़कों की नियमित जांच कराने का निर्णय लिया गया है।

इन सड़कों के नमूने हुए फेल

- बलरामपुर: बुड़ंतापुर अहलादडीह मार्ग, उतरौला-अयोध्या मार्ग
- कानपुर नगर: मंधाना-गंगा बैराज मार्ग
- प्रतापगढ़: लालगंज-मंझनपुर मार्ग
- मुजफ्फरनगर: मुजफ्फरनगर-थाना भवन मार्ग
- आजमगढ़: बिलरियागंज-रौनापार मार्ग
- बदायूं: शाहबाद-बिसौली मार्ग
- जालौन: उरई-भीखेपुर मार्ग
- बस्ती: लकड़मंडी-स्वामी नारायण मार्ग
- गाजीपुर: सैदपुर-चिरेयाकोट मार्ग

सड़कों के नमूने फेल होने पर 16 अभियंताओं को पहले ही निलंबित किया जा चुका

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 4 नवंबर को समीक्षा बैठक में सभी जिलों की सड़कों की जांच के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में हरदोई में सड़कों के नमूने फेल होने पर 16 अभियंताओं को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। अब नौ अन्य जिलों कानपुर नगर, प्रतापगढ़, मुजफ्फरनगर, आजमगढ़, बलरामपुर, बदायूं, जालौन, बस्ती और गाजीपुर में हुई गड़बड़ियों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

हरदोई और उन्नाव की कुछ और सड़कों के नमूने भी लखनऊ की लैब में भेजे गए

लैब की रिपोर्ट के आधार पर दोषी अभियंताओं और संबंधित जिलों के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, हरदोई और उन्नाव की कुछ और सड़कों के नमूने भी लखनऊ की लैब में भेजे गए हैं।

तो क्या यूपी बोर्ड की परीक्षा टलेगी!

प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ और यूपी बोर्ड परीक्षा साथ-साथ होने के कारण असमंजस की स्थिति बन गई है

- कुंभ मेले के लिए एक निजी कॉलेज के भवन को जिलाधिकारी द्वारा अधिगृहीत किए जाने का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है
- हाईकोर्ट ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए राज्य के अपर मुख्य गृह और अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा से जवाब मांगा है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ और यूपी बोर्ड परीक्षा साथ-साथ होने के कारण असमंजस की स्थिति बन गई है। मामला हाई कोर्ट तक पहुंच गया है। न्यायालय ने इसे गंभीरता से लिया है। संभव है कि परीक्षा की डेट में बदलाव किया जाए। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से 12 मार्च 2025 तक आयोजित की जानी है। इस बीच बोर्ड परीक्षा टलने की संभावना नजर आने लगी है। कुंभ मेले के लिए एक निजी कॉलेज के भवन को जिलाधिकारी द्वारा अधिगृहीत किए जाने का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। हाईकोर्ट ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए राज्य के अपर मुख्य गृह और अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति अजित कुमार ने पूछा है कि कॉलेज के भवन का हिस्सा अधिगृहीत किए जाने के बाद बोर्ड परीक्षा कैसे कराएंगे। परीक्षा सुविधाएं कैसे उपलब्ध होंगी? महिला ग्राम इंटर कॉलेज सुबेदारगंज, प्रयागराज की प्रबंध समिति व अन्य ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याची का कहना है कि उनका विद्यालय मान्यताप्राप्त और एडेड है। जिसमें कक्षा एक से आठवीं तक निशुल्क शिक्षा दी जाती है। फरवरी-मार्च 2025 में बोर्ड परीक्षा होनी है। लेकिन जिलाधिकारी ने डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत माघ मेला में फोर्स रखने के लिए विद्यालय के आठ कमरों व संसाधन का जबरन अधिग्रहण कर लिया है। याची का कहना है कि शहर में मेला क्षेत्र के समीप कई कॉलेज और उनके खाली मैदान मौजूद हैं। लेकिन उनका अधिग्रहण न करके याची के साथ भेदभाव किया गया है। इस कदम से छात्राओं के साथ प्रबंधन को भी परेशानी होगी। बिना नोटिस के अधिग्रहण करना मनमाना है।

मेले के कारण छात्रों को परेशानी नहीं होनी चाहिए, अपर मुख्य सचिवों से हलफनामा मांगा

मामले पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जिलाधिकारी को आपात स्थिति का सामना करने के लिए किसी भी भवन को अधिग्रहण करने का अधिकार है। मेले के आयोजन के लिए प्रयागराज शहर के 48 कॉलेजों का 1 नवंबर 2024 से 2 मार्च 2025 के लिए आंशिक अधिग्रहण किया गया है। सिर्फ अल्पसंख्यक विद्यालयों को इससे अलग रखा गया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि 'इसी दौरान बोर्ड परीक्षा होनी है। क्या सरकार परीक्षा शिफ्ट करेगी? मेले के कारण छात्रों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।' जिस पर दोनों अपर मुख्य सचिवों से हलफनामा मांगा है। अदालत ने कहा है कि यदि हलफनामा नहीं दिया गया तो राज्य के अपर मुख्य गृह और अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा को 17 दिसंबर को अगली सुनवाई पर उपस्थित होना होगा।

आठ पीसीएस अधिकारियों के तबादले, आगरा, मेरठ, अयोध्या में बदलाव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शासन ने 8 पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। उप आवास आयुक्त, आवास विकास परिषद अजय नारायण सिंह को अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति आगरा के पद पर भेजा है। बलिया के सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी को अयोध्या का एडीएम, कानून-व्यवस्था बनाया गया है। अमित कुमार भारतीय अपर नगर आयुक्त कानपुर नगर को एडीएम सिविल सप्लाई वाराणसी, अजय कुमार अम्बष्ट उप आवास आयुक्त मेरठ को मुख्य राजस्व अधिकारी जौनपुर, अजीत परेश एडीएम न्यायिक पीलीभीत को सीआरओ वाराणसी, पंकज वर्मा एसडीएम चित्रकूट को नगर मजिस्ट्रेट गोंडा और सतीश कुमार कुशवाहा एसडीएम आगरा को एडीएम न्यायिक संभल बनाया गया है। शिवानी सिंह डीडी बाल विकास पुष्टाहार को राजस्व परिषद से संबद्ध किया गया है।

फार्मेसी काउंसिल में पांच सदस्य नामित: उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल में शासन की ओर से पांच नए सदस्यों का मनोनयन किया गया है। इसमें फार्मासिस्ट श्रवण कुमार, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, अनिल प्रताप सिंह, अजय कुमार सिंह, श्याम नरेश दुबे शामिल हैं।

हो जाइए तैयार, यूपी में नौकरियों की आने वाली है बहार

- 27,713 शिक्षा विभाग और राज्यकर विभाग में भरे जाएंगे 7513
- सुप्रीम आदेश, विज्ञापन से ही होगी 27 हजार शिक्षकों की भर्ती

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित

राज्य मुख्यालय। शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को सुप्रीम कोर्ट ने जोर का झटका दिया है। छह साल पहले आई भर्ती के अभ्यर्थियों के मेरिट गिराकर भर्ती किए जाने की मांग वाली याचिका को खारिज करते सर्वोच्च न्यायालय ने 27,713 पदों पर विज्ञापन के जरिए भर्तियां करने का आदेश दिया है। छह दिसंबर को इस मामले की सुनवाई में सर्वोच्च न्यायालय ने हाईकोर्ट की डबल बेंच के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही स्पष्ट हो गया कि अब रिक्त 27,713 पद भर्तियां नया विज्ञापन जारी करके ही भरा जाएगा।

हाई कोर्ट ने दो माह में परीक्षा कराने को कहा था

अगस्त के अंत में हाई कोर्ट की डबल बेंच ने परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 68,500 शिक्षक भर्ती के रिक्त 27,713 पदों पर दो महीने में परीक्षा कराने के आदेश दिए थे। इसके विरोध में अभ्यर्थियों ने 13 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। छह नवंबर 2024 को जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस प्रदीप कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने अभ्यर्थियों की याचिका को खारिज करते हुए हाई कोर्ट की डबल बेंच के आदेश पर हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया।

राज्यकर विभाग में 7513 पदों पर होगी भर्ती

लखनऊ। सरकारी विभागों में खाली पदों को भरने के लिए प्रदेश सरकार ने द्वार खोल दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकारी विभागों में खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया में और तेजी लाते हुए विभागवार प्रस्ताव आयोग को भेजे जा रहे हैं। राज्यकर विभाग में समूह ग और घ के 7513 खाली पदों पर जल्द भर्ती की जाएगी। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर जल्द ही आयोग को भेजे जाने की तैयारी की जा रही है।

पद खाली होने से कम हो रहा राजस्व कलेक्शन

राज्यकर विभाग में हजारों की संख्या में खाली पद रहने की वजह से राजस्व वसूली समेत अन्य मामलों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का संख्या बल कम होने की वजह से राजकीय कोष का घाटा बढ़ रहा है। टैक्स के रूप में जनता से लिया जाने वाले कलेक्शन भी ठीक से नहीं हो पा रहा है।

कटऑफ से 41,556 अभ्यर्थियों का ही हुआ था चयन

बता दें कि 68500 शिक्षक भर्ती को लेकर प्रदेश सरकार ने न्यूनतम अर्हता अंक सामान्य के लिए 45 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के लिए 40 प्रतिशत तय किए थे। जिसके आधार पर 41,556 अभ्यर्थियों का ही चयन हो सका था।

राज्यकर विभाग में कहां कितने पद खाली

- वैयक्तिक सहायक ग्रेड-दो 433
- आशुलिपिक 179
- कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड ए 173
- संग्रह अमीन 239
- चालक 201
- संग्रह सेवक 461
- सफाईकर्मी 133
- सहायक सांख्यिकीय अधिकारी 67
- वाणिज्य कर निरीक्षक 278
- लेखा परीक्षक 23
- लेखाकार 69

परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में होनी है भर्ती

परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती के लिए योगी सरकार ने नवगठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को जिम्मदारी दी है। हालांकि आयोग का कहना है कि अभी रिक्त पद 27713 के संबंध में उन्हें बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जानकारी नहीं दी गई है।

आज नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर पहली बार उतरेगा विमान, दी जाएगी वाटर कैनन से सलामी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

क्रिसमस से एक पखवाड़ा पहले ही बड़ा दिन मनाने को तैयार हो चुके नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर पहली बार विमान उतरेगा। दिल्ली से उड़ान भरकर पहला व्यावसायिक 10 मिनट में नोएडा एयरपोर्ट के फ्लाइंग जोन में पहुंचेगा और उपकरणों सहित अन्य संसाधनों की जांच के लिए डेढ़ घंटे तक एयरपोर्ट के आसपास मंडराता रहेगा। इस पूरी कवायद के बाद क्रू मेंबर के साथ एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) का विमान नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर पहली लैंडिंग करेगा। इस सफल लैंडिंग के साथ ही एयरपोर्ट के इतिहास में ढाई दशक की कवायद के बाद एक और सफलता जुड़ जाएगी। यहां विमान की सफल लैंडिंग के बाद विमान कुछ घंटे बाद ही टेक ऑफ भी करेगा। फिलहाल, इस बड़ी उपलब्धि से पहले रनवे को वाटर कैनन से सलामी दी गई। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को ट्रायल रन से पहले विमान को लैंडिंग की अनुमति के साथ ही नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने रनवे पर अन्य सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण कर रिपोर्ट दे दी है। इस ट्रायल के बाद यापल वाई अड्डे के प्रमाणीकरण के लिए दस्तावेज को अंतिम रूप देगा और इसे डीजीसीए को सौंप देगा। एयरपोर्ट से वाणिज्यिक उड़ान

संचालन शुरू होने से पहले हवाई अड्डे को डीजीसीए और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) दोनों द्वारा प्रमाणीकरण की आवश्यकता होगी। इन प्रमाणीकरण के लिए समयसीमा का निर्धारण भी किया गया है। यहां बता दें कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे के

एयरपोर्ट के रनवे पर सोमवार को पहली बार विमान लैंड करेगा। एएआई का विमान करीब डेढ़ घंटे तक सभी उपकरणों व रडार सिस्टम की जांच करेगा। एयरोड्रोम लाइसेंस के लिए इसकी रिपोर्ट डीजीसीए को भेजी जाएगी।

– शैलेंद्र भाटिया
नोडल अधिकारी, नायल

ट्रायल के लिए डीजीसीए से 15 दिसंबर तक की समयसीमा तय की गई है। पहले 30 नवंबर को ट्रायल रन की तारीख नियत की गई थी। मगर, डीजीसीए टीम के निरीक्षण के चलते यह आगे बढ़ गई। कैलिब्रेशन ट्रायल के बाद रनवे का ट्रायल 9 दिसंबर को होगा। यहां बता दें कि अबतक एयरपोर्ट पर कैट-1 और कैट-3 उपकरण स्थापित हो चुके हैं, जो कोहरे में विमान की ऊंचाई और दृश्यता की जानकारी देते हैं। एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) को स्थापित किया जा चुका है, जिसकी एयरक्राफ्ट बीच किंग एयर 360 ईआर के जरिए 10 से 14 अक्तूबर तक जांच की जा चुकी है।

एयरपोर्ट की उपलब्धियों पर एक नजर

- आईएलएस कैलिब्रेशन का कार्य 10 से 14 अक्तूबर तक हो चुका
- कैलिब्रेशन का सर्टिफिकेट भी यापल को प्राप्त हो चुका है।
- फ्लाइट ट्रालय का अप्रूवल डीजीसीए से प्राप्त हो चुका
- 9 दिसंबर को रनवे पर ट्रायल रन किया जाएगा
- एयरोड्रोम लाइसेंस के लिए आवेदन इसी माह में होगा
- एआईपी पब्लिकेशन 6 फरवरी को होगा
- छह फरवरी के बाद फ्लाइट के लिए टिकट बुकिंग सेवा शुरू हो जाएगी
- 17 अप्रैल तक एयरपोर्ट से कामर्शियल फ्लाइट शुरू हो जाएगी

घने कोहरे और अंधेरे में भी होगी आसान लैडिंग

एयरपोर्ट पर 3900 मीटर लंबा व 60 मीटर चौड़ा पहला रनवे बनकर पूरी तरह से तैयार है। रनवे पर मार्किंग और लाइटिंग का कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा कैट-1 और कैट-3 उपकरण स्थापित हो चुके हैं, जो कोहरे में विमान की ऊंचाई और दृश्यता की जानकारी देते हैं। एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) को स्थापित किया जा चुका है। नोएडा एयरपोर्ट का पहला चरण 1334 हेक्टेयर में तैयार हो रहा है, इसकी यात्री क्षमता प्रति वर्ष 1.2 करोड़ होगी। लेकिन चार चरणों में इसका विस्तार किया जाएगा। 2050 तक एयरपोर्ट पूरी तरह संचालित होने पर हर साल सात करोड़ यात्रियों की आवाजाही क्षमता को पूरा करेगा।

फास्ट फॉरवर्ड

रोटावेटर में फंसकर किसान की मौत, परिवार में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिले के मऊ थाना क्षेत्र में खेत जुताई करते समय ट्रैक्टर के रोलर में फंसने से युवक किसान की मौत हो गई। युवक की मौत से पूरा गांव ग़म में डूब गया है। मऊ थाना क्षेत्र के मंडौर गांव निवासी 17 वर्षीय युवक अनुराग पुत्र सुरेश चंद्रपाल की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। अनुराग अपने मां - बाप का इकलौता बेटा था, जो अपने पिता के साथ खेतीबाड़ी में हाथ बंटता था। खेत में काम करते वक्त रोटावेटर में फंसकर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को अनुराग अपने घर से खेतों की तरफ गया था। देर रात तक वापस नहीं आने पर घर वालों ने खोजबीन की, तब युवक का शव खेत में मृत अवस्था में मिला। मौत की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद मौके से ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। सूचना पर मऊ कोतवाल विनोद कुमार राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए चीर घर कर्बी भेज दिया है। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने दर्ज कराया मुकदमा

जन एक्सप्रेस/कालपी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौंक में 1 महीने पहले सड़क दुर्घटना में घायल युवक की ओर से वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए वादी वीरेंद्र पुत्र प्रभु दयाल निवासी ग्राम छौंक ने बताया कि दिनांक 12 नवंबर की दोपहर लगभग 3 बजे गांव के कस्तूबा विद्यालय के सामने आरोपी शालू पुत्र पप्पू निवासी ग्राम छौंक ने लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए मुझे टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में प्रार्थी घायल हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।

बीएसए ने पिलाई पोलियो ड्राप

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने विकासखण्ड रामनगर के प्राथमिक विद्यालय रेरूवा में पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम के तहत पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर ग्रामवासियों को पोलियो के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हम सभी का उत्तरदायित्व है कि हम लोग अधिक से अधिक लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के बारे में जानकारी प्रदान करें एवं पांच वर्ष से कम बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के लिये अवश्य जागरूक करें ताकि हमारा जनपद पोलियोमुक्त हो सके। इस अवसर पर खण्डशिक्षाधिकारी रामनगर एनपी सिंह, जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अखिलेश पाण्डेय, विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह, शिक्षक शिवभूषण त्रिपाठी, विराग शुक्ल, मयंक मिश्रा, राममिलन, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

परिक्रमा मार्ग में चलाया स्वच्छता अभियान

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा कामतानाथ परिक्रमा स्थित बरहा के हनुमान मंदिर में सफाई अभियान चलाकर मंदिर परिसर की सफाई की गई। इस दौरान सफाई के साथ श्रद्धालुओं व आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरा न फैलाने की अपील की गई। नगर पालिका चित्रकूट धाम कर्वी के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने बताया स्वच्छता ही सेवा एक महत्वपूर्ण विचार है, जो हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने में प्रेरित करता है। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष व नगर पालिका चित्रकूट धाम कर्वी के ब्रांड एंबेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि समिति का मूल उद्देश्य धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं व आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए चित्रकूट पर्वत को साफ और स्वच्छ बनाना है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता हर इंसान के लिए बहुत जरूरी होती है। सफाई अभियान में शिवशंकर स्वरूप महराज, जितेंद्र केशरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, राम सिया आदि ने सहयोग दिया।

विकास से संबन्धित कार्यों की डीएम ने ली समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

चारागाह, खेल मैदान, भूमि अधिग्रहण, सोलर पावर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने 800 अल्ट्रा मेगा सोलर पावर पार्क की समीक्षा की। यूपी नेडा ने बताया कि अब तक 3255.543 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। इस पर डीएम ने अवशेष जमीन का अधिग्रहण करते हुए बॉउंड्री का कार्य शीघ्र शुरू कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही मानिकपुर तहसील के ग्राम अगरहुड्डा व मदना में बन रहे 25 मेगा वॉट ऑन ग्रीड सोलर पावर प्लांट के कार्य को जल्द पूर्ण कराने सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति के लिए निर्देश दिए। गौशाला के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी चारागाह के लिए जमीन गाटावार चिन्हित कर खाली कराए। मनरेगा के अंतर्गत अमृत सरोवर की संबंध में कहा कि जिन ग्राम में तालाब नहीं बना है, उन ग्रामों को चिन्हित करें। खेल मैदान के संबंध में उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायत के पास खेल मैदान नहीं है, उन्हें चिन्हित करें। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि जिन खेल मैदानों में बाउंड्री वॉल नहीं है, उनमें बाउंड्र वाल बनवाएं। जिलाधिकारी ने तहसीलदार व खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि रुचि लेकर कार्य में प्रगति कराए नहीं तो सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने ग्राम रसिन, गोंडा, रौली कल्याणपुर में बनने वाले खेल मैदान के लिए निर्देशित किया कि गांव से दूर न रहे तथा इनमें हाई मास्क ब्रेच लाइट लगाकर वालीबाल, क्रिकेट व अन्य खेल के लिए पिच बनाएं। राजस्व संबंधित समीक्षा बैठक में डीएम ने धारा 24, धारा 67, 116 के मुकदमे, वरासत, सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पैमाइश के ज्यादा प्रकरण है, इसमें तहसीलदार निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि कानूनगो कम है, तो सीनियर लेखपाल की टीम बनाकर निस्तारण कराएं। दैवीय आपदा के सम्बन्ध में कहा कि रिपोर्ट त्वरित आनी चाहिए एवं लाभार्थियों को पैसा समय से मिल जाए, यह सुनिश्चित कराए। साथ ही ओलावृष्टि की भी रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजें। आइजीआरएस पोर्टल के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण शत-प्रतिशत होने चाहिए। जिससे जिले की रैंकिंग अच्छी बने। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिला अधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह सहित संबंधित खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा निवासी किसान युवक गुलाब निषाद 28 वर्ष शनिवार को शहर में किसी काम से आया था। जो काम निपटाने के बाद शाम को अजनारी बाईपास होते हुए वापस घर जा रहा था। तभी झांसी-कानपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सहित सड़क पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। मौजूद लोगों ने खबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा होने के बाद उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के बड़े भाई उदयभान ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले ही उसकी शादी हुई थी और वह किसी काम के सिलसिले में उरई आया हुआ था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी। वहीं पति की मौत के बाद से पत्नी प्रीती का रो-रोकर बुरा हाल है।

धूमधाम से निकलेगी महाराजा खेत सिंह खंगार की शोभा यात्रा- ओंकार ठाकुर

जन एक्सप्रेस। उरई

शहर के एक होटल में अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय महा सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार ठाकुर ने बताया कि 22 दिसम्बर रविवार को महाराजा खेत सिंह खंगार की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बताया कि यह यात्रा बंगरा (माधौगढ) से होती हुयी रामपुरा तक जाएगी। यात्रा 4 पहिया व 2 पहिया वाहनों से निकली जाएगी। यात्रा मार्ग पर विभिन्न समाजिक संगठनों के बैनर यात्रा का स्वागत किया जाएगा। रामपुरा में क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधियों, प्रधानो, वरिष्ठ नागरिको का सम्मान किया जाएगा और 27 दिसम्बर को महा सभा दिल्ली में भव्य जयन्ती का आयोजन कर रही है व गढकुंडार (म.प्र.) में 3 दिवसीय मेला भी लगेगा। जिलाध्यक्ष रामरूप परिहार ने समस्त युवाओं से आग्रह किया कि अधिक संख्या में कार्यक्रम में पधारे। इस दौरान बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियो जैसे बंगरा, माधौगढ, गोहन, कमसेरा, कौशलपुर, कैथेरी, ईगुई, नूरपुर, रुरा, सिरसा, क्योलारी, चाकी, रामपुरा, सहपुरा आदि ग्रामों से लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में प्रभान, आशू, गोलू, मलखान, पवन गुप्ता, राहुल, महेन्द्र, हुकुम, नृपत, आशू, मनोज, पुनीत, पृशातं, अरविंद, मनीष, आदि की उपस्थिति रही।

नागरिकों को सूचना का कानूनी अधिकार प्रदान करता है आरटीआई अधिनियम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग द्वारा रविवार को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम और इसका मानवाधिकार एवं सामाजिक कार्यों से संबंध विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। साथ ही आरटीआई से सम्बन्धित प्रश्न-उत्तर सत्र का आयोजन किया गया।

व्याख्यान में उत्तर प्रदेश के सूचना का अधिकार आयोग के उप सचिव ज्योतिषाचार्य तेजस्कर पांडेय ने आरटीआई अधिनियम के विभिन्न पहलुओं, इसके सामाजिक महत्व और इसके माध्यम से पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। बताया कि यह अधिनियम न केवल लोकतांत्रिक शासन की मजबूती के लिए एक सशक्त साधन है, बल्कि यह मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक कार्यों को प्रभावी बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह अधिनियम नागरिकों को सूचना प्राप्त करने का कानूनी अधिकार प्रदान करता है। आरटीआई अधिनियम ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को उनकी समस्याओं को सुलझाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का एक सशक्त माध्यम प्रदान किया है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आरटीआई के प्रभावी उपयोग के माध्यम से सामाजिक बदलाव लाया जा सकता है और इसे मानवाधिकारों के लिए एक सशक्त उपकरण के रूप में अपनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान तेजस्कर पांडेय ने सूचना का अधिकार अधिनियम का संस्कृत अनुवाद भी विश्वविद्यालय के आजीवन कुलाधिपति जगदुरु रामभद्राचार्य महराज को भेंट किया। इस पर कुलाधिपति ने कहा कि यह प्रयास छात्रों को न केवल सूचना के अधिकार के महत्व को समझने में मदद करेगा, बल्कि भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत के महत्व को भी उजागर करेगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने सूचना का अधिकार अधिनियम के सही और गलत उपयोग पर चर्चा करते हुए कहा कि यह अधिनियम पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देने का एक प्रभावी उपकरण है, लेकिन इसके दुरुपयोग से बचने की भी उतनी ही आवश्यकता है।

प्लेटफार्म पर गिरने से जीआरपी सिपाही घायल

जन एक्सप्रेस। कालपी

नगर के रेलवे स्टेशन में ड्यूटी कर रहे जीआरपी सिपाही प्लेटफार्म पर फिसलकर गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। घायल सिपाही को सीएचसी में भर्ती कराया गया। राजकीय रेलवे पुलिस चौकी में तैनात सिपाही रमाकांत 36 वर्ष नगर के रेलवे स्टेशन में ड्यूटी कर रहा था। तभी डियूटी के दौरान प्लेटफार्म पर अचानक उसका पैर फिसल गया और वह घायल हो गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे साथी कांस्टेबलो ने उसे तत्काल उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. गोपाल जी द्विवेदी ने घायल सिपाही का तत्काल उपचार शुरू कर दिया।

मौरम भरने जा रहे डंपर ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत-दो गंभीर

- घटना से गुस्साय ग्रामीणों ने काटा हंगामा, सीओ सहित कई थानों का फोर्स पहुंचा मौके पर

जन एक्सप्रेस। उरई

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंधौली मार्ग डंपर ने बाइक पर सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमिरिया निवासी वीर सिंह उर्फ वीरू 23 वर्ष अपने दो साथियों के साथ किसी काम के सिलसिले में उरई आया हुआ थ। बताया गया कि काम निपटाने के बाद जब वह साथियों सहित वापस लौट रहा था। तभी बंधौली मार्ग पर जा रहे डंपर ने मम्मी होटल के पास उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें वीर सिंह उर्फ वीरू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार साथी धर्मेंद्र सिंह व सत्यम राजपूत घायल हो गए। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई और ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं दुर्घटना से गुस्साए ग्रामीणो हंगामा काटते हुए खदान संचालक को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। मामला बढ़ते देख सीओ सिटी उमेश पांडे मौके पर पहुंच गए और उन्होंने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया। फिलहाल इस दौरान उरई कोतवाली, कोटरा थाना समेत कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई थी।

विज्ञान प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना

जन एक्सप्रेस। पहाड़ी, चित्रकूट

ब्लाक स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में चयनित हुए विद्यार्थियों को रविवार को शैक्षिक भ्रमण के लिए प्रयागराज रवाना किया गया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।

बीएसए बीके शर्मा ने बताया कि बताया कि बीती 28 अक्टूबर को हुई राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। जिसमें पुरस्कृत बच्चों को शैक्षिक उन्नयन के लिए शैक्षिक भ्रमण टूर को प्रयागराज भेजा गया है। जिससे बच्चे वहां की ऐतिहासिक जानकरी प्राप्त कर सकेंगें। बताया कि शैक्षिक भमण के लिए ओरा, इटौरा, अर्जुनपुर, तौरा, लमियारी, गडौली, बक्टा खुर्द, खोपा, भदेदू, कलवारा खुर्द, बालापुर खालसा सहित दर्जनों विद्यालय से कुल 90 बच्चों का एक दिवसीय टूर पहाड़ी से प्रयागराज के लिए रवाना किया गया है। जिसमें बच्चें वैज्ञानिक, ऐतिहासिक धरोहरों, संग्रहालयों, तारा मण्डल, आनन्द भवन आदि का भ्रमण करेंगे। बच्चों की सुरक्षा एवं टूर को सही ढंग से सम्पन्न कराने के लिए एक नोडल शिक्षक सहित सात सदस्य शिक्षकों का दल भी रवाना किया गया है। प्रयागराज की ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में बच्चों के भ्रमण करने के बाद निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरुस्कार व प्रमाण-पत्र देकर उत्साहवर्धन किया जायेगा। खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार ने बताया की शैक्षिक भ्रमण में अभिभावकों की सहमति से छात्रों को भेजा गया है। साथ ही सभी बच्चों को शर्ट, पेन, बैग, कॉपी, कैप आदि सामग्री दी गयी हैं। जिससे बच्चे अपने अनुभव एवं ज्ञान की बातों को भ्रमण के दौरान नोट कर सके।

शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम नोडल शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह, कधई प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, दीपिका सिंह, उमेश सिंह, पुष्पराज सिंह, रामनारायण साहू, नेहा द्विवेदी, दीपमाला की देखरेख मे संचालित होगा।

दिव्यांगता से बच्चों को बचाने के लिए पोलियो की दवा पिलाना जरूरी : डीएम

जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला महिला अस्पताल में पल्स पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ पोलियो की ड्राप पिलाकर किया। डीएम ने कहा कि दिव्यांगता से बच्चों को बचाने के लिए पोलियो की दवा पिलाना जरूरी है। पोलियो की बीमारी जन्म के समय और जन्म के बाद भी हो सकती है, इसलिए दवा पिलाने में लापरवाही न बरते। जो भी टीमें दवा पिलाने आए, उनका सहयोग करते हुए दवा पिलाने का काम करें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के जिले में 1188 बूथ बनाए गए है।

जिन पर आज 0 से पांच साल तक के 212747 बच्चों को दवा पिलाई जा रही है।आज दवा पीने जो बच्चे छूट जाएंगे, उन्हें दवा पिलाने के लिए नौ दिसंबर से 13 दिसंबर 2024 तक 590 टीमें 331802 घरों में घर घर जाकर दवा पिलाने का काम करेगी। घर घर जाने वाली टीमों के पर्यवेक्षण के लिए 190 पर्यवेक्षकों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को घर घर भ्रमण के बाद गांव के बाहर या बीमार बच्चे जो दवा पीने से छूट गए है, उन्हें दवा पिलाई जाएगी। इसके अलावा यात्रा करने वाले बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए 41 ट्रांजिट टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अभियान की रोजाना शाम को समीक्षा बैठक होगी। अभियान के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह, डॉ. अरविंद भूषण, डॉ. आनंद प्रकाश वर्मा, जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. सुनीता बनौधा, डॉ. अविनेश कुमार, डॉ. एसके पाल, अपर शोध अधिकारी आरपी विश्वकर्मा, अंकिता त्रिपाठी, डब्लूएचओ की एमएसओ डॉ. शालिनी सिंह, यूएनडीपी के अजय महलेले, यूनीसेफ के अमर सिंह, सुशील मौर्या, संदीप गहोई, मुकेश शुक्ला आदि लोग प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

पल्स पोलियो अभियान शुरु, जीरो से पांच वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सयुंक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर में रविवार को माह दिसम्बर के अंतर्गत पल्स पोलियो एनआईडी अभियान की शुरुआत जिला चिकित्सालय के बूथ संख्या 21 का शुभारम्भ कर किया गया। पोलियो बूथ का शुभारम्भ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी व मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ शैलेन्द्र कुमार ने रिबन काटकर व नवजात बच्चों को पोलियो की खुरॉक पिलाकर किया गया। शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने जनपदवासियों से अपील की कि जीरो से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को जनपद की समस्त चिकित्सा इकाईयो में आठ से 16 दिसम्बर तक आयोजित हो रहे पोलियो अभियान के तहत पोलियो की दवा पिलवाएं। बताया कि इस अभियान में पोलियो बूथ में एवं घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुरॉक पिलाई जाएगी। बताया कि इस अभियान में 1,75,760 बच्चों को पोलियो की खुरॉक पिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ जीआर रतमेले एंव डीपीएम आरके करवरिया ने पल्स पोलियो एनआईडी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।पोलियो बूथ के शुभारम्भ अवसर पर एएनएम रीता रैकवार ने 28 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान रीतू देवी, सत्तार अली ने भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। पोलियो बूथ के शुभारम्भ की व्यवस्था एवं संचालन में चीफ फार्मासिस्ट एवं उनके स्टाफ ने सहयोग दिया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतारया, उप मुख्य चिकित्साधिकारी/ प्रभारी शहरी पीएचसी कर्वी डॉ अरूण पटेल, एलएमओ डॉ तनुश्री अप्पा, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ आरबी लाल, डॉ आशुतोष, ज्ञानचन्द्र शुक्ला, रूपनरायण यादव, रामनारायण कुशवाहा, जय प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

पत्नी से हुई कहासुनी के बाद फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। नदीगांव थाना क्षेत्र के लोई में पत्नी से हुई कहासुनी के बाद युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लोई निवासी स्वरूपे 45 वर्ष का पत्नी सुषमा के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पत्नी से हुए विवाद से क्षुब्द होकर वह खेतों पर गया और बबूल के पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। खेत में लगे बबूल के पेड़ पर लटक रहे शव को देखकर पास के खेतों में काम कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया और उन्होंने खबर उसके परिजनों व पुलिस को दी। खबर मिलते ही ग्रामीणों सहित परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। वहीं खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि वह एक गरीब मजदूर था और मजदूरी करने अपने परिवार को भरण पोषण करता था।

महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय को नैक से ए डबल प्लस ग्रेड मिलने पर प्रसन्नता का माहौल

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) बैंगलोर द्वारा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को ए डबल प्लस की ग्रेडिंग प्रदान करने पर ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के साथ ग्रामोदय के शिक्षक, शोधार्थी, अधिकारी, विद्यार्थी ने कामदगिरि की परिक्रमा कर भगवान कामतानाथ के दर्शन किए और संत-महात्माओं से आशीर्वाद लिया।

नैक द्वारा ए डबल प्लस की ग्रेडिंग दिए जाने पर ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कामदगिरि की परिक्रमा व दर्शन करने के बाद ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति एवं भारतरत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के आवास सियाराम कुटीर जाकर नानाजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। महर्षि वाल्मीकि सभागार में हुए कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित नैक के ए डबल प्लस ग्रेड के लिए दूरभाष पर बधाई व शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के विश्वविद्यालय आगमन और सतत मार्गदर्शन से प्राप्त ऊर्जा को आत्मसात कर ग्रामोदय परिवार निष्ठा और ईमानदारी के साथ ग्रामोदय लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के सहयोग से मिली परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की अर्जित समस्त उपलब्धियों का श्रेय ग्रामोदय परिवार के प्रत्येक शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधकर्ता, विद्यार्थी और पेड़-पौधों आदि को भी जाता है।

उन्होंने ग्रामोदय परिवार के सभी लोगों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी, संकायाध्यक्ष गण प्रो अमरजीत सिंह, प्रो एस के चतुर्वेदी, प्रो शशि कांत त्रिपाठी, डॉ आञ्जनेय पांडेय, डॉ सुधाकर मिश्रा आदि ने अपने विचार रखें। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी में धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में ग्रामोदय परिवार के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधकर्ता, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 09 दिसंबर, 2024

किसानों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च टाला...

पटियाला। पंजाब के 101 किसान रविवार (8 दिसंबर) को दोपहर 12 बजे पैदल शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन पुल पर हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। करीब पौने 4 घंटे बाद जत्थे को वापस लौटना पड़ा। शुरुआत में पुलिस और किसानों के बीच बहस हुई। ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

दूध के उत्पादन में यूपी की बादशाहत बरकरार

नंद बाबा, गोकुल मिशन, दुग्ध उत्पादन समितियों को प्रोत्साहन व नस्ल सुधार के कार्यक्रम दे रहे शानदार परिणाम

- पशुपालकों के हित में लगातार कदम उठा रही योगी सरकार
- दूध के अलावा सह उत्पादों को भी आर्थिक रूप से उपयोगी बना रही सरकार
- डेयरी क्षेत्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक प्रभावी जरिया

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

बेसिक एनिमल हसबेंडरी स्टैटिक्स 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार देश में दूध का कुल उत्पादन 239.30 मिलियन टन है। इसमें उत्तर प्रदेश का योगदान सर्वाधिक, करीब 16 फीसद का है। इसके बाद क्रम से राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब का नंबर आता है। इस तरह दूध के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की बादशाहत बरकरार है। इसकी एक बड़ी वजह इस सेक्टर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि और अपने पहले कार्यकाल से ही पशुपालकों के हित में उठाए गए कदम हैं। सरकार प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक पशुपालकों को प्रोत्साहन देने के लिए उनको नंद बाबा और गोकुल पुरस्कार से सम्मानित करती है। पिछले दिनों नस्ल सुधार के जरिए उत्पादन बढ़ाने के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार ने प्रदेश सरकार से सहयोग की इच्छा जताई थी। सरकार नस्ल सुधारने के लिए सेक्स शॉर्टेज तकनीक (इसमें सिर्फ बछिया होने की संभावना 90 फीसद से अधिक होती है) का प्रयोग कर रही है। गोरखपुर में खुलने वाले राजकीय पशु चिकित्सा महाविद्यालय भी नस्ल सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पीसीडीएफ और दुग्ध संघ सहकारिता से समृद्धि के नारे को साकार करें: सीएम

सहकारिता से समृद्धि सरकार का नारा है। डेयरी सेक्टर में सहकारिता से चमत्कार संभव है। दुनिया का सबसे मजबूत ब्रांड अमूल इसकी मिसाल है। इसलिए सरकार इस पर सरकार का खासा फोकस है। हाल ही मेंमुख्यमंत्री के समक्ष प्रादेशिक कॉआपरेटिव डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) का प्रस्तुतिकरण हुआ था। इसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि दुग्ध संघों में हर स्तर पर जवाबदेही तय करते हुए कार्य के टारगेट तय किये जाएं। दुग्ध संग्रह क्षमता बढ़ाते हुए दूध की गुणवत्ता परीक्षण के कार्यों को बेहतर करने करें। समिति से जुड़े कर्मियों का उचित प्रशिक्षण कराया जाये, उन्हें दूध की गुणवत्ता जांचने वाले जरूरी उपकरण उपलब्ध कराये जाएं और समितियां एक दूसरे से स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा करें। पशुपालकों से संवाद बढ़ाएं। सरकार के इन कदमों से डेयरी संघों की दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि होगी और किसानों की आय भी बढ़ेगी।

छोटे और भूमिहीन किसानों को होता है पशुपालन से सर्वाधिक लाभ

अधिकांश पशुपालक कम जोत वाले या भूमिहीन किसान हैं। इनके द्वारा पाले जाने वाले दुधारू पशु इनके लिए एटीएम सरीखे हैं। पशुपालन में हुए किसी भी अच्छे कार्य का बेहतर असर इन पर ही पड़ेगा। यह तबका योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपनी पहली कैबिनेट में ही लघु और सीमांत किसानों का एक लाख रुपये तक का ऋण माफ कर वह इसे साबित भी कर चुके हैं। पशुपालन को प्रोत्साहन भी उसकी एक कड़ी है।

दूध के अलावा सह उत्पादों को भी आर्थिक रूप से उपयोगी बना रही सरकार

योगी सरकार पशुपालकों के अधिकतम हित में दूध के साथ गोबर, गोमूत्र आदि को भी आर्थिक रूप से उपयोगी बना रही है। मुख्यमंत्री का साफ निर्देश है किगोबर से कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लाण्ट स्थापित किये जाएं।

डेयरी क्षेत्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक प्रभावी जरिया

डेयरी सेक्टर महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रभावी जरिया है। सेक्टर में काम करने वाली महिलाओं की संख्या भी सर्वाधिक है। ऐसे में इस सेक्टर से महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने की जरूरत है। कुछ जगहों पर महिलाओं का समूह इस सेक्टर में अनुकरणीय काम भी कर रहा है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी इसका उदाहरण है। आने वाले समय में दुग्ध सहकारी समितियों और दुग्ध संघों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का भी मुख्यमंत्री का साफ निर्देश है।

सुधरेगी जन और जमीन की सेहत

दूध का उत्पादन और प्रति व्यक्ति प्रति ग्राम दूध की उपलब्धता बढ़ने से लोगों की सेहत सुधरेगी। यह लगातार बढ़ भी रही है। 2021 में प्रति व्यक्ति प्रति ग्राम दूध की उपलब्धता 321 ग्राम थी। 2024 में यह बढ़कर 471 ग्राम हो गई। दूध के उत्पादन की सालाना वृद्धि दर 3.78त्न है। स्वाभाविक है कि इसमें सर्वाधिक उत्पादन के नाते उत्तर प्रदेश का योगदान भी सर्वाधिक है।

यूपी में पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी 4 हजार से अधिक मामलों में दर्ज की गई गिरावट

योगी सरकार के नेतृत्व में फसल अवशेष प्रबंधन से प्रदूषण में आई भारी कमी, पराली जलाने की घटनाओं में भी दर्ज की गई गिरावट

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

योगी सरकार ने कृषि और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि प्रदेश में पिछले सात वर्षों में लगातार पराली जलाने की घटनाओं में तेजी से गिरावट हो रही है। प्रदेश में वर्ष 2017 में जहां पराली जलाने के 8,784 मामले दर्ज किये गये थे, वहीं वर्ष 2023 में 3,996 ही मामले सामने आए हैं। अगर पिछले सात वर्षों में नजर डालें तो पराली जलाने के 4,788 मामलों में कमी दर्ज की गयी है। योगी सरकार की नीतियों के जरिये प्रदेश के अन्नदाता पराली को जलाने की जगह उससे अपनी आय बढ़ा रहे हैं। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सुधार हुआ है।

हर वर्ष लगभग 2.096 करोड़ मीट्रिक टन पराली का हो रहा उत्पादन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पराली प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में हर वर्ष लगभग 2.096 करोड़ मीट्रिक टन पराली का उत्पादन होता है। इसमें से 34.44 लाख मीट्रिक टन चारा व 16.78 लाख मीट्रिक टन अन्य उपयोग में लाया जा रहा है। इसी तरह 1.58 करोड़ मीट्रिक टन पराली इन-सीटू एवं एक्स-सीटू मैनेजमेंट के जरिये निस्तारित किया जा रहा है। यही वजह है कि योगी सरकार द्वारा उठाए गए सटीक प्रबंधन की वजह से पराली जलाने की घटनाओं में बड़ी गिरावट आई है। इससे प्रदेश में प्रदूषण में भी कमी आई है। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंच रहा है बल्कि किसानों को उनके अवशेषों के औद्योगिक और घरेलू उपयोग के माध्यम से आय के नए स्रोत उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

सबसे कम फतेहपुर में पराली जलाने के 111 मामले आए सामने

योगी सरकार द्वारा पराली के औद्योगिक उपयोगी की पहल से धान के भूसे को औद्योगिक और घरेलू उत्पादों में उपयोग करने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के कई अवसर सृजित हुए है। इसके अलावा जैविक खेती और एलसीवी (लीफ कम पोस्ट वेस्ट) के उपयोग को बढ़ावा देकर मिट्टी की उर्वरता में सुधार किया गया। इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई और उन्हें नए बाजारों में प्रवेश करने का मौका मिला। वहीं पराली जलाने की घटनाओं को नियंत्रित करने में कई जिलों ने अहम भूमिका निभायी है। इनमें सबसे कम घटनाएं महाराजगंज में 468, झांसी में 151, कुशीनगर में 118 और फतेहपुर में 111 में दर्ज की गईं। इन जिलों ने बेहतर प्रबंधन और जागरूकता अभियानों के माध्यम से शानदार प्रदर्शन किया है। बता दें कि प्रदेश में साढ़े सात वर्ष पहले पराली जलाने की समस्या जो लंबे समय से पर्यावरण प्रदूषण का कारण बनी हुई थी, आज पूरी तरह से नियंत्रण में है। मुख्यमंत्री योगी सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने के प्रयासों से प्रदूषण के स्तर में कमी आई है।

प्रॉपर्टी डीलर अपनी साइड चमकाने के लिए हरे-भरे आम के पेड़ों पर चलवा रहे हैं आरा

- लकड़ी माफिया हरे-भरे आम के पेड़ों पर बेखौफ होकर चला रहे आरा वन विभाग अधिकारी मौन
- प्रॉपर्टी डीलर इसी की आड़ में ऊसर की जमीन पर भी कर रहे हाथ साफ

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से करीब 200 आम के जवान पेड़ों पर लकड़ी माफिया रात के अंधेरे में चला रहे आरा। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत टेड़वा की खसरा संख्या 273, 274, 275 पर लगी जवान आम के हरे भरे करीब 200 पेड़ जो हर वर्ष अच्छी फसल देते आ रहे हैं। जिसके मालिक आसिफ, कारिब, नौशाद अलि, मेराज व शमशाद व अन्य के नाम है जिस पर करीब 200 आम के जवान पेड़ लगे हैं। उस जमीन को क्षेत्रीय प्रॉपर्टी डीलरों को बेच दिया, प्रॉपर्टी डीलरों ने अपनी साइट चमकाने के लिए लकड़ी माफिया को हरे भरे आम के पेड़ों पर बलि चढ़ाने का ठेका दे दिया, ठेका मिलते ही लकड़ी माफिया हर रात जवान पेड़ों की बलि दे रहें हैं। शिकायतकर्ता इरशाद ने बताया कि हमारी पुश्तैनी जमीन है जिसे हमारे पिता व हमारे चाचाओं ने बेच दिया और हर रोज रात को आम के पेड़ काटे जाते हैं अभी तक करीब 80 पेड़ काटे जा चुके हैं और काटे गए पेड़ों की जड़ों को जेसीबी मशीन लगाकर उखाड़ कर मिट्टी से पाट दिया जा रहा है संबंधित अधिकारीयों की मिली भगत है। यही नहीं मुझे भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं कि अगर तुमने इसकी कहीं शिकायत की तो अंजाम भुगतना पड़ेगा, यही नहीं प्रॉपर्टी डीलर खरीदी जमीन के साथ-साथ ऊसर की सरकारी जमीन पर भी अवैध कब्जा कर प्लाटिंग में तब्दील कर और बेचकर कमाना चाह रहें हैं मोटी रकम।

> मेरी जानकारी में नहीं है की ग्राम टेड़वा में पेड़ काटे जा रहे हैं।
> **मंगतू, क्षेत्रीय वन अधिकारी**



बीकेटी विधायक ने गति विवान बायोगैस एनर्जिया प्लान्ट का किया स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ जिले के बक्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के बिंधौरा में बन रहे गति विवान बायोगैस एनर्जिया प्लान्ट का बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने स्थलीय निरीक्षण किया। बता दें कि यह प्लान्ट भारत का पहला ऐसा प्लान्ट है जिसकों एक दम कॉम्पैक्ट बनाया गया हैं। इसमें जर्मनी,बेल्जियम एवं ऑस्ट्रेलिया की अत्याधुनिक तकनीकि का प्रयोग करके विकसित किया जा रहा हैं, जिसमें किसानों के खेती से निकले अवशिष्ट जो अनुपयोगी होते हैं जैसे पराली, आलू के पौधे,बाजरा अवशिष्ट आदि से बायोगैस सीएनजी का उत्पादन होगा। वहीं इस प्लान्ट के बनने के बाद 24 टन प्रोडक्शन बायो सीएनजी गैस प्रतिदिन बनेंगी।

कार्यालय नगर पंचायत कदौरा (जालौन)

पत्रांक :- 133/न0पं0 कदौरा / सार्वजनिक सूचना/2024-25 **दिनांक 12 अगस्त, 2024**

सार्वजनिक सूचना

(ODF++ खुले में शौंच से मुक्त हेतु सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कदौरा, जनपद- जालौन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत नगर पंचायत ऊमरी के समस्त 12 बार्डो से निकलने वाले Faecal Sludge को भारत सरकार के द्वारा जारी (ODF++) गाईड लाईन में दी गयी DRE (Deep Row Entrenchment) पद्धति से नगर पंचायत कदौरा के समस्त 12 बार्डो से निकलने वाले Faecal Sludge का निस्तारण किया जाता है। निम्नलिखित बार्डो में खुले में शौच मुक्त (ODF++) से सम्बन्धित यदि किसी भी व्यक्ति / सामाजिक संस्था को कोई आपत्ति / सुझाव है, तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के अंदर कार्यालय में कार्य दिवस में लिखित रूप से अपनी आपत्ति / सुझाव दे सकता है।

निम्नलिखित बार्डो को खुले में शौच मुक्त (ODF++) घोषित किया जाना है।

क्रमांक	वार्ड नं0	बार्ड का नाम	अभ्युक्ति
1	1	इस्लामाबाद	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)
2	2	बम्हौरी	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)
3	3	पुरवा	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)
4	4	अम्बेडकर नगर	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)
5	5	सिद्धार्थ नगर	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)
6	6	कटरा अस्तबल	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)
7	7	बाजार	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)
8	8	सीर व्यासपुरा	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)
9	9	चिलपुरा फर्राशखाना	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)
10	10	पुराना बाजार	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)
11	11	हवेली	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)
12	12	इस्लामाबाद पश्चिमी	खुले में शौच से मुक्त किया जाता है। (ODF++)

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कदौरा-जालौन

अध्यक्ष
नगर पंचायत कदौरा-जालौन

कार्यालय नगर पंचायत कदौरा (जालौन)

पत्रांक - 170/न0पं0 कदौरा/अधिसूचना/2024-25 **दिनांक 13 सितम्बर 2024**

अधिसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कदौरा के सीमान्तर्गत निर्मित भवनो, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सरकारी कार्यालयो, विवाह घरो, निजी संस्थाओ आदि से सेप्टिकटैंको से निकलने वाली गंदगी/मल Faecal Sludge को प्रति तीन वर्षो में खाली कराना आवश्यक है तथा Faecal Sludge को खुले में या तालाब, पोखर, नदी, नालों, खेतों व अन्य खाली स्थानो में डालना पूर्णतः प्रतिबन्धित है। इससे जल, भूमि एवं वातावरण प्रदूषित होता है। यदि कोई व्यक्ति या प्राइवेट डीस्लजर ऐसा करते पाया जाता है, तो सम्बंधित व्यक्ति या प्राईवेट डीस्लजर से 5000.00 से लेकर 10,000.00 रू0 तक का जुर्माना वसूल किया जायेगा। अतः नगरवासियो से अनुरोध है कि नगर पंचायत द्वारा सेप्टिक टैंक से निकलने वाली गंदगी / मल Faecal Sludge को साफ करने हेतु सीवर सेक्शन मशीन उपलब्ध है। जिसका निस्तारण DRE (Deep Row Entrenchment) पद्धति के द्वारा किया जाता है। जिसकी निर्धारित शुल्क रू0 2,000.00 प्रति फेरा है। यदि कोई भवनो, व्यापारिक प्रतिष्ठानो, सरकारी कार्यालयों, विवाह घरो, निजी संस्थाओं आदि के मालिकों द्वारा किसी भी प्राईवेट व्यक्ति से सेप्टिटैंक साफ करता है और सफाई के दौरान किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना होती है, तो इसके लिए नियोक्ता एवं सम्बन्धित कर्मी स्वंय जिम्मेदार होगा। ऐसे व्यक्ति के खिला मैनुअल स्कैवेजर अधिनियम 2013 की धाराओं में मामला पंजीकृत कराया जायेगा।

टिप्पणी : सीवर / सेप्टिक टैंक सफाई हेतु टोल फ्री नं0 14420 अथवा मोबाईल नं0 8756339375 पर सम्पर्क करें। Email-nagarpanchaytkadaura@gmail.com

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कदौरा-जालौन

अध्यक्ष
नगर पंचायत कदौरा-जालौन

आरजीआईपीटी का आठवां दीक्षांत समारोह संपन्न

अकादमिक उत्कृष्टता एवं सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए सात छात्र-छात्राओं को मिला मेडल

जन एक्सप्रेस । अमेठी

राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस अमेठी में रविवार को संस्थान के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें वर्ष 2024 में उत्तीर्ण पीएचडी के 25,एमबीए में 37,एमटेक में 07, बीटेक रासायनिक व जैवरासायनिक अभियांत्रिकी में 16,बीटेक कम्प्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी में 67,बीटेक इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी में 31एवं बीटेक पेट्रोलियम व भूअभियांत्रिकी में 45 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान किया गया।इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी के अध्यक्ष एवं बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के कुलपति प्रो.इंद्रनील मन्ना मुख्य अतिथि,हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय के महानिदेशक डॉ.कौस्तव नाग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।तथा छात्र-छात्राओं को उपाधि व मेडल प्रदान किया।संस्थान के संचालक मण्डल के अध्यक्ष आचार्य अनिरूद्ध बी.पंडित ने समारोह की अध्यक्षता की एवं निदेशक प्रो.आलोक कुमार सिंह संस्थान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।अकादमिक उत्कृष्टता एवं सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए सात छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान किया गया।प्रेसीडेण्ट स्वर्ण पदक बी.टेक 2024 के समस्त पाठ्यक्रमों में अकादमिक उत्कृष्टता के लिए उत्कर्ष शुक्ला,निदेशक स्वर्ण पदक बी.टेक.के समस्त पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट सर्वांगीण प्रदर्शन हेतु आस्था शायला,संस्थान स्वर्ण पदक बीटेक रासायनिक अभियांत्रिकी परीक्षा में प्रथम अंशू पाण्डेय,बीटेक कम्प्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में प्रथम दिव्यांशी सिंह,बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी में प्रथम सुभ्रदीप चक्रबर्ती, बीटेक पेट्रोलियम अभियांत्रिकी परीक्षा में प्रथम उत्कर्ष शुक्ला,व्यवसाय प्रशासन परास्नातक परीक्षा में प्रथम दीपांक कुमार पाण्डेय को दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी

अकादमी एवं बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान,रांची के कुलपति आचार्य इंद्रनील मन्ना, विशिष्ट अतिथि हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ.कौस्तव नाग,निदेशक आचार्य आलोक कुमार सिंह,अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले डॉ.चंचल कुण्डु एवं कुलसचिव जितेन्द्र प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।सरस्वती वन्दना के उपरान्त निदेशक आचार्य आलोक कुमार सिंह ने दीक्षान्त समारोह आरंभ की घोषणा की। तत्पश्चात उन्होंने संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों और प्रगति का उल्लेख करते हुए छात्रों में रचनात्मकता और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन और इनोवेशन सेंटर की स्थापना, अनुसंधान और शैक्षणिक सहयोग के लिए किये जा रहे नवीन समझौतों, प्रबंधकीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन,संस्थान व्याख्यान श्रृंखला, स्कूली छात्रों आदि के लिए ज्ञान अर्पण जैसी सामाजिक उत्थान की परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।अध्यक्ष संचालक मण्डल आचार्य अनिरूद्ध बी.पण्डित ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुये शैक्षणिक संस्थान के चार महत्वपूर्ण स्तम्भों छात्र, संकाय, गैर शैक्षणिक कार्मिकों एवं पुरातन छात्रों की भूमिका व प्रमुख कर्तव्यों से अवगत कराया।तथा उपाधि धारकों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ऑनलाइन सम्मलित होकर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में ऊर्जा क्षेत्र की महत्ता से अवगत कराया।साथ ही छात्र-छात्राओं को नित नये प्रयत्न करने और देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. कौस्तव नाग ने ऊर्जा की महत्ता पेट्रोलियम उत्पादन में होने वाली समस्याओं एवं प्रक्रियाओं से अवगत कराया।तथा छात्र-छात्राओं को उसके लिए तैयार रहने तथा नवोन्मुखी सोच के लिए प्रेरित किया।उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों एवं ऊर्जा के नित नये खोजों को समान्य जन एवं देश के प्रत्येक व्यक्ति तक आसानी से पहुंचाने योग्य बनाने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही बताया की पहले हरित क्रान्ति का समय था। अब हरित ऊर्जा का समय आ गया है।

मुख्य अतिथि आचार्य इंद्रनील मन्ना ने छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों को शुभकामनायें देते हुए राष्ट्र को नई दिशा देने के लिए प्रेरित किया।और कहा कि जब कोई सीखना शुरू करता है तो अच्छे और बुरे का अन्तर समझ पाता है।सीखना एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है।और जीवन भर व्यक्ति सीखता ही रहता है।साथ ही उन्होनें बताया कि मूलतः विज्ञान और कुछ नहीं सिर्फ **क्यों और कैसे** पूछने और उसका जवाब देने की प्रक्रिया है।उन्होनें बताया कि देश के विकास का रूप बदल रहा है। तथा ऊर्जा एवं अन्य क्षेत्रों में विकास की असीमित सम्भावनाएं हैं।उन्होनें छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा करने के लिए देश एवं समाज के हित में कार्य करने की सीख दी।

संस्थान वर्तमान में पेट्रोलियम, केमिकल, कम्प्यूटर साइंस इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, गणितीय विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा के स्नातक तथा परास्नातक सहित एमबीए एवं डॉक्टरेट स्तरों पर पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है। इस अवसर पर ऊर्जा क्षेत्र के शीर्षस्थ अधिकारी,शिक्षाविद् तथा संस्थान के छात्र-छात्राएं, अधिष्ठाता,विभागाध्यक्ष आचार्य, कुलसचिव एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

न्यायिक अधिकारियों की निगरानी समिति द्वारा बालिका आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण

रायबरेली। माननीय जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रतिमा, सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व सदस्य प्रभाष त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय व श्रेया सोलंकी अपर सिविल जज(जू0डि0) द्वारा गांधी सेवा निकेतन केआश्रयगृहमेंआवासित बालिकाओं से बातचीत करके उनका हालचाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत करायासमिति के द्वारा आवासित बालिकाओं केशैक्षणिकमानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ले आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसलिंग कराये अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जो बालिकाएँ पढ़ने की इच्छुक है उनका दाखिला सम्बन्धित संस्था में कराया जाए व आवासित बालिकाओं के माता-पिता से सम्पर्क कर बालिकाओं को उनके घर भेजने का प्रयास किया जाए दौरान निरीक्षण पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति भी उपस्थित रहे।

एक्सप्रेस खबरें...

न्यायिक अधिकारियों की निगरानी समिति द्वारा बालिका आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। माननीय जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। समिति के अध्यक्षा प्रतिमा, सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व सदस्य प्रभाष त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय व श्रेया सोलंकी अपर सिविल जज(जू0डि0) द्वारा गांधी सेवा निकेतन केआश्रयगृहमेंआवासित बालिकाओं से बातचीत करके उनका हालचाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत करायासमिति के द्वारा आवासित बालिकाओं केशैक्षणिकमानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ले आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसलिंग कराये अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जो बालिकाएँ पढ़ने की इच्छुक है उनका दाखिला सम्बन्धित संस्था में कराया जाए व आवासित बालिकाओं के माता-पिता से सम्पर्क कर बालिकाओं को उनके घर भेजने का प्रयास किया जाए दौरान निरीक्षण पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति भी उपस्थित रहे।

प्रस्तावित मूल्यांकन सूची जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध: एडीएम (वि0/रा0)

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (वि 0/रा 0) अमृता सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सम्पति का मूल्यांकन नियमावली 1997 यथा संशोधित द्वितीय संशोधन वर्ष 2013 के नियम - 4 (1) के अन्तर्गत कलेक्टर द्वारा जनपद के उप जिला निबन्धन कार्यालयों के क्षेत्राधिकार हेतु प्रभावी वर्तमान सम्पत्ति मूल्यांकन दर सूची का वार्षिक पुनरीक्षण करते हुए 01 जनवरी 2025 से प्रभावी किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित मूल्यांकन सूची जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है। अपर जिलाधिकारी (वि 0/रा 0) ने समस्त जन सामान्य, उद्यमियों/विधि विशेषज्ञ/ अधिवक्तागण, विकासकर्ता एवं अन्य सम्बंधितगणों से अपेक्षा की है कि प्रस्तावित पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची के सम्बन्ध में यदि उन्हें कोई आपत्ति है, तो अपनी आपत्ति मय साक्ष्य कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबन्धन रायबरेली या जनपद रायबरेली के सम्बन्धित उप निबंधक कार्यालय में प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत कर सकते है आपत्तियों का निस्तारण के उपरान्त अन्तिम रूप से मूल्यांकन सूची 01 जनवरी 2025 से प्रभावी की जायेगी।

विद्युत विभाग ने निकाली जागरूकता रैली, उठाएं लाभ

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। शिवगढ़ उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार विद्युत विभाग शिवगढ़ के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जिससे विद्युत उपभोक्ता एकमुक्त समाधान योजना का लाभ उठा सकते हैं। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग शिवगढ़ के अधिशासी अभियंता हरेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में एकमुक्त समाधान योजना की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचने के उद्देश्य से नगर पंचायत शिवगढ़ अंतर्गत शिवगढ़ कस्बा, राम जानकी मंदिर, महेश विलास पैलेस, श्री बरखंडी महाविद्यालय शिवगढ़ में रैली निकाल कर विद्युत उपभोक्ताओं तक जानकारी पहुंचाई गई विद्युत उपकेंद्र शिवगढ़ के अधिशासी अभियंता हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया एकमुक्त समाधान योजना 15 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तब चलेगी जिसमें उपभोक्ताओं को 30 सितंबर 2024 तक के मूल बकाए का 30न पंजीकरण के रूप में जमा करना होगा। जो भी विद्युत उपभोक्ता एकमुक्त समाधान योजना का लाभ उठाना चाहते हैं वह उपरोक्त तिथि में अपना पंजीकरण करा कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना में तीन चरण होंगे जिसमें प्रथम चरण 15 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर2024 तक, द्वितीय चरण 1 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक तथा तृतीय चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी तक होगा। पंजीकरण के लिए उपभोक्ता अपने नजदीकी सी एस सी सेंटर या विद्युत उपकेंद्र शिवगढ़ पर कर सकते हैं। इस योजना की अधिक जानकारी के लिए विद्युत उपभोक्ता विद्युत उपकेंद्र शिवगढ़ पर पहुंचकर जानकारी प्राप्त करें इस मौके पर एसडीओ प्रमोद कुमार वर्मा तथा लाइन स्टाफ मोहन श्रीवास्तव, रविशंकर, राजू, दिनेश, रामशरण, रामकरण, मनोज, जय सिंह, देवराज, कुलदीप, दिवाकर सैनी, कमलेश सिंह, पुत्तीलाल, अमरेंद्र, राम प्रकाश, अंकित, जवाहर, संतदयाल उपस्थित रहे।

प्रदेश में व्याप्त है जंगल राज: सांसद नीरज मौर्य

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल शैलेंद्र मौर्य एवं उनके छोटे भाई संदीप मौर्य निवासी ग्राम गोठिया, मजरे तिवारीपुर, थाना सलोन रायबरेली पहुँचा। जहाँ पर विगत 2 दिसम्बर, 2024 को अपनी रिस्तेदारी निमंत्रण में ग्राम अपराह्तन का पुरवा, मजरे डिडौली, थाना ऊँचाहार, जनपद रायबरेली गये शैलेन्द्र मौर्य व संदीप मौर्य पर दबंग प्रवत्ति के लोगों द्वारा उपरोक्त दोनों भाइयों पर जानलेवा हमला किया गया जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आई इलाज के दौरान ही शैलेंद्र मौर्य की मृत्यु हो गई एवं संदीप मौर्य गम्भीर स्थिति में एम्स रायबरेली में भर्ती है पीड़ित परिवार से मिलने एवं शोक संवेदना व्यक्त करने व वस्तुस्थिति से अवगत होने हेतु नीरज मौर्य सांसद लोकसभा, आर.एस. कुशवाहा पूर्व मंत्री, इं0 विनीत कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष छात्रसभा, इं0 वीरेंद्र यादव जिलाध्यक्ष सपा रायबरेली, श्याम सुंदर विधायक, राहुल लोधी विधायक, राजेश मौर्य जिला उपाध्यक्ष, पुत्तन सिंह यादव विधानसभा अध्यक्ष के साथ पहुंचा जहां पर पीड़ित परिवार के पिता श्री बद्री प्रसाद मौर्य, माता श्रीमती भगवन्ता एवं मृतक शैलेन्द्र की पत्नी श्रीमती सुनीता एवं बहन कु0 पूजा व परिवारीजनों एवं ग्रामवासियों से घटना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। उपस्थित मीडिया से वार्ता करते हुए प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य सांसद नीरज मौर्या नें कहा कि योगी सरकार में उ0प्र0 में अपराध चरम पर है जंगल राज कायम है पिछड़ों दलितों, अल्पसंख्यकों के ऊपर अत्याचार किये जा रहे है। पूर्व मंत्री आर0एस0 कुशवाहा नें कहा समाजवादी पार्टी इस निर्धन परिवार के दुःख की इस घडी में न्याय दिलाने हेतु प्रतिबद्ध है, उ0प्र0 सरकार से मांग है कि परिवार को एक करोड़ रूपये की धनराशि एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग की है। उसके उपरान्त संदीप मौर्य के स्वास्थ्य का हाल चाल लेने प्रतिनिधि मण्डल एम्स रायबरेली पहुंचा जहां पर चिकित्सकों से वार्ता कर बेहतर इलाज के निर्देश दिये। प्रतिनिधि मण्डल नें पुलिस अधीक्षक रायबरेली एवं अन्य पुलिस अधिकारियों से भी दोषियों को दण्डित करने एवं पीडित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के महासचिव मो0 अरशद खान, आर0पी0 यादव, मुशीर अहमद, डा0 शशिकांत शर्मा, अखिलेश यादव, सुरेश पटेल, शुभम लोहिया, रेहान कजियाना, आकाश मौर्या, ओ0पी0 यादव, देशराज यादव, राम नरेश, आशीष यादव, राहुल मौर्य, विनय यादव, अरूण प्रताप, उमाशंकर चौधरी विनायक सोनकर सहित सैकड़ों नेतागण उपस्थित रहे।

गुरूकुल महाविद्यालय पुरासी में एक दिवसीय शिविर आयोजित

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

महराजगंज गुरुकुल महाविद्यालय हलोर पुरासी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विश्व एड्स दिवस परजागरूकता कार्यक्रम एवं एक दिवसीयशिविर का आयोजन हुआकार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में एक संगोष्ठी सहित स्लोगन, रंगोली तथा भाषण प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डा. प्राजंलि शुक्ला ने किया इस मौके पर मौके पर प्रवक्तागण पूजा अवस्थी अमित पांडेय आकांक्षा पांडेयनिधि सिंह सहित अन्य शिक्षक पर कर्मचारी भी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रभा शुक्ला ने किया कार्यक्रम में महाराजगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सालय के बीसीपीएम शिवाकांत तिवारी, एएनएम नेहा, सीएचओ फरहान अली भी उपस्थित हुए जिन्होंने इस गंभीर बीमारी के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुये इसके रोकथाम का उपाय बताया।

जिलाधिकारी ने 'नि:क्षय वाहन' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रायबरेली सहित 15 जनपदों में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान शनिवार से शुरू हुआ जो कि 24 मार्च 2025 को खत्म होगा। जनपद में इस अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बचत भवन से किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने मोबाइल मेडिकल यूनिट **नि:क्षय वाहन** को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान का शुभारम्भ करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि **नि:क्षय वाहन** समुदाय में जाकर व्यापक प्रचार प्रसार तथा अन्य गतिविधियां करेंगे। प्रधानमंत्री ने साल 2025 में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है जिसमें अब ज्यादा समय नहीं रह गया है। हम सभी को इस लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयास करना हैं। टीबी संक्रमण को रोकने, नए टीबी रोगियों को खोजने और टीबी से होने वाली मौतों में कमी लाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है।

यह अभियान स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य 18 विभागों के सहयोग से चलेगा। केंद्र सरकार द्वारा रायबरेली सहित ऐसे 15 जनपदों को चिन्हित किया गया है जहाँ पर टीबी से होने वाली मौतों की दर साल 2023 की राष्ट्रीय दर 3.6 फीसद के बराबर या अधिक है।

साथ ही नये टीबी रोगियों और संभावित टीबी रोगियों की पहचान की दर राष्ट्रीय औसत से कम है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि लक्षणों के आधार पर संभावित टीबी मरीजों की पहचान कर अभियान के दौरान टीबी के सक्रिय रोगियों को ढूंढते हुए उनके संपर्क में आये रोगियों की जल्द से जल्द पहचान की जाएगी और उनका गुणवत्तापूर्ण इलाज शुरु किया जायेगा। इसके अलावा गाँव से लेकर उच्च स्वास्थ्य इकाइयों पर टीबी की स्क्रीनिंग बढ़ायी जाएगी। उच्च जोखिम वाले रोगियों जैसे- 60 साल से अधिक आयु वर्ग के लोग, 18.5 किग्रा/मी 2 से कम बीएमआई वाली कुपोषित जनसंख्या, डायबिटीज एवं एचआईवी रोगी, धूम्रपान एवं नशा करने वाले व्यक्ति, इलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों के साथ रहने वाले तथा इलाज पूरा कर चुके व्यक्ति पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। टीबी से होने वाली हर मौत का डेथ ऑडिट किया जायेगा।

इसके साथ ही पोषण पर भी पूरा ध्यान देते हुए योजना के तहत इलाज के दौरान 1000 रुपये की राशि और अन्य सेवाएं दी जायेंगी। इसके साथ ही टीबी मरीजों के परिवार के सदस्यों और उच्च जोखिम वाले समूहों को टीबी प्रीवेंटिवट्रीटमेंट(टीपीटी) दिया जाएगा इसके अलावा निक्षय मित्रों द्वारा अधिक से अधिक टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अनुपम सिंह, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शम्स रिजवान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के दरीक्षा अख्तर, प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका वंदना श्रीवास्तव, एनटीईपी के सदस्य लोकेश श्रीवास्तव और के.के. श्रीवास्तव ने दो-दो तथा व्यापारी सुनील श्रीवास्तव ने 10 क्षय रोगियों को गोद लियाइस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस.अस्थाना एनटीईपी के सदस्य आदि मौजूद रहे। रायबरेली सहित 15 जनपदों जहाँ चलेगा सघन टीबी अभियान अमेठी, अयोध्या, बाराबंकी बस्ती देवरिया इटावा फर्रुखाबाद हाथरस पीलीभीत प्रतापगढ़, रामपुर, सिद्धार्थनगर सीतापुर एवं सुल्तानपुर में चलाया जायेगा।

डीएम ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला अस्पताल परिसर के बूथ से पल्स पोलियों अभियान के अन्तर्गत बूथ डे के अवसर पर बच्चों को पोलियों की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को पोलियों मुक्त रखने के लिए अभियान में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाएं। शत प्रतिशत बच्चों को पोलियों की खुराक से आच्छादित किया जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 1672 बूथ बनाए गए हैं जहां पर 0 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जनपद के कुल 380205 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है, जो बच्चे रविवार को पोलियो की खुराक पीने से छूट जाएंगे उन्हें अगले 5 दिनों तक टीम द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी नवीन चंद्रा को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां पूर्ण करा ली जाए समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान करेंगे। इस अवसर पर डॉ0 प्रदीप अग्रवाल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0 पी0के0 बैसवार, डॉ0 अरुण कुमार जिला प्रशिक्षण अधिकारी, डॉ0 अरविंद कुमार, डॉ0 राकेश यादव, डॉ0 शरद कुमार, डी0एस0 अस्थाना विनय पाण्डेय, वंदना त्रिपाठी, डॉ0 सी0एल0 पटेल सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सीएमओ ने आरोग्य मेले और पोलियो अभियान का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । अमेठी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला और पोलियो अभियान का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने पीएचसी नेवादा में आयोजित आरोग्य मेले का दौरा कर चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। मेले में बाइस मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा उन्होंने सादिपुर पोलियो बूथ का भी निरीक्षण किया।

जहां अब तक 154 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा चुकी थी। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आरोग्य मेले में मरीजों से संवाद किया।और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने मातहतों को निर्देश दिया कि चिकित्सा सेवाओं को जरूरतमंदों तक शीघ्रता और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए।इसके साथ ही उन्होंने सादिपुर पोलियो बूथ पर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई। सीएमओ ने कहा कि पोलियो जैसी बीमारियों के उन्मूलन के लिए समाज का हर व्यक्ति सहयोग प्रदान करें। जनता को पोलियो टीका करण के महत्व के प्रति जागरूक किया। और अपील की

कि हर बच्चा इस खुराक से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला और पोलियो अभियान स्वस्थ समाज की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उनका उद्देश्य न केवल इलाज उपलब्ध कराना है,बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करना है।और यह भी आश्वासन दिया कि आयुष्मान आरोग्य मेला और पोलियो अभियान जैसे कार्यक्रम जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे।

पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस में पल्स पोलियो अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया।इस दौरान सीएमओ ने बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलाई और अभियान की शुरुआत की।उन्होंने बताया कि जनपद में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।जिले में 1157 बूथों पर कुल 305089 लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।नौ से तेरह दिसंबर तक स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाएगी।उन्होंने बताया कि जो बच्चे छूट जाएंगे उन्हें 16 दिसंबर को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। इस अवसर पर जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ.जकारिया अधीक्षक डॉ. अभिषेक शुक्ला,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सीबी सिंह और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 09 दिसंबर, 2024

बढ़ते कोहरे मे सक्रिय हो गया चंदन...

लखीमपुर खीरी। जनपद में चंदन तस्कर गिरोह एक बार फिर अपना जाल बिछाता जा रहा है। बताते चलें घने कोहरे का फायदा उठाकर गिरोह के सदस्य पेड़ों को अपना... ▸ शेष पेज 07 पर...

धर्मो को किसी ने वास्तविकता में समझाया है तो ऋषियों ने समझा- सीएम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर। अगर दुनिया के अंदर धर्म को किसी ने समझा है तो भारतीय ऋषियों ने समझाएं है। देश और समाज के लिए जो अच्छा लगता हो उसका आचरण करके आगे बढ़ाना चाहिए। धर्म का तत्व बहुत ही सूक्ष्म है उसे हर कोई नहीं समझ पाएगा। यह बातें अपने संबोधन में

रामा विश्वविद्यालय मंधना में आयोजित तीसरे दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ जी ने कहें।

आपको बताते चले बीते दिन रविवार को मंधना के रामा विश्वविद्यालय में तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया था। समझ में 1935 छात्र-छात्राओं को उपाधियां दी गई। कार्यक्रम में 2023 और 24 बैच के

1935 छात्र एवं छात्रों को उपाधियां दी गई इस दौरान सीएम ने 51 छात्राओं को पीएचडी की उपाधि से नवाजा है। 84 छात्रों को स्वर्ण और 41 को रजत पदक दिए गए। कार्यक्रम में पहुंचते ही उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सर्वप्रथम पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलित कर दीक्षांत समारोह की शुरुआत की। अपने संबोधन में उन्होंने बोलते हुए कहा हमने सदैव सत्य के मार्ग पर चलने की बात कही है। यानी सत्य के साथ-साथ धर्म के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा किरिशु ने कभी भी धर्म को उपासना में विधि तक सीमित नहीं रखा है। किसी एक ईस्ट या एक ग्रंथ तक सीमित नहीं किया। वर्तमान समय में हर एक भारतीय परिवार अपने घर में वैदिक ग्रंथ संजोग कर रखता है। उसे पता है कि यही मेरी असली पहचान है। धर्म का तत्व बहुत सूक्ष्म है उसे हर कोई नहीं समझ पाएगा। इसलिए जो भी हमारे महापुरुष का है उनके मार्ग का अनुसरण करना ही हमारा परम धर्म है। उन्होंने वर्तमान समय में डिजिटल अरेस्ट होने की सूचनाओं के बारे में बोलते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल अरेस्ट की बहुत सी शिकायत आ रही है। इसलिए हमें जागरूक होना है। संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वह आम जनमानस को जागरूक करें। एग्रीकल्चर मगज इन एडिटिंग तक हम पहुंच चुके हैं। वर्तमान समय में हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि मनुष्य मनुष्य ही बना रहे। इसलिए शिक्षण संस्थाओं को उनका सहयोग करना होगा।

राष्ट्र को सर्वोपरि रखकर कार्य करें

सीएम ने कहा कि हम राष्ट्रीय धर्म को सर्वोपरि मान कर काम करेंगे तो अपने देश के विकास को कोई रोक नहीं पाएगा। जिन छात्रों को आज उपाधियों से सम्मानित किया गया है वह सभी बधाई के पात्र हैं। ऐसे ही छात्र देश के भविष्य हैं जो आने वाले समय में देश की उन्नति में अपना अहम योगदान निभाएंगे। अंत में उन्होंने रामा मेडिकल कॉलेज से कहां की ड्रेनेज और फीवर समस्या पर भी कुछ शोध कार्य करें। इस दिशा में कार्य किए जाने की बहुत आवश्यकता है।

सफलता के पीछे अप्रत्यक्ष रूप से माता-पिता का होता है बड़ा योगदान

दीक्षांत समारोह में पहुंचे शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जिन सफल छात्रों ने आज उपाधि प्राप्त की है। वह सभी बधाई के पात्र हैं। लेकिन साथ में उनके शिक्षक और उनके माता-पिता भी उतनी ही बधाई के पात्र हैं।? क्योंकि अप्रत्यक्ष रूप से उनका भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। जिनको उपाधि नहीं मिली है उनको निराश नहीं होना चाहिए। अब आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है। अपने व्यक्तिगत लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़े और समाज का भी ध्यान रखें। ताकि राष्ट्र के लिए आप कुछ अच्छा कार्य कर सकें। इसी कड़ी में संस्थान के डायरेक्टर प्रणव सिंह निकाह की आज उत्तर प्रदेश में केवल राजनीति की नहीं बल्कि सामाजिक और शिक्षा में भी उन्नति देखने को मिलती है। अप एक विकास के रूप में स्थापित किया गया है। चिकित्सा शिक्षा में कई सुधार हुए हैं। और क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला है। कोरोना काल के दौरान रामा मेडिकल कॉलेज में लगभग ढाई हजार से अधिक जान बचाई थी। कार्यक्रम के चलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनपुर में खुले डॉक्टर बी एस कुशवाहा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस का भी उद्घाटन किया गया। यह संस्थान अटल बिहारी वाजपई मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंध है। नीट के माध्यम से 150 सीटों पर दाखिला होगा। वर्तमान समय में राम ग्रुप के पास मेडिकल स्नातक और परास्नातक मिलकर सर्वाधिक 800 सीटें हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, मंत्री राकेश सोनकर, सलिल बिश्नोई, एमएलसी अरुण पाठक, बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा, किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

दरोगा के बेटे ने अपने आप को गोली मार कर सुसाइड का किया प्रयास



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में रिटायर्ड दरोगा के बेटे ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। फायरिंग की आवाज सुन परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो बेटा सौरभ शुक्ला लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। इसके बाद परिजनों ने उसे हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया है। गोली पेट में और साइन के बीज फांसी हुई है। डॉक्टर ऑपरेशन करने की तैयारी कर रहे हैं। सौरभ ने समिति की कोशिश से पहले फेसबुक पर अपने स्टेटस में लिखा आई एम रियली सॉरी वे विल मीट अगेन इन अनदर वर्ल्ड। परिवार की तरफ से पुलिस को जानकारी नहीं दी गई है। हॉस्पिटल से कल्याणपुर और रावतपुर पुलिस को जानकारी भेजी गई है।

सूत्रों के मुताबिक गोवा गार्डन इलाके में रहने वाले हरी विलास शुक्ला रिटायर्ड दरोगा है। उनकी पत्नी रामदेवी और दो बेटे हैं। बड़ा बेटा हर्षित स्कूल में टीचर है। छोटा बेटा सौरभ नोएडा में एक मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करता है। शनिवार शाम को वह घर लौट कर आया था। यहां पहुंचने के बाद वह उदास था। स्टेशन से सौरभ को लेने के लिए हरी विलास ही गए थे। घर आने के बाद परिवार के सभी सदस्य पूछते रहे मगर उसने कुछ भी नहीं बताया। अचानक वह अपने डॉगी टायसन को याद करने लगा। टायसन एक लैब्राडोर डॉग था। जिसकी 20 नवंबर को मौत हो गई थी। हरी विलास ने बताया कि कुछ देर के लिए सौरभ महावीर गया जहां टायसन को दफनाया गया था। सौरभ शुक्ला ने शनिवार शाम सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला था। पिता ने बताया कि रिवॉल्वर लाइसेंसी है। अलमारी में ही रखी जाती है। सौरभ ने कब निकल पता नहीं चला। फेसबुक का स्टेटस भी उसके दोस्तों से पता चला था। टाइमिंग देखकर यही लगता है कि फेसबुक का स्टेटस लिखने के बाद और अपने खुद को गोली मारी है। लाइसेंसी रिवाल्वर उसकी डॉगी के पास मिली है। हैलेट अस्पताल में सौरभ से मिलने उसके कुछ दोस्त भी पहुंचे हैं। उसके दोस्तों ने कुछ भी बताने से इनकार किया है। उन्होंने कहा फोन पर जितनी भी बात होती है उसमें उसने ऐसा कुछ भी नहीं बताया था। मगर 24 घंटे पहले व्हाट्सएप के स्टेटस पर लिखा था कि पापा में आपके जैसा नहीं बन सका फिर उसने यह डिलीट कर दिया था। अब परिवार लगातार सौरभ की देखभाल कर रहा है मां लगातार बेटे का सिर सहलाती हुई नजर आई। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं मिली है। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे की माने तो घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस मामले की जानकारी में जुटी है।

ज्वेलरी कारीगर डेढ़ करोड़ का सोना लेकर हुए रफूचक्कर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में ज्वेलरी बनाने वाले कारीगरों ने दो सराफा कारोबारी को शिकार बनाते हुए उनका डेढ़ करोड़ रुपए का सोना लेकर रफूचक्कर हो गए। कारोबारियों ने फीलखाना पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

सूत्रों के मुताबिक फ्रेंड्स कॉलोनी एंक्लेव सोसाइटी सिविल लाइंस के रहने वाले शेख सराफा अली की बिराना रोड पर रफ ज्वेलरी नाम से एक दुकान है। उनके लिए 4 साल से मजलिसपुर गांव के सागरपुर पश्चिम बंगाल निवासी मानस हेत कारीगर के तौर पर काम करता रहता है। फीलखाना क्षेत्र में ही उनके किराए पर कमरा लेकर रहता था। कारोबारी के मुताबिक 5 दिसंबर को कारीगर को 891 ग्राम सोना दिया गया था। इसकी

कीमत 70.17 लाख रुपए है। 6 दिसंबर को मानस हेत को फोन कर जेवर के बारे में पता लगाने का प्रयास किया मगर उसका फोन स्विच ऑफ जा रहा था। कारोबारी अपने लोगों के साथ उसके घर पहुंचे मगर वह वहां नहीं मिला। कारोबारी के मुताबिक वह मानस हेत के बारे में इलाके में पूछताछ हा कर ही रहे थे तभी उनकी मुलाकात अजय ज्वेलर्स के मालिक गौरव पाल से हुई। उन्होंने जानकारी दी की मानस हेतु ने ज्वेलरी बनाने के लिए उसकी दुकान से भी 995 ग्राम सोना लिया था। जिसकी कीमत 79.10 लाख रुपए है। फीलखाना थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। और टीमों को लगाकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अभी तक ला नीना सक्रिय नहीं

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि प्रशांत महासागर में होने वाला मौसम पैटर्न ला नीना अभी तक सक्रिय नहीं है। इसे अक्टूबर में सक्रिय होना था लेकिन दिसंबर में भी नहीं हुआ है। इसके सक्रिय होने पर मध्य-पूर्व मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान कम होने लगता है। इससे ठंड का प्रभाव बढ़ जाता है। हवाएं सामान्य से अधिक तेज चलने लगती हैं। ला नीना की वजह से उत्तरी गोलार्द्ध में सर्दियां ज्यादा होती हैं।

ओमर वैश्य इंटर कॉलेज के छात्रों ने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर दिखाया हुनर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

ओमर वैश्य इंटर कॉलेज के छात्र और छात्राओं ने कला, क्राफ्ट, विज्ञान मॉडल बीते दिन स्कूल प्रदर्शनी में प्रस्तुत कर अभिवाहकों सहित मुख्य अतिथि सुधींद्रजैन को अचंभित कर दिया।

इस दौरान छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुधींद्रजैन ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। रंगमंचीय कार्यक्रम में छात्र और छात्राओं ने नृत्य, नाटिका,कव्वाली, डांस कर सब का मन मोह लिया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं

द्वारा निर्मित चंद्रयान-2, राफेल फाइटर जेट, लता मंगेशकर चौक, अजेय 72 टैंक आईएनएस विक्रांत, चंद्रयान 2, हांटेड हाउस, कानपुर स्मार्ट सिटी चंद्रयान-3 मेट्रो ट्रेन ट्रेन वांडीक्राफ्ट जनरेटर ह्यूमन हार्ट आदि रहा।

इस दौरान अपने बच्चों के प्रोजेक्ट देखकर अभिभावकों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

मनचलों पर भारी, जागरुक सशक्त नारी, सेक्सुअल हरासमेंट का डटकर करें सामना

- पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न, पॉक्सो और बाल विवाह जैसे मुद्दों पर किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज पांच के तहत पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में रविवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है ।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष भलुअनी अजय कुमार पाण्डेय द्वारा मय मिशन शक्ति टीम महिला आरक्षी रंजना यादव तथा महिला आरक्षी पूनम सिंह द्वारा ग्राम बरवा में चौपाल आयोजित कर महिलाओं/युवतियों को मिशन शक्ति अभियान के मुख्य उद्देश्यों से महिलाओं में वैचारिक, व्यावहारिक परिवर्तन लाये जाने हेतु उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ रिलेशनसिप एवं साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं महिलाओं की सहायता हेतु बने कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग कर झूठे अभियोग पंजीकृत कराये जाने के दुष्परिणामों एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का सतर्कता एवं सावधानी से प्रयोग किये जाने एवं किसी अपराध का बोध होने पर बिना संकोच स्थानीय थाना पर शिकायत करने से सम्बन्धित बिन्दुओं कों इंगित करते हुए विस्तार से जानकारी दी गई एवं जागरूक किया गया व शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें व कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी ।

शिवराजपुर के 80 बूथों पर पिलाई गई पोलियो की दवा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शिवराजपुर। शिवराजपुर क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को 80 बूथों पर 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई। यह जानकारी शिवराजपुर सीएचसी प्रभारी डॉ अनुज दीक्षित ने दी है। पल्स पोलियो अभियान 8 दिसंबर से 16 दिसंबर के बीच चलेगा। उन्होंने बताया कि इस बार शिवराजपुर ब्लॉक में 20 हजार बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाया जाने का लक्ष्य। 8 दिसंबर को बूथ डे के रूप में मनाया जा रहा है। इस दिन बूथ पर आने वाले बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। 9 दिसंबर से 13 दिसंबर के बीच घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा। वही 15 से 16 के बीच जो बच्चे पोलियो की दवा पीने से वंचित रह जाएंगे उन्हें चिन्हित करके दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कल 80 टीम में बनाई गई है जिनमें से एक टीम में तीन सदस्य हैं। शिवराजपुर के 11 वार्ड में यह अभियान चलाया जा रहा है।

हिंदू धर्म विश्व का सर्वश्रेष्ठ धर्म- मुनीष जी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

हिंदू धर्म विश्व का सर्वश्रेष्ठ धर्म है जहां विश्व के कल्याण की कामना की जाती है वसुदेव कुटुंबकम की धारणा हमारी संस्कृति है जिसमें पूरे विश्व को हम अपना परिवार मानते हैं।

उक्त विचार संघ के शहर प्रांत विचारक मुनीष जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर दक्षिण के महाविद्यालय विद्यार्थी विभाग द्वारा रतन चंद्र खत्री इंटर कॉलेज गुजैनी में रविवार को आयोजित संघ परिचय वर्ग के जिज्ञासा समाधान सत्र में व्यक्त किये उन्होंने कहा कि हमें अपनी हिंदू संस्कृति पर गर्व है जो दुनिया के अनेक देशों की ज्ञान अन्य वस्त्र आदि अनेक प्रकार से मदद करती है आई है भारत भूमि देव निर्मित है जहां 6 प्रकार की ऋतु में हैं उद्घाटन शास्त्र में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर दुर्गेश चौहान ने संघ की आवश्यकता एवं डॉक्टर हेडगेवार जी के जीवन की घटनाएं बतायीं द्वितीय शास्त्र में विभाग प्रचारक बैरिस्टर जी ने कहा कि 1200 वर्षों

की गुलामी हमारे पूर्वजों ने एकता के अभाव के कारण सही हिंदुओं की एकता को मजबूत बनाने रखने के लिए 1925 में डॉक्टर हेडगेवार जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना कर हमें शाखा रूपी तंत्र दिया जिस हिंदू समाज की कमियां दूर हो शाखा साधना स्थली है जहां समाज राष्ट्र का चिंतन होता है हम सब एक हैं ऐसा भाव जगत होता है इस परिचय वर्ग में विभिन्न पाठ्यक्रमोके 40 महाविद्यालयीन विद्यार्थीयों एवं 26 प्रतियोगिकी परीक्षाओं के छात्रों ने प्रतिभाग किया परिचय वर्ग का संचालन दक्षिण भाग के महाविद्यालयीन प्रमुख आर्यन श्रीवास्तव ने किया इस दौरान सह विभाग कार्यवाहक अंकुर दक्षिण भाग संघ चालक राधेश्याम सिंह भाग कार्यवाह सुशील कटियार सह भाग कार्यवाह सुशील अवस्थी महाविद्यालयीन प्रमुख आर्यन श्रीवास्तव यश कुमार संस्कार शुक्ला सुबोध मिश्रा सुमित पटेल केशव योगेंद्र सदन शांतनु शर्मा आज मौजूद रहे।

चक्रवाती हवाओं से रात का पारा गिरा, बढ़ेगी ठंड,

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चक्रवाती हवाओं के घेरे ने रात में ठंडक बढ़ा दी है। रात का न्यूनतम पारा लुढ़क कर 7.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। यह तापमान सामान्य औसत से 1.5 डिग्री कम है। आसमान साफ रहने से दिन की धूप ने अधिकतम तापमान को गिरने नहीं दिया। लेकिन 48 घंटे में माहौल में नमी 32 फीसदी बढ़ गई। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अब ठंडक में इजाफा होता रहेगा। दोनों चक्रवाती घेरों की नमी के मिलने और दो दिन के बाद पश्चिमी विक्षोभ के लौटते ही दिन का तापमान भी गिरेगा। इससे दिन में ठंडक और बढ़ेगी। इसके साथ ही जेट स्ट्रीम भी नीचे आ गईं। ये समुद्री हवाएं प्रशांत महासागर की नमी लेकर आएंगी। इस समय माहौल में दो तरफ से नमी आ रही है। एक अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती घेरे और दूसरे जम्मू-कश्मीर में रुके पश्चिमी विक्षोभ के चक्रवाती क्षेत्र से। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय का कहना है कि अभी ये दोनों नमी एक-दूसरे से मिली नहीं हैं लेकिन इनके असर माहौल में नमी बढ़ी है। तराई वाले इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हो रही है। कानपुर परिक्षेत्र में इसके असर एक-दो दिन में बादल आ जाएंगे। इससे दिन का तापमान गिरेगा। अभी हिमालयी क्षेत्र से आ रहीं उत्तर पश्चिमी हवाओं की निरंतरता के कारण रात न्यूनतम तापमान गिर गया है। 48 घंटों के अंदर न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस तापमान नीचे आया है।

इसके अलावा पश्चिमी विक्षोभ के रहने से नमी तो आ रही है लेकिन हवाओं की गति अधिक नहीं है। लेकिन जैसे ही दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होगा हवाओं की गति बढ़ने लगेगी जिसकी वजह से ठंडक बढ़ जाएगी। उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव की तरफ से आने वाली जेट स्ट्रीम हवाएं नीचे आ गई हैं। अभी तक ये हवाएं 1200 किमी ऊपर वातावरण में बह रही थीं।

ट्रक की टक्कर से पत्नी की मौत, पति घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिधनू क्षेत्र के रमईपुर-साढ़ मार्ग पर मझावन सीएचसी के सामने तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दंपती घायल हो गए। वहीं, मासूम महिला के हाथ से उछलकर घास पर जा गिरा। हादसे में उसे खरोंच तक नहीं आई। पुलिस घायल दंपती को सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। भीड़ ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

नौबस्ता के संजय गांधीनगर निवासी शैलेंद्र मिश्रा एक प्राइवेट फैक्टरी में काम करते हैं।

रविवार दोपहर शैलेंद्र पत्नी रीतू (28) व दो साल के बेटे शौर्य के साथ स्कूटी से साढ़ में रहने वाले रिश्तेदार के घर जा रहे थे। रमईपुर-साड़ मार्ग पर स्थित मझावन सीएचसी के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी सवार दंपती सड़क पर गिर गए जबकि मासूम उछलकर घास पर जा गिरा।

सड़क पर सिर के बल गिरने से रीतू गंभीर रूप से घायल हो गई।

आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक 15 जनवरी से मेट्रो चलाने की तैयारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने रविवार को कानपुर सेंट्रल से नयागंज भूमिगत मेट्रो स्टेशन तक डाउन लाइन में ट्रैक बिछाने का कार्य पूरा कर लिया। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक ने दो निदेशकों के साथ इसका निरीक्षण किया और तीन घंटे तक मातहतों संग बैठक की, ताकि 15 जनवरी से आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक ट्रेन चलाई जा सके। वहीं, मेट्रो प्रबंधन ने मुख्यमंत्री से हरी झंडी दिखवाने के लिए भी प्रयास शुरू कर दिए हैं।

कानपुर सेंट्रल में निर्माणाधीन भूमिगत मेट्रो स्टेशन से नयागंज भूमिगत मेट्रो स्टेशन तक डाउन लाइन सुरंग में ट्रैक निर्माण का काम पूरा कर लिया गया। मेट्रो के पीआरओ के अनुसार कुछ दिनों में ही डाउनलाइन पर कानपुर सेंट्रल तक थर्ड रेल लगाने की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। ट्रैक स्लैब पर डिरेलमेंट गार्ड के साथ थर्ड रेल लगाने के भी प्रबंध किए गए हैं। कंपन व शोर को अवशोषित करने के लिए ट्रैक में मास स्प्रिंग सिस्टम का प्रयोग किया जा रहा है। इसी माह ट्रायल करने और नए साल की शुरुआत में सीआरएस की क्लीनचिट भी प्राप्त करने की योजना बनाई गई है। बकौल पीआरओ यूपीएमआरसी जनवरी 2025 में आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक यात्री सेवा शुरू करने के लिए प्रयासरत है। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने रविवार सुबह निदेशक (वर्क्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर) सीपी सिंह, निदेशक (ऑपरेशंस) प्रशांत मिश्रा और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों संग मेट्रो के निर्माणाधीन भूमिगत सेक्शन के नयागंज समेत अन्य स्टेशनों का निरीक्षण किया। वह सुबह 11:30 बजे मेट्रो डिपो पहुंचे, जहां करीब दोपहर तीन बजे तक वरिष्ठ अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक की। अधिकारियों को जल्द से जल्द तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि कानपुर सेंट्रल तक दोनों लाइनों पर ट्रैक निर्माण पूरा करने के बाद अब आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो ट्रेन का रास्ता पूरी तरह से तैयार हो गया है।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

कचरा प्रबंधन

पर्यावरण के लिए बड़ी चुनौती

अब कचरा प्रबंधन केवल महानगरों या शहरों की समस्या नहीं है, यह देश की बड़ी समस्या बन गया है। बिना कूड़ा प्रबंधन के प्रदूषण से निजात नहीं मिलने वाला है। यह साबित हो चुका है कि प्रदूषण का एक बड़ा कारण कूड़ा-कचरा है। दुनिया के अमीर देश भी इस समस्या को झेल रहे हैं और उससे निजात पाने के विभिन्न उपाय खोज चुके हैं और हर रोज नए उपाय मिलने की उम्मीद दिखाते हैं। उनका कूड़ा प्रबंधन बेहतर होने से उन देशों में प्रदूषण के मुख्य कारणों में कचरा या कूड़ा नहीं है। उनका खानपान और रहन-सहन उन्हें बीमार बना रहा है।

कचरा अब केवल शहरों की समस्या नहीं है। शहरीकरण और आधुनिकीकरण की होड़ में गांव-देहात भी कचरे की समस्या को झेलने को मजबूर हैं। पर्यावरण के नजरिये से घरों के निकलने वाले कूड़ों से अधिक प्लास्टिक कचरा, मेडिकल कचरा, इलेक्ट्रॉनिक कचरा इत्यादि ज्यादा नुकसानदेह हैं। एक अनुमान के मुताबिक देशभर से हर रोज निकलने वाले करीब तीन लाख मीट्रिक टन कूड़े में से तमाम नए तरह के कूड़े पैदा होने के चलते केवल एक चौथाई कूड़े का निबटान आसानी से हो पा रहा है। हिमालय की ऊंची चोटियों से लेकर पवित्र केदारनाथ धाम भी कचरा और खासकर प्लास्टिक कचरे से तबाह है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने मन की बात में इसके लिए अपील करनी पड़ी। दिल्ली, मुंबई या दूसरे शहरों में कचरों के पहाड़ (लैंडफिल) से लोगों को खतरा है ही, उसे खत्म करने के कई प्रयासों के दौरान निकलने वाले गैस से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। जिस तरह आए दिन दिल्ली के गाजीपुर, भलस्वा और ओखला या मुंबई के मुलुंड के कूड़े के पहाड़ों में आग लगती रहती है वैसी ही आग दिल्ली, मुंबई से छोटे शहर देहरादून आदि के कूड़े घर में लगने लगी है। प्लास्टिक और दूसरे कचरों से बड़ी संख्या में समुद्री जीव लगातार मर रहे हैं। शहरों और देहातों में गाय और पालतू जानवरों की मौत का एक बड़ा कारण प्लास्टिक और मेडिकल कचरा है। उत्तराखंड के जंगलों में हाथियों के लीद (शौच) में प्लास्टिक कचरा मिलने के बाद तो वन्यजीवों पर संकट के बादल छाने लगे हैं। घरों से निकलने वाले कूड़े का प्रबंधन एक समस्या है ही क्योंकि माना जाता है कि अगर अलग-अलग कूड़े की छंटाई शुरुआत में घरों से नहीं हुई तो बाद में उन्हें अलग करना कठिन हो जाता है। बड़ी समस्या दूसरे प्रकार के कूड़े से है। अब इमारतों को तोड़ने या पुनर्निर्माण कार्य के दौरान निकलने वाले मलबे को सड़क बनाने में उपयोग किया जाने लगा है। प्लास्टिक के पुराने बोतलों आदि को भी री-साईकिल करके दूसरी चीजें बनाई जाने लगी हैं। बड़ी समस्या मेडिकल कूड़े की है। एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के दौरान हर रोज 710 टन मेडिकल कचरा निकल रहा था। मेडिकल कचरों का सही प्रबंधन न करने पर तो उनमें आपस में ही रासायनिक प्रतिक्रिया होने से खतरनाक गैस निकलने लगती है। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन बड़ी समस्या बन चुका है। अब मोबाइल फोन, टीवी, फ्रिज, एसी, कूलर, गीजर, हीटर इत्यादि सामान हर घर तक पहुंच गया है। उनके बेकार होने पर उन पुराने सामानों का उपयोग एक हद तक ही होता है। बाद में तो वह कूड़ा ही बन जाता है। इस कूड़े की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है। समस्या इसलिए ज्यादा विकराल होती जा रही है कि हम दुनिया के जिन अमीर देशों की नकल करके आधुनिकता की अंधी दौड़ में फंसे हुए हैं, वहां भी कचरा प्रबंधन समस्या है लेकिन वहां अपने देश जैसी न तो भारी आबादी है और न कम संसाधन। कुछ दशक पहले तक कूड़ा प्रबंधन शहरों की समस्या थी। गांव में गिनती के पक्के मकान थे। मिट्टी या बांस-फूस के मकानों को तोड़ कर वापस कुछ और मिट्टी या बांस-फूस से नया मकान बनाया जाता था। घरों से निकलने वाला कूड़ा खाद बन जाता था क्योंकि उसमें मिलावटी चीजें नहीं या कम से कम होती थीं।

एक्सप्रेस आलेख

यह विस्तार भारत के गुणवत्ता, लागत प्रतिस्पर्धात्मकता और विभिन्न ग्राहकों, विशेष रूप से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सेवा करने की क्षमता पर जोर देता है। इसी तरह, नल, वाल्व और इसी तरह के औद्योगिक उत्पादों का निर्यात 2023 में 2.12 बिलियन डॉलर था, जो दुनिया भर के बाजार का 2.16 प्रतिशत था और भारत को वैश्विक स्तर पर 10वें स्थान पर रखता है। यह सफलता काफी हद तक उन्नत उत्पादन विधियों और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के पालन के कारण है। भारत ने बहुमूल्य और अर्ध-बहुमूल्य जवाहरात निर्यात में विश्व में अग्रणी के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी 2014 में 2.64 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में आश्चर्यजनक रूप से 36.53 प्रतिशत हो गई है।

मोदी सरकार के कार्यकाल में निर्यात परिदृश्य में वृद्धि

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

केंद्र सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने, निवेश को आकर्षित करने और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के उपाय और नीतियाँ शुरू की हैं। 31 मार्च, 2023 को एक नई विदेश व्यापार नीति शुरू की गई और 1 अप्रैल, 2023 को लागू हुई। नीति की मुख्य रणनीति चार प्रमुख तत्वों पर आधारित है।

आत्मनिर्भर भारत और स्व आधारित अर्थव्यवस्था ने केंद्र में मोदी सरकार का मार्गदर्शन किया है। अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए समय-समय पर लागू की गई नीतियों के अब सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। निरंतर प्रयासों से भविष्य में सभी उद्योगों में मजबूत सकारात्मक आर्थिक परिणाम मिलेंगे। भारतीयों और मोदी सरकार के प्रति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वास, भरोसा और सम्मान में वृद्धि के परिणामस्वरूप भारतीय व्यवसायों और उद्योगों के लिए पुरी दुनिया याने 800 करोड़ ग्राहक सामने आए हैं। आने वाले वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा करने के लिए युवाओं को अपने ज्ञान, कौशल और शोध योग्यता में सुधार करना चाहिए। भारत के वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह निर्यात वातावरण में असाधारण सफलताओं द्वारा परिभाषित की गई है। देश ने पेट्रोलियम तेल, कृषि रसायन, अर्धचालक (सेमिकंडक्टर) और कीमती जवाहरात (जेम्स) सहित विभिन्न उद्योगों में बड़ी प्रगति की है। यह वृद्धि बेहतर तकनीक, नवीन तकनीकों और प्रतिस्पर्धी विनिर्माण के माध्यम से वैश्विक मांग को पूरा करने की भारत की क्षमता को दर्शाती है। मजबूत सरकारी पहलों के समर्थन से, देश न केवल अपने निर्यात आधार का विस्तार कर रहा है, बल्कि एक भरोसेमंद विश्वव्यापी आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को भी बढ़ा रहा है। 4-अंकीय एचएस स्तर पर कई महत्वपूर्ण उत्पाद श्रेणियों में भारत का निर्यात प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है, देश ने शीर्ष दस वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं के बीच अपनी स्थिति को बरकरार रखा है या इसमें सुधार किया है, सभी का निर्यात मूल्य 2023 में 1 बिलियन डॉलर से अधिक है। पेट्रोलियम क्षेत्र (पेट्रोलियम तेल और बिटुमिनस खनिजों से प्राप्त तेल) ने तेजी से विकास का अनुभव किया है, निर्यात मूल्य 2014 में 60.84 बिलियन से बढ़कर 2023 में 84.96 बिलियन हो गया है, जो वैश्विक बाजार का 12.59 प्रतिशत है। इस जबरदस्त उछाल ने भारत को दूसरे सबसे बड़े वैश्विक निर्यातक के स्थान पर पहुंचा दिया है, जो कि बढ़ी हुई रिफाइनिंग सुविधाओं, अधिक उत्पादन क्षमता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के कारण है, जिसने दुनिया भर में एक विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को

नई विदेश व्यापार नीति (एफ़टीपी) में पुराने लंबित प्राधिकरणों को निपटाने और अपने परिचालन को फिर से शुरू करने में निर्यातकों की सहायता के लिए एक बार की एमनेस्टी योजना शामिल है। यह निर्यात उत्कृष्टता योजना के शहर के माध्यम से नए शहरों की पहचान को भी प्रोत्साहित करता है और स्थिति धारक योजना के माध्यम से निर्यातकों को मान्यता देता है।

मजबूत किया है। इसके अलावा, भारत का कोल टार डिस्टिलेशन उत्पादों का निर्यात 2023 में 1.71 बिलियन तक पहुंच गया, जो वैश्विक बाजार का 5.48 प्रतिशत हिस्सा है और कुल मिलाकर चौथे स्थान पर है, जो औद्योगिक मूल्य श्रृंखलाओं में इसकी प्रासंगिकता को दर्शाता है। भारत को कृषि रसायन क्षेत्र में, विशेष रूप से कीटनाशकों, कृंतकनाशकों और कवकनाशकों के मामले में बड़ी सफलता मिली है। 2023 में निर्यात 4.32 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया, जो विश्वव्यापी बाजार का 10.85 प्रतिशत है, जो 2014 में 5.89 प्रतिशत था। अनुसंधान और विकास में निवेश, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कृषि मानकों के पालन ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक बनने में मदद की है। यह वृद्धि स्थायी कृषि को बढ़ावा देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। भारत के चीनी निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, देश की गन्ना या चुकंदर चीनी के वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी 2014 में 4.31 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12.21 प्रतिशत हो गई है। 2023 में निर्यात कुल 3.72 बिलियन डॉलर रहा, जिसने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े चीनी निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया। मजबूत उत्पादन आधार और लाभकारी कृषि नीतियों ने भारत को, विशेष रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका में बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम बनाया है, जिससे उसका कृषि क्षेत्र मजबूत हुआ है। इलेक्ट्रिकल ट्रांसफॉर्मर और संबंधित घटकों के निर्यात से देखा जा सकता है, जो 2014 में 1.08 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023 तक 2.85 बिलियन डॉलर हो गया है। भारत की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी 2023 में 2.11 प्रतिशत हो गई, जो इसे 2014 में सत्रहवें स्थान से दसवें स्थान पर ले गई। मेक इन इंडिया और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं जैसे सरकारी योजनाओ ने इस प्रगति को गति दी है, जिसके परिणामस्वरूप एक मजबूत विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बना है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जैसा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर देश के रणनीतिक फोकस ने जबरदस्त परिणाम दिए हैं। निर्यात 2014 में 0.23 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023 में 1.91 बिलियन डॉलर हो गया, जो 1.40 प्रतिशत की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी तक पहुँच गया और नौवें स्थान पर पहुँच गया, जो 2014 में 20वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार है। यह उपलब्धि वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है, जिसे घरेलू उत्पादन और नवाचार में सुधार की पहलों द्वारा बल मिला है। इलेक्ट्रिक मोटरों और जनरेटरों के लिए भागों का निर्यात भी काफी बढ़ गया है, जो 2023 में 4.86 प्रतिशत की वैश्विक हिस्सेदारी के साथ 1.15 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जिससे भारत 2014 में 21वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गया है। यह वृद्धि नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन घटकों की दुनिया भर में बढ़ती मांग के अनुरूप है, जिसने भारत को इस परिवर्तनकारी उद्योग में एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है। भारत ने रबर न्यूमेटिक टायर निर्यात में बहुत प्रगति की है, जो 2023 में 2.66 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। इसका वैश्विक बाजार हिस्सा बढ़कर 3.31 प्रतिशत हो गया।

एक्सप्रेस कविता

गर हाले दिल न सुना सको ज़माने के बीच
चलते चलते राहों में पलकें झुका देना तुम।।
हमसे न मिल सको तो ना मिलो सरे राह,
खूबसूरत दुपट्टा हवाओं में लहरा देना तुम ।।
किस्मत में तुमारा दीदार नहीं वक्त से पहले,
अपना तस्सवुर हवाओं में बिखरा देना तुम।।

याद है वो पूरा चाँद और चाँदनी के ख्वाब,
दूब का बिछौना ओश की ओढनी बिछा देना तुम।
राह में मिल जाएँ कहीं काँटे या पत्थर,
अपनी नर्म साँसों से मखमल बना देना तुम।
आती जाती हवाएँ कर जाती है तेरा ज़िक्र,
इश्क के नगमे हवाओं में फैला देना तुम।।
बेवजह सँवरने में वक्त जाया न किया करो,
रात में रश्कजदा चाँद को मुँह चिड़ा देना तुम।।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

आशावाद खुशी का चुंबक है अगर आप सकारात्मक बने रहेंगे, तो अच्छी चीजें और अच्छे लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथि:	अष्टमी 08:02 तक
नक्षत्र:	पूर्वभाद्रपदा 14:45 तक
पक्ष:	शुक्ल
वार:	सोमवार
योग:	सिद्धि, 24:57
सूर्योदय:	07:06
सूर्यास्त:	17:20
चंद्रमा:	कुंभ राशि में
राहुकाल:	08:22-09:39
विक्रमी संवत्:	2081
शक सम्वत:	1946
मास:	मार्गशीर्ष
शुभ मुहूर्त:	11:52-12:33

जन एक्सप्रेस

लेंगे हम संभाल !

दूर होगा रहना ।
लेंगे हम संभाल ।।
तय हमें ही करना ।
क्या हो अपना हाल ।।
दखलंदाज़ी ठीक नहीं ।
सहन ना होने वाला ।।
ना ही टांग अड़ाओ ।
ना जपो फिर माला ।।
रह कर दोनों ओर ।
ना चलो ये चाल ।।
आग ना लगाओ ।
ना कुछ करो बवाल ।।
दशकों की रणनीति अब ।
होने वाली फेल ।।
हो रहे हम सक्षम ।
कस सकते नकेल ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

धूम्रपान करने वालों को रहता है पल्मोनरी फाइब्रोसिस होने का जोखिम

पल्मोनरी फाइब्रोसिस लंग्स से जुड़ी गंभीर समस्या है। यह बीमारी होने पर लंग्स टिश्यूज मोटे हो जाते हैं, जिससे लंग्स में अकड़न आ जाती है। इस स्थिति में व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। पिछले दिनों दिल्ली-एनसीआर का प्रदूषण का स्तर 400 पार जा चुका था। इसका मतलब है कि हवा में प्रदूषित कणों की संख्या बहुत ज्यादा थी। अक्सर इस तरह का एन्वायरमेंट पल्मोनरी फाइब्रोसिस के होने का जोखिम कारक बन जाता है। वहीं, अगर कोई लगातार स्मोकिंग करता है, तो उन्हें भी पल्मोनरी फाइब्रोसिस होने का जोखिम अधिक रहता है। सवाल है, ऐसा क्यों होता है? पल्मोनरी फाइब्रोसिस और स्मोकिंग का आपस में क्या कनेक्शन है?

धूम्रपान के कारण पल्मोनरी फाइब्रोसिस का रिस्क क्यों बढ़ जाता है?: वैसे तो पल्मोनरी फाइब्रोसिस होने के पीछे कई तरह के कारक जिम्मेदार हैं। लेकिन, जो लोग स्मोकिंग करते हैं, उन्हें यह बीमारी होने का जोखिम काफी ज्यादा होता है। यहां सवाल उठता है कि आखिर पल्मोनरी फाइब्रोसिस और धूम्रपान का आपस में क्या कनेक्शन है? डॉ.पुनीत गुप्ता की मानें, ÷लंबे समय से स्मोकिंग करने के कारण लंग्स सेल्स डैमेज हो जाते हैं, लंग्स में सूजन हो जाती है और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस ट्रिगर हो जाता है। इसी तरह, स्मोकिंग की वजह से पल्मोनरी फाइब्रोसिस होने का जोखिम बढ़ जाता है। इस बात की अनदेखी नहीं की जा सकती है कि स्मोकिंग कई गंभीर बीमारियों का कारण होता है। पल्मोनरी फाइब्रोसिस भी उनमें से एक है। ऐसे में जरूरी है कि आप स्मोकिंग से दूरी बनाए रखें, ताकि पल्मोनरी फाइब्रोसिस जैसी लंग से जुड़ी बीमारी के जोखिम को कम किया जा सके।

सिगरेट में मौजूद केमिकल्स: जो लोग रेगुलर बेसिस पर स्मोकिंग करते हैं, वे यह जानते हैं कि सिगरेट में हजारों संख्या में केमिकल्स होते हैं। इसमें तार और निकोटिन भी शामिल हैं। इस तरह के तत्व लंग सेल्स को प्रभावित करते हैं, जो कि भविष्य में पल्मोनरी फाइब्रोसिस का कारण बनते हैं।

सूजन हो जाती है: लगातार स्मोकिंग करने की वजह से इंफ्लेमेटरी मोलिक्यूल्स रिलीज होते हैं और ये इम्यून सेल्स को सक्रिय करते देते हैं, जिससे कि लंग्स में सूजन पैदा हो जाती है। लंग्स में सूजन होना पल्मोनरी फाइब्रोसिस का ही एक लक्षण है।

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है: ऑक्सडेटिव स्ट्रेस का मतलब है कि बॉडी में बहुत सारे फ्री रेडिकल्स मौजूद हैं। जब कोई निरंतर स्मोकिंग करता है, तो इससे शरीर में मुक्त कणों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस ट्रिगर होता है। इसका बुरा असर लंग्स पर भी पड़ता है और पल्मोनरी फाइब्रोसिस होने के रिस्क को बढ़ा देता है।

स्मोकिंग करने के अन्य नुकसान: जिन लोगों को पल्मोनरी फाइब्रोसिस का रिस्क अधिक होता है, उन्हें स्मोकिंग नहीं करना चाहिए। ऐसा न किए जाने पर कुछ अन्य नुकसान भी हो सकते हैं, जो पल्मोनरी फाइब्रोसिस को ट्रिगर कर सकते हैं, जैसे- म्यूकस प्रोडक्शन बढ़ सकता है। स्मोकिंग के कारण पल्मोनरी फाइब्रोसिस के लक्षणों की स्थिति गंभीर हो सकती है। स्मोकिंग के कारण लंग कैंसर का जोखिम भी बढ़ता है। स्मोकिंग हार्ट डिजीज और क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज के रिस्क को भी बढ़ा देता है।

एक्सप्रेस विशेष

ब्याज दरों में अब कमी होनी ही चाहिए

प्रहलाद सबनानी

एक अनुमान के अनुसार नवम्बर माह में मनाए गए दीपावली एवं अन्य त्यौहारों पर भारतीय नागरिकों ने लगभग 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का व्यय किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के जनवरी 2025 में प्रयागराज में कुंभ मेला भी प्रारम्भ होने जा रहा है।

कम्पनियों के वित्तीय परिणाम उत्साहजनक नहीं रहने के चलते विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से सितम्बर, अक्टोबर एवं नवम्बर माह में 1.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाली है। जिससे भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी सूचकांक में 3000 से अधिक अंकों की गिरावट दर्ज हुई है, निफ्टी सूचकांक अपने उच्चतम स्तर 26,400 से गिरकर 23,200 अंकों तक नीचे आ गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री शक्तिकांत दास ने अपने वर्तमान कार्यकाल का अंतिम मुद्रा नीति वक्तव्य (मोनेटरी पॉलिसी स्टेट्मेंट) दिनांक 06 दिसम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे जारी किया है। इस मुद्रा नीति वक्तव्य में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे पिछले 22 माह से (अर्थात 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों से) 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। यह संभवतः भारतीय रिजर्व बैंक के इतिहास में सबसे अधिक समय तक स्थिर रहने वाली रेपो दर है। इस बढ़ी हुई रेपो दर का भारत के आर्थिक विकास पर अब विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर घटकर 5.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रत्येक दो माह के अंतराल पर मुद्रा नीति वक्तव्य जारी किया जाता है, परंतु पिछले 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। जबकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर कुछ समय तक तो लगातार 6 प्रतिशत के सहनीय स्तर से नीचे बनी रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित औसत मुद्रा स्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। इसका आशय यह है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर संभवतः वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय तिमाही में भी अधिक बनी रह सकती है। इसके पीछे खाद्य पदार्थों (विशेष रूप से फल एवं सब्जियों) की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि, एक मुख्य कारण जिम्मेदार हो सकता है। परंतु, क्या ब्याज दरों में वृद्धि कर खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित किया जा सकता है? उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर को आंकने में खाद्य पदार्थों का भार लगभग 40 प्रतिशत है। यदि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति में से खाद्य पदार्थों के भार को अलग कर दिया जाय तो यह आंकलन बनता है कि कोर पदार्थों की मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में बनी हुई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों को बाजार में फलों एवं सब्जियों की आपूर्ति बढ़ाकर ही नियंत्रित किया जा सकता है, न कि ब्याज दरों में वृद्धि कर। इस वर्ष मानसून का पूरे देश में विस्तार ठीक तरह से नहीं रहा है, कुछ क्षेत्रों में बारिश की मात्रा अत्यधिक रही है एवं कुछ क्षेत्रों बारिश की मात्रा बहुत कम रही है, जिसका प्रभाव खाद्य पदार्थों की उत्पादकता पर भी विपरीत रूप से पड़ा है, जिससे अंततः खाद्य पदार्थों की कीमतों में उच्छाल देखा गया है। बाद के समय में, अच्छे मानसून के पश्चात भारत में आने वाली रबी मौसम की फसल बहुत अच्छी मात्रा में आने की सम्भावना है क्योंकि न केवल फसल के कुल रकबे में वृद्धि दर्ज हुई है बल्कि पानी की पर्याप्त उपलब्धता के चलते फसल की उत्पादकता में भी वृद्धि होने की पर्याप्त सम्भावना है। इन कारकों के चलते आगे आने वाले समय में खाद्य पदार्थों की एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर निश्चित ही नियंत्रण के रहने की सम्भावना है। इससे, निश्चित ही रेपो दर को कम करने की स्थिति निर्मित होती हुई दिखाई दे रही है। साथ ही, अमेरिका सहित यूरोप के विभिन्न देशों में भी ब्याज दरों को लगातार कम करने का चक्र प्रारम्भ हो चुका है, जिसका प्रभाव विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। क्योंकि, यह वृद्धि दर द्वितीय तिमाही में घटकर 5.4 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के कम रहने के कई विशेष कारण रहे हैं। देश में लोकसभा चुनाव के चलते केंद्र सरकार को अपने पूंजीगत खर्चों एवं सामान्य खर्चों में भारी कमी करना पड़ी थी। इसके बाद विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनावों के चलते इन राज्यों द्वारा किए जाने वाले सामान्य खर्चों में अतुलनीय कमी की गई थी। जिससे अंततः नागरिकों के हाथों में खर्च करने लायक राशि में भारी कमी हो गई। दूसरे, इस वर्ष भारत में मानसून भी अनियंत्रित सा रहा है जिससे कृषि क्षेत्र में उत्पादन प्रभावित हुआ एवं ग्रामीण इलाकों में नागरिकों की आय में कमी हो गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों में अस्थिरता बनी रही, जिसके कारण भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात प्रभावित हुए। इस अवधि में विनिर्माण के क्षेत्र एवं माइनिंग के क्षेत्र में उत्पादन भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। उक्त कारकों के चलते भारत में वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बहुत कम रही है। इस द्वितीय तिमाही में विभिन्न कम्पनियों के वित्तीय परिणाम भी बहुत उत्साहजनक नहीं रहे हैं।

बढ़ते कोहरे मे सक्रिय हो गया चंदन तस्कर गिरोह ने दो चंदन के पेड़ काटे

■ सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी, प्रभारी निरीक्षक हेमंत राय

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। जनपद में चंदन तस्कर गिरोह एक बार फिर अपना जाल बिछाता जा रहा है। बताते चलें घने कोहरे का फायदा उठाकर गिरोह के सदस्य पेड़ों को अपना निशाना बनाने में सक्रिय हैं।शनिवार की रात चोर खीरी थाना की पुलिस चौकी ओयल देहात के गांव साड़ीनामा से दो चंदन के पेड़ काटकर चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। चोरी से पेड़ काटे जाने की तहरीर पुलिस को दी गई है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।सर्दियों के मौसम में सुबह और शाम होते ही तराई का यह जिला कोहरे की चादर में लिपट जाता है। कड़ाके की सर्दी और कोहरे में चोरी, लूट, राहजनी और डकैती जैसी गंभीर आपराधिक घटनाओं के साथ चंदन के पेड़ों के चोरी से काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। वैसे तो जिले में चंदन के पेड़ अत्यधिक संख्या में थे, लेकिन तस्करों की ऐसी नजर लगी कि जिले में चंदन के पेड़ काफी कम संख्या में बचे हैं।पिछले साल दिसंबर और जनवरी के बीच ओयल से करीब पांच पेड़ तस्कर चोरी से काट कर ले गए थे। इस बार भी ठंड के दस्तक देते ही गिरोह के सदस्य सक्रिय हो गए हैं।ओयल देहात के गांव साड़ीनामा निवासी बलवीर सिंह और राकेश सिंह का पेड़ चोरी से काट ले गए।दोनों पेड़ घरों से महज 150 मीटर के दायरे में खडे थे।पेड़ काटे जाने की जानकारी सुबह होने पर कस्बे में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और जांच शुरू कर दी है।ने बताया कि पुलिस चंदन तस्करों की तलाश कर रही है।बहुत जल्दी चंदन तस्कर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

सायबर ठग ने डिजिटल अरेस्ट की धौंस दिखाकर इफको के रिटायर्ड मैनेजर से ठगे 19.40 लाख रुपए

जन एक्सप्रेस । बहराइच

■ पीड़ित की तहरीर पर सायबर थाने में अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा, पुलिस ने शुरू की जांच

शहर के निवासी इफको फूलपुर के सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक से साइबर ठग ने डिजिटल अरेस्ट कर 19 लाख, 40 हजार रुपये अपने नाम ट्रांसफर करा लिए। यह पैसा दो बार में साइबर ठग ने खाते में डलवा लिया। पीड़ित की तहरीर पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात पर विभिन्न धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के कोतवाली देहात के जगतापुर हुजूरपुर रोड निवासी कमलेश कुमार सिंह ने साइबर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार वह इफको फूलपुर से फरवरी 2016 में मुख्य प्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। बताया कि 25 नवंबर को दोपहर तीन बजे मोबाइल पर अगले दो घंटे में मोबाइल सेवा समाप्त करने, जानकारी के लिए नौ दबाने का मैसेज आया। नौ नंबर दबाने पर मोबाइल पर कॉल आयी और सामने से एक व्यक्ति ने अपना नाम आनन्द वर्मा साइबर क्राइम विभाग से बोलने की जानकारी दी। गले दो घंटे में पुलिस विभाग के पते छत्रपति इंटरनेशनल एअरपोर्ट मुंबई पहुंचने के लिए बोला। बहराइच से इतनी जल्दी न पहुंचने की बात बताने पर आरोपी ने पुलिस से शिकायत करने और उनके द्वारा दिए गए विवरण को पुलिस इंस्पेक्टर को देने की बात बोली।
फर्जी शिकायत पत्र संख्या आदि भेज दिया। इंस्पेक्टर से बात करने पर उन्होंने बैंक डिटेल समेत पूरी संपत्ति की जानकारी भेजने के निर्देश दिए। परिवार को जेल में डालने और शारीरिक यातना देने की धमकी दी।
डर के चलते उनके द्वारा भेजे गए बैंक खातों में 27 और 28 नवंबर को पांच लाख 40 हजार और 14 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। दूसरे बैंक खातों में जमा पैसा भेजने को लेकर डरा रहे हैं। साइबर थाना पुलिस ने ठग पर धोखाधड़ी, प्रतिरूपण और धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

रूपईडीहा डिपो से धार्मिक पर्यटन के लिए संचालित होगीं दो बसें

जन एक्सप्रेस । बहराइच

रूपईडीहा। रोडवेज बस अड्डा रूपईडीहा से धार्मिक पर्यटन के लिए दो नई बसों की सेवा शुरू की गई है। एक बस काशीधाम और दूसरी बस वृंदावन धाम के संचालित होगी। वहीं, महाकुंभ मेले को देखते हुए रूपईडीहा रोडवेज प्रशासन ने बस अड्डे से 20 बसों को प्रयागराज के लिए चलाने की निर्णय लिया है। रूपईडीहा डिपो के एआरएम रामप्रकाश ने बताया कि धार्मिक पर्यटन के उद्देश्य से डिपो से बसों के संचालन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक वृंदावन धाम के लिए एक भी बस यहां से नहीं थी।

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर तीन माह बाद दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बहराइच

विशेश्वरगंज थाने में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है जिसमें मृतका के ससुराल की एक महिला सहित कुछ अन्य लोगों को नामजद किया गया है।
विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के लोधेजोत धरकारन पुरवा निवासी सुनीता देवी पत्नी संतोष कुमार ने पुलिस अधीक्षिका, डीआईजी व अन्य अधिकारियों भेजे पत्र में कहा है कि उनकी पुत्री राम प्रीति का विवाह लगभग पांच साल पहले परमानंद पुत्र श्रीराम निवासी शुकुल पुरवा के साथ हुआ था। उसके ससुराल वाले पांच लाख रुपए नगद व चार पहिया गाड़ी के लिये लड़की को प्रताड़ित करते थे, इस बात को लेकर विवाद बना रहता था।
पीड़िता ने बताया कि उनके पति बाहर रहकर परिवार के लिए रोजी-रोटी कमाते थे, बीते 9 दिसंबर 2024 को उच्च अधिकारियों के आदेश पर दहेज हत्या का मुकदमा स्थानीय थाने में पंजीकृत किया गया है।
वादिनी सुनीता देवी पत्नी संतोष कुमार निवासी ग्राम पंचायत लोधेजोत के मजरा धरकारन पुरवा ने ऑनलाइन पुलिस अधीक्षक बहराइच, डीआईजी देवीपाटन मंडल,थाना विशेश्वरगंज सहित उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर विपक्षीगढ़ प्रभास उर्फ परमानंद तिवारी श्रीराम तिवारी, शकुंतला पत्नी श्री राम व श्री राम पुत्र सत्यदेव निवासी शुकुल पुरवा डोलकुआं थाना विशेश्वरगंज के खिलाफ लड़की को दहेज की मांग को लेकर मार डालने का आरोप लगाया है।
उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उनकी लड़की रामप्रीत का विवाह करीब 5 वर्ष पूर्व प्रभास उर्फ परमानंद पुत्र श्रीराम निवासी शुकुल पुरवा के साथ अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर शादी किया था किंतु ससुराली जन 5 लाख रुपए नगद व चार पहिया गाड़ी के लिये लड़की को प्रताड़ित किया जाता रहा, जिसे लड़की अक्सर घर पर बताती रहती थी, किंतु इतनी बड़ी रकम दे पानी में सक्षम न होने से आए दिन विवाद बना रहता था। बीते 9 सितंबर को ससुराल वालों ने मारा पीटा जिससे वह मरणासन्न हो गई जिस पर उन लोगों ने उसे गोंडा जिला अस्पताल भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर ले गए जहां 11 सितम्बर को उसकी मृत्यु हो गई।
मृत्यु होने के पश्चात परिवार के लोग उसे अपने घर ले आए और बिना मायके वालों को सूचना दिये उसका दाह संस्कार कर दिया।
इसकी जानकारी होने पर 16 सितम्बर को थाने जाते समय सूचना देने जा रहे थे तब पीड़ित परिवार को धमकाया गया दूसरे दिन ऑनलाइन प्रार्थना पत्र पुलिस कप्तान, थाना विशेश्वरगंज, डीआईजी एवं अन्य उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा गया। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।
शिकायतकर्ता ने कहा है कि उन पर सुलह का दबाव बनाकर मामला रफा -दफा कराने का प्रयास किया जा रहा है।
शिकायत कर्ता ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

एक्सप्रेस खबरें...

ग्राम प्रधान आकाश मित्तल को डीपीआरओ विशाल सिंह द्वारा किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । तिकुनियां खीरी। ग्राम पंचायत बनवीरपुर के ग्राम प्रधान आकाश मित्तल को ब्लाक निघासन में डीपीआरओ विशाल सिंह, बीडीओ जयेश कुमार सिंह आडियो पंचायत विजय कुमार गुप्ता द्वारा आई. एस. ओ. प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रमाण पत्र पंचायत में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला वहीं प्रधान आकाश मित्तल ने बताया है कि यह सम्मान सभी ग्राम पंचायत वासियों की वजह से मिला। प्रधान ने बताया कि और ऐसे ही अच्छे कार्य ग्राम पंचायत में आगे भी करता रहूंगा जिससे आने वाले समय में यही सम्मान प्रदेश लेबल पर मिले ऐसे कार्य के लिए पंचायत में कार्य करता रहूंगा। और बताया कि सभी ग्राम पंचायत वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं जिनके सहयोग से मुझे सम्मान मिला।और बताया कि आप लोगों के इसी तरह सहयोग से ग्राम पंचायत बनवीरपुर को आने वाले समय में आदर्श ग्राम पंचायत बनाने का कार्य करुंगा।

शीघ्र खुलने जा रहा डॉ रवि मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। शहर के मशहूर डॉक्टर एवं आशा पैथोलॉजी के एमडी डॉक्टर रवि श्रीवास्तव के सीतापुर रोड पर स्थिति मनु लॉ कॉलेज के अलग प्रांगण में अब डॉ रवि मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल अंग्रेजी माध्यम का बहुत ही अच्छा विद्यालय शीघ्र खुलने जा रहा है जिसके प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं।सीतापुर रोड पर स्थित स्वच्छ वातावरण के साथ साथ विद्यालय में योग्य शिक्षकों के माध्यम से आपके बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाएगी, बताते चलें लखीमपुर नगर पालिका की अध्यक्ष डॉक्टर ईरा श्रीवास्तव का मनु लॉ कालेज पहले से ही संचालित हो रहा है जिसमें दूर दूर के छात्र छात्राओं द्वारा अपने भविष्य को संवारा जा रहा है अब आगे इसी जगह प्ले ग्रुप से कक्षा 5 तक के बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाएगी।

पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। रविवार से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए पल्स पोलियो अभियान शुरू किया गया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने खीरी में पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए रविवार से पल्स पोलियो अभियान शुरू किया गया। एक हफ्ते तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला महिला चिकित्सालय से किया। उन्होंने अवसर पर उन्होंने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की और नवजात शिशु अंश, अर्थ समेत पांच शिशुओं को पोलियो ड्राप भी पिलाया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के तहत लखीमपुर खीरी जिले के लगभग 739082 बच्चों को 0 से 5 साल की आयु के बीच पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से बचाना है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी दी गई है, ताकि वे घर-घर जाकर बच्चों को खुराक पिला सकें और अभियान को सफल बना सकें। उन्होंने बताया कि इस अभियान को 8 दिसंबर से 13 दिसंबर तक चलाया जाएगा और इसका लक्ष्य जिले के सभी बच्चों तक पहुंच कर उन्हें पल्स पोलियो से जोड़ा जाएगा।कार्यक्रम के दौरान एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार,एसएमओ विकास सिंह,यूनिसेफ से मुकेश चौहान, डीपीएम अनिल यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी जन्मदिवस पर आज ब्लड डोनेशन कैंप का होगा आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया सोमवार को सभी जनपदों में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा बताते चलें हम सबकी प्रेरणाश्रोत, विर्मस संयोजक और पूरे देश को एक सूत्र में बाँधने का भाव रखने वाली हमारी नेता सोनिया गांधी जी के जन्मदिवस पर रक्त दान से अच्छा कोई दूसरा उदाहरण हम कांग्रेसजनों की ओर से नहीं हो सकता।आज देश में जिस तरह विकास मॉडल वर्तमान भाजपा सरकार ने बना दिया है और दिन प्रतिदिन उसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बढ़ाया जा रहा है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। वोटों के लिए समाज को विभाजित करने वाली भाजपा इस देश के संविधान की मूल भावना का अनादर करती है। यह लोग भारत के लोकतांत्रिक और सेक्युलर चरित्र को खत्म करना चाहते हैं। मगर हम कांग्रेस के लोग प्रतिबद्ध हैं इनको नापाक मंसूबों का विकल्प करने के लिए।हर राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक हर तरीके की लड़ाई लड़ेंगे इस देश के मूल चरित्र को बचाए रखने के लिए। ईश्वर ने सभी इंसानों को एक जैसा बनाया, उसने कोई भेद नहीं किया। सभी के शरीर में एक जैसा रक्त बहता है और यह लाल रक्त हमें जातियों और धर्मों में बँटने से रोकता है और एक रखता है।सोमवार को हमारी नेता सोनिया गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर सभी जातियों और धर्मों के लोग एकजुट होकर रक्तदान करें और इस नफरती भाजपा को बताएंगे कि यह जनता बाँटने से नहीं बंटेगी।एक था,एक है और एक रहेगा।

अवैध शराब के कारोबार का खुलासा, एक अभियुक्त गिरफ्तार, 67 केन बीयर बरामद

जन एक्सप्रेस । बहराइच। थाना खैरीघाट पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 67 केन बीयर बरामद की है। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार की देर शाम सवा छह बजे थाना खैरीघाट के बेहड़ा बाजार बन्धा से अभियुक्त दीपक कुमार सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम बेहड़ा बाजार थाना खैरीघाट जनपद बहराइच को 67 केन बीयर के साथ धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार कर सुप्रीम कोर्ट व मानवाधिकार आयोग के आदेशों के निर्देश का पालन करते हुये जमानत मुचलके पर रिहा कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी की सूचना अभियुक्त के परिजनों को उचित माध्यम से दी गयी। पुलिस की ओर से की गई इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

शादी अनुदान योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

जन एक्सप्रेस । बहराइच। वित्तीय वर्ष 2024-25 में (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) अन्य पिछड़े वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु संचालित शादी अनुदान योजना हेतु बीस हजार रूपये के अनुदान का प्राविधान है। शादी अनुदान योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट शादीअनुदान डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर शादी की तिथि से 03 माह पूर्व अथवा 03 माह पश्चात् तक आवेदन कर सकते हैं।

पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से एक युवक की चली गई जान

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

सिंगाही निघासन स्टेट हाईवे पर रेडियम पट्टी न लगी होने से घने कोहरे में हाईवे पर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर हाईवे से तालाब में जा गिरी, हादसे में कार चालक युवक की मौत हो गई, सिंगाही कस्बे के समाजसेवी एडवोकेट मो. लतीफ ने बताया कि बेलरायां से निघासन जाने वाले स्टेट हाईवे का नवीनीकरण पीडब्ल्यूडी द्वारा 03 करोड़ 72 लाख की लागत से कराया जा रहा था, मार्ग का आधा अधूरा नवीनीकरण करके काम बंद कर दिया गया है, हाईवे पर रेडियम पट्टी नहीं बनाई गई है, जिसके चलते घने कोहरे में रास्ता नहीं दिखा और कार अनियंत्रित होकर हाईवे से तालाब में गिर गई, अगर हाईवे पर रेडियम पट्टी बनी होती तो हादसा टल सकता था। अब पीडब्ल्यूडी द्वारा यह जवाब दिया जाएगा कि हाईवे पर रेडियम पट्टी बनाई जा रही है, पर एक मां बाप का आंखों का तारा बुढ़ापे का सहारा इस दुनिया से चला गया, उम्मीद है जिले की डीएम साहिबा लापरवाह पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदारों पर कार्रवाई करेंगी।

खेल से होता है बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास-मारिया शाह

■ प्लेडेज प्री स्कूल की ओर से वार्षिक स्पोर्ट्स मीट जोश में स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए मनभावन कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । बहराइच

शहर के मोहल्ला कानूनगोपुरा उत्तरी स्थित प्लेडेज प्री स्कूल की ओर से इन्दिरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को वार्षिक स्पोर्ट मीट जोश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मटेरा मारिया शाह उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक तथा बौद्धिक दोनों विकास होता है। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन भी किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विद्यालय के नन्हें विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट, फ्लैग मार्च, पीटी आदि के मनभावन आयोजन किये गए। साथ ही साथ खेलकूद में रैबिट रेस, कलेक्ट द बाल, कलेक्ट व लेटर, फाग रेस, बैलून रेस, बाल शॉट आदि बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमता को बढ़ाने सम्बन्धित खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान किया और विद्यालय की अग्रेतर प्रगति की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर एवं सिटी माण्टेसरी ग्रुप ऑफ स्कूल्स ट्रस्ट के ट्रस्टी शाश्वत जोशी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा संचालित प्लेडेज प्री स्कूल नयी टेक्नोलॉजी पर आधारित एवं यूएसए बेस्ड शिक्षा प्रदान करता है। यह शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय नित्य प्रति नये नये आयामों के साथ बच्चों के विकास हेतु कटिबद्ध रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय की सह प्रबन्धक प्रवृत्ति जोशी, प्रधानाचार्या कविता सिंह, शिक्षिकाएं श्रुति गुप्ता, सारिका, आरिफा, तृप्ति दूबे, काजल, आशीष मिश्रा, पुलकित शर्मा, राहुल त्रिपाठी विद्यालय के संरक्षक राम अचल सिंह सेंगर, सिटी माण्टेसरी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य आरपी पाण्डेय, इन्दल पाठक, केके यादव, मायाशंकर जोशी, रवि जोशी आदि एवं विद्यालय का अभिभावक, बच्चे आदि मौजूद रहे।

सेवा से संतृप्तिकरण शिविर में छात्राओं के रंगारंग कार्यक्रम ने मन मोहा

जन एक्सप्रेस । बहराइच

विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत ब्लाक मिहींपुरवा की ग्राम सेमरहना स्थित शिव प्रसाद, विन्देश्वरी प्रसाद इण्टर कालेज में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण शिविर का विधायक बलहा सरोज सोनकर ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा (सौरभ) व अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।
शिविर के उद्घाटन के पश्चात् विधायक श्रीमती सोनकर ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। आईसीडीएस विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान 02 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गयी तथा 02 बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया।
इस अवसर पर एसडीएम मिहींपुरवा संजय कुमार, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा अजीत कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी, कृषक व ग्रामवासी मौजूद रहे।

संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत हुई प्रज्ञागीत गायन प्रतियोगिता

■ बेहटा में चल रहे 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजन के तीसरे दिन हुआ कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । ईसानगर खीरी

गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रज्ञागीत गायन प्रतियोगिता का फाइनल ईसानगर ब्लाक के बेहटा गांव में चल रहे 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन के प्रवचन पंडाल में सम्पन्न हुआ जिसमें बीबीएलसी इण्टर कॉलेज खमरिया की उजाला देवी प्रथम, सीताराम मनवार पब्लिक इंटर कॉलेज महरिया के छात्र नीलेश कुमार द्वितीय और श्रीमती चंद्रप्रभा सरस्वती इण्टर कालेज की छात्रा अंजली वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम तीन विजेताओं को नकद धनराशि, ट्रॉफी और गायत्री परिवार की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 6 विजेताओं को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता संयोजक युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की प्रमुख भूमिका शांतिकुंज हरिद्वार संगीत टोली के संगीतकार समर बहादुर ने निभाई। मुख्य अतिथि शिक्षक विजय श्रीवास्तव ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। संगीत वादन में अजय वर्मा और सुरेन्द्र वर्मा ने सहयोग किया। इससे पूर्व आयोजन के तीसरे दिन प्रातः कालीन 24 कुंडीय महायज्ञ चार पालियों में संपन्न हुआ जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र से आहुतियां प्रदान कीं। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रीराम वर्मा, शिक्षक आयोजन मंडल के राजेंद्र कटियार, शिव भगवान कटियार, विनोद कटियार, युवा प्रकोष्ठ के यज्ञदेव वर्मा, दीपक वर्मा, अनुभव कटियार, राज किशोर वर्मा, यज्ञदेव वर्मा, दीपा वर्मा गायत्री परिजन मुरलीधर मौर्य आदि मौजूद रहे।

सीमा जागरण मंच आयोजित करेगा भारत नेपाल खेल महोत्सव

जन एक्सप्रेस । बहराइच। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का संगठन सीमा जागरण मंच बहराइच में आयोजित करेगा भारत- नेपाल खेल महोत्सव। इस आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। सीमा जागरण मंच के एक दल ने आयोजन जन स्थल किसान डिग्री कालेज मैदान का निरीक्षण किया। सईमा जागरण मंच द्वारा आयोजित भारत नेपाल खेल महोत्सव की जानकारी देते हुए जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेन्द्र मौर्य पिंटू ने बताया कि खएल महोत्सव में भारत नेपाल सीमा पर स्थित चार जिलों की टीमें शामिल होंगी। विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा।

विद्यालय को एडेड कराने के नाम पर आठ लाख रुपए की ठगी

■ कोर्ट के आदेश पर थाना दरगाह में महिला समेत दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

जन एक्सप्रेस । बहराइच

शहर के मोहल्ला गुलामअली पुरा निवासी एक युवक ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में औरैया और बलिया निवासी महिला समेत दो लोगों पर केस दर्ज कराया है। दरगाह पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलामअलीपुरा निवासी राहुल कुमार कश्यप पुत्र अशोक कुमार ने आठ लाख रुपये धोखाधड़ी करने के मामले में दरगाह थाने के साथ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।
जिस पर राहुल कुमार कश्यप ने न्यायालय एसीजेएम प्रथम की कोर्ट पर वाद दायर किया। जिसमें उसका कहना है कि उसके मोहल्ले में संदीप यादव पुत्र राम अवतार सिंह निवासी भरथना रोड निकट डाक बंगला बिधूना औरैया और बलिया जिले की अक्षिता सिंह पुत्री आनंद सिंह रहते थे। दोनों आपस में मित्र हैं।
राहुल का कहना है कि दोनों प्राइवेट स्कूलों को अनुदानित करने का ठेका लेते हैं। पास में ही विकासखंड मिहीपुरवा के मटेही कला में संचालित श्रीमती ललिता प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नीरज यादव भी रहते हैं। नीरज यादव ने स्कूल को एडेड करवाने के लिए दोनों से बात की। दोनों ने आठ लाख रुपये लेने की बात कही।
राहुल का कहना है कि 31 अगस्त 2021 से लेकर माह के अंत तक विभिन्न किस्तों में लाखों रूपये खाते में दिया। इसके बाद दोनों ने फाइल पूरा होने के नाम पर और शेष रुपये की मांग की। जिस पर दो सितंबर 2021 को कोतवाली देहात के टिकोरामोड निवासी धर्मपाल यादव पुत्र जोगा के सामने 5.26 लाख रूपये दिया। कुल आठ लाख रूपये देने के बाद भी स्कूल को अनुदानित नहीं किया गया। जिस पर राहुल ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इस पर राहुल ने न्यायालय की शरण ली।
न्यायालय ने दोनों के विरुद्ध केस दर्ज करने के निर्देश दिए। न्यायालय के निर्देश पर दरगाह पुलिस ने दो दिन पूर्व संदीप यादव और अक्षिता सिंह के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि जांच के बाद गिरफ्तारी के लिए टीम भेजी जाएगी।

आमने-सामने हुई बाइकों की टक्कर में जीजा- साले सहित तीन घायल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

धरसवां से पयागपुर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में जीजा -साले सहित एक महिला घायल हो गई। इन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली देहात अन्तर्गत ग्राम डुहरू निवासी इंद्रजीत यादव (18) पुत्र राम छबीले यादव जो अपनी माता मीना देवी व अपने साले सुनील यादव(10) पुत्र अनंत राम निवासी महरौली, थाना पयागपुर को बाइक से लेकर धरसवां - पयागपुर मार्ग पर अपनी रिश्तेदारी में ग्राम महोरी जा रहा था। जब यह तीनों ग्राम कैनी के निकट पहुंचे तो दो बाइक सवार युवकों ने इनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी, जिससे सुनील का पैर टूट गया और मां- बेटे घायल हो गये। इन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया गया। मामूली रूप से चोटहिल मीना देवी को प्रारंभिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि जीजा- साले का इलाज चल रहा है।

परिश्रम ही जीवन की सफलता का रहस्य है- डॉ.पंकज

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जीवन में मेहनत, हिम्मत और लगन से बड़ी से बड़ी कल्पना साकार होती है। सच्ची लगन तथा सच्चे उद्देश्य से किया हुआ प्रयास कभी निष्फल नहीं जाता। यह बात सृजन संस्था हेमरिया गांव टिकोरा मोड़ बहराइच में जैनस इनीशिएटिव्स के संस्थापक डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए कही अपने संबोधन में आगे कहा कि परिश्रम ही जीवन की सफलता का रहस्य है। छात्रवृत्ति उन जरूरतमंद बच्चों को दी जाती है जो पढ़ने में अच्छे एवं कमजोर वर्ग से आते हैं पैसों की कमी से प्रतिभावान छात्रों की पढ़ाई नहीं रुकेगी संस्था द्वारा 12वीं पास छात्रों को 12000 सालाना स्कॉलरशिप 3 वर्षों तक दिया जाता है। मुख्य अतिथि नगर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि मध्यम वर्गीय परिवार या गरीब परिवारों के लिए एक अच्छे स्कूल में पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में जरूरत मंद लोगों को ऐसी योजना जो अपने बच्चों को पढ़ाई में आर्थिक मदद मिल रही है या एक सराहनीय कार्य है। परिश्रम वह चाबी है, जो किस्मत का दरवाजा खोल देती है। सच्चे लगन, धैर्य और मेहनत के बल पर ही सफलता संभव है।

परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने किया चिड़ियाघर का भ्रमण

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण के तहत गोरखपुर के अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान का भ्रमण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने वन्य जीवों और पशु पक्षियों को देखा। छात्र छात्राओं ने कई ऐसे जीवों को भी देखा जिन्हें कभी देखा नहीं था। इनको किताबों और टीवी में देखा था। चिड़ियाघर का भ्रमण कर बच्चों के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। सरकार ने परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षा और व्यवस्था सुधारने के क्रम में प्रशासनिक आदेश के क्रम में बच्चों को खण्ड शिक्षा अधिकारी के अगुवाई में हरी झंडी दिखाकर कर बस की रवानगी की गई। रविवार का दिन शैक्षणिक भ्रमण करने वाले बच्चों के लिए यादगार रहा। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा छात्राओं व शिक्षक/शिक्षिका को गोरखपुर के अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) घूमने के लिए भेजा गया। नए- नए वन्य जीवों को देखकर छात्र आश्चर्य चकित हो रहे थे। विज्ञान व गणित के एआरपी रामाश्रय दूबे और विनोद कुमार ओझा ने बताया कि शैक्षणिक पर्यटन से तरह तरह के वन्य जीवों को देखकर सभी छात्र उनके बारे में आश्चर्य से पूछ रहे थे। छात्रों ने दरियाई घोड़ा, मगरमछ, बाघ गैंडे और शेर को देखकर आश्चर्य चकित हुए।

बच्चों को दवा पिलाने घर-घर जाएंगी स्वास्थ्य टीम

- पांच वर्ष तक के 6.47 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो से बचाव की दवा
- महापौर और सीएमओ ने जिला महिला अस्पताल से किया अभियान का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

जिले में तेरह दिसम्बर तक शून्य से पांच वर्ष तक के करीब 6.47 लाख बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी । इसी कड़ी में महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने जिला महिला अस्पताल से रविवार को दर्जनों बच्चों को दवा पिला कर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया । पहले दिन जिले भर में बने 2148 बूथों पर दवा पिलाई गई, जबकि सोमवार से तेरह दिसम्बर तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर घर जाकर दवा पिलाएंगी। छूटे हुए बच्चों को बी टीमों द्वारा सोलह दिसम्बर को दवा पिलाई जाएगी । सभी ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को दवा पिला कर इस अभियान का शुभारंभ किया गया।

पांच साल से कम उम्र के हर बच्चे को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा - सीएमओ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि पूरे देश से पोलियो का उन्मूलन हो चुका है,लेकिन वैश्विक स्तर पर अभी भी इसका खतरा बना हुआ है। पड़ोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान समेत कई अन्य देशों में भी इसके सक्रिय मामले मिलते रहे हैं। प्रवासियों के जरिये अपने देश में भी इस वायरस के प्रभाव की आशंका बनी रहती है । इसी वजह से बच्चे के जन्म के चौबीस घंटे के भीतर जीरो डोज टीककारण के तहत पोलियो की दवा भी पिलाई जाती है। पांच साल से कम उम्र तक के बच्चों को प्रत्येक अभियान में यह दवा अवश्य पिलाई जानी चाहिए। पोलियो से बचाव की दवा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत भी पिलाई जा रही है। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ एके गर्ग, जिला महिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ जय कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नंदलाल कुशवाहा, एसीएमओ डॉ एके चौधरी, डिप्टी सीएमओ डॉ अनिल कुमार सिंह, सहायक शोध अधिकारी अजीत कुमार सिंह, उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी सुनीता पटेल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से उपेंद्र मणि तिवारी, आदिल, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, यूएनडीपी, जेएसआई समेत कई सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

टीकाकरण और दवा पर है विश्वास

महानगर के घंटाघर स्थित धम्माल मोहल्ले के सतीश शर्मा (32) के नवजात शिशु को महापौर और सीएमओ ने दवा पिला कर अभियान का शुभारंभ किया। सतीश ने बताया कि यह उनका पहला बेटा है और बच्चे का जन्म शनिवार की रात में हुआ। सभी वार्डों में सूचना दी गई थी कि बूथ पर पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी। उनके परिवार के सभी बच्चों का नियमित टीकाकरण जिला महिला अस्पताल में ही होता है और किसी भी बच्चे को कभी कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्हें टीके और दवा पर पूरा विश्वास है, इसी वजह से उन्होंने अपने नवजात शिशु को खुद बूथ पर लाकर दवा पिलवाया।

पांच साल में बार टीकाकरण जरूरी

अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम से पहले जिला महिला अस्पताल में दर्जनों अभिभावकों का नियमित टीकाकरण के प्रति संवेदीकरण किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नंदलाल कुशवाहा और विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ विनय ने उन्हें बताया कि बारह प्रकार की जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए पांच साल में सात बार बच्चों का नियमित टीकाकरण अनिवार्य है। आशा कार्यकर्ता की मदद से नजदीकी सत्र स्थल पर जाकर बच्चों का टीकाकरण समय समय पर करवाते रहें। इस मौके पर यूएनडीपी संस्था से राजीव रंजन, पवन, यूनिसेफ संस्था से संदीप श्रीवास्तव और डॉ हसन फहीम ने भी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

अभियान की होगी नियमित मॉनीटरिंग

सीएमओ ने बताया कि अभियान के दौरान करीब 8.93 लाख घरों के बच्चे पोलियो से बचाव की दवा से आच्छादित किये जाने हैं। घर घर भ्रमण के लिए 1494 टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों की मॉनीटरिंग 518 पर्यवेक्षक करेंगे। कुल 64 मोबाइल टीमें और 290 ट्रांजिट टीमें भी अभियान का हिस्सा बनेंगी। पार्टनर संस्थाएं क्षेत्र में जाकर अभियान को देखेंगी और फीडबैक देंगी। प्रतिदिन होने वाली सांध्यकालीन बैठकों में अभियान की निरंतर समीक्षा की जाएगी।

गोरखपुर में कांग्रेसियों को किया हाउस अरेस्ट

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर के अमटौरा गांव जाने की तैयारी कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। गोरखपुर में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल आज अमटौरा गांव जाएगा। कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल यहां मृतक शिवधनी निषाद के परिवार से मुलाकात करने वाला था। लेकिन इससे पहले ही जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए सभी कार्यकर्ताओं को उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया।दरअसल, शिवधनी की बीते रविवार को रास्ते के विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

पुलिस ने तड़के मारा डेरा

कांग्रेस नेताओं के अनुसार, रविवार सुबह 6 बजे से ही भारी पुलिस बल उनके घरों पर तैनात कर दिया गया था। पुलिस ने किसी को भी बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी। इस कार्रवाई से कार्यकर्ता आक्रोशित हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र की हत्या और सरकार की तानाशाही करार दिया।

होम अरेस्ट किए कांग्रेस नेता

जिला प्रशासन ने कई प्रमुख कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया। इनमें प्रमुख नाम हैं-

- निर्मला पासवान, अध्यक्ष, गोरखपुर
- जितेंद्र पांडेय, पूर्व प्रत्याशी, विधानसभा चौरी चौरा
- मनोज यादव, पूर्व प्रत्याशी, सहजनवा
- सोनिया शुक्ला, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष
- स्नेहलता गौतम, महिला कांग्रेस, चौरी चौरा
- रजनी देवी, विधानसभा खजानी
- शबिहा, महिला कांग्रेस, गोरखपुर महानगर
- देवेंद्र निषाद, विधानसभा ग्रामीण
- बेलीपार राजकुमार यादव, बेलीपार

कांग्रेस का तीखा हमला

कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह कदम पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। गोरखपुर जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान ने कहा, फ्तानाशाही सरकार लोगों की आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है। पुलिस के सहारे आंदोलन को रोकने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कांग्रेस इस दमनकारी रवैये के खिलाफ मजबूती से खड़ी रहेगी। महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सोनिया शुक्ला ने कहा, फ्सरकार हर उस आवाज को दबाना चाहती है जो जनता के हक और न्याय के लिए उठती है। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और जनता के साथ मिलकर इसका जवाब देंगे।

जनता के समर्थन की अपील

कांग्रेस नेताओं ने जनता से अपील की है कि वे इस तानाशाही रवैये का विरोध करें और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि सरकार की फ्हिटलरशाहीफ्र नीतियों का करारा जवाब आने वाले चुनावों में दिया जाएगा।

सुभासपा प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी का बयान, दस वर्ष बाद होगी सुभासपा की सरकार

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जनपद देवरिया के तरकुलवा विकासखंड में सुहलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने चौपाल लगाई और एक चुनाव, एक विधान, एक शिक्षा नीति को लेकर हुंकार भरी। इस दौरान इन्होंने जनता को जागरूक किया और कहा कि एक शिक्षा नीति को लागू किया जाना चाहिए।

कहा कि सबको जागरूक करने आए हैं क्योंकि दस साल बाद सुभासपा की सरकार होगी।

जनपद देवरिया के तरकुलवा विकासखंड के कनकपुरा में पार्टी के प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने चौपाल लगा कर लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचने चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। खास बात रही कि यह चौपाल राजभर बाहुल बस्तियों में लगाए गए थे। राघवेंद्र द्विवेदी ने कहा कि हम सभी लोगों को जगाने और जागरूक करने आए हैं। सभी शोषित वंचित निराश्रित समाज जाग जाए। क्योंकि 10 साल बाद सुभासपा की सरकार होगी। उन्होंने कहा कि हम एक देश एक, एक चुनाव व समान शिक्षा नीति की मांग करते हैं। जब देश में एक चुनाव करने की चर्चा की जा सकती है तो एक शिक्षा नीति को भी लागू करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अब कांग्रेस के पास न तो जनाधार है ना ही वोट है। बसपा का पता ही नहीं है। उप चुनाव के बाद सपा का भी सूपड़ा साफ हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर पंचायती राज व मुस्लिम कल्याण की योजनाओं में कोई गड़बड़ी करेगा तो उसे बक्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष रविंद्र राजभर, प्रदेश महासचिव बलवंत कुशवाहा, जिला सचिव कृपाल राजभर, विधानसभा उपाध्यक्ष श्याम बदन राजभर, विधानसभा प्रमुख महासचिव अभिमन्यु राव, विधानसभा सचिव राधेश्याम राजभर, ब्लॉक उपाध्यक्ष तरकुलवा मोतीलाल राजभर, देसही देवरिया ब्लाक अध्यक्ष सुभाष राजभर आदि रहे।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत दो बूंद जिंदगी की कार्यक्रम के क्रम में रविवार को नगरपालिका परिषद पडरौना अध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन में उनके प्रतिनिधि मनीष जायसवाल द्वारा पुरूष नेत्र चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ कर वहां उपस्थित सभी बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया। जिसमें प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ संजीव सुमन की उपस्थिति प्रमुख रूप से रही। इस दौरान 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गयी। कार्यक्रम के बाद अपने सम्बोधन में अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने बताया कि पोलियो की बीमारी एक अभिशाप की तरह है जिसका इलाज बचपन मे पोलियो की खुराक ही है। दिव्यांगता की समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के साथ ही आसपास के लोगों को पोलियो के प्रति जागरूक करने तथा 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो खुराक पिलाये जाने के लिये सचेत भी किया।

सुभासपा युवा मोर्चा के नए पदाधिकारी मनोनीत

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

फाज़िलनगर ब्लाक के चौराखास बाजार में रविवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की बैठक हुई जिसमें संगठन की मजबूती चर्चा हुई। जिले के युवा मोर्चा के नए पदाधिकारी मनोनीत हुए। जिसमें अभिजीत चौरसिया जिला उपाध्यक्ष, रत्नेश सिंह फाजिलनगर ब्लाक अध्यक्ष ,अतुल पांडेय को विधानसभा अध्यक्ष व पप्पू राजभर को मीडिया प्रभारी मनोनीत हुए। प्रदेश सचिव युवा मोर्चा ओपी राजभर ने कहा कि सबका साथ सबका विकास पार्टी की नीति है। सर्वधर्म समभाव हमारा उद्देश्य है। केंद्र सरकार के महिला आरक्षण विधेयक ने समाज में नई चेतना पैदा की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी राजभर की नीतियों से पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है। प्रदेश प्रवक्ता विजय राव ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबके विकास का कार्य कर रही है। सरकार के कराए विकास कार्य लोगों के सामने है। जिसका प्रभाव उपचुनाव में देखने को मिला है।अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रदीप राव ने कहा कि मुद्दाविहीन विपक्ष अनर्गल बयानबाजी करता है। विपक्ष की तुष्टिकरण की राजनीति जनता समझ गई है। गुडडू राजभर, चंदन राजभर, सौरभ शर्मा, प्रियांशु सिंह व जेपी प्रजापति आदि ने भी संबोधित किया। संचालन अवनीश राय ने किया। अमित सिंह, राम प्रवेश सिंह, योगेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, कार्तिक गुप्ता, राजू सिंह, अजीत राव, सुजीत बर्नवाल आदि मौजूद रहे।

गोरखनाथ मंदिर पहुंचे रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री रवनीत सिंह रविवार को गोरखपुर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया। रेल राज्य मंत्री ने गोरखनाथ मंदिर को नाथ परंपरा का **महाकुंभ** बताते हुए इसे धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बताया। मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री रवनीत सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, सीएम योगी ने नाथ परंपरा को न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर फैलाने का कार्य किया है। उनके प्रयासों ने इस परंपरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है।

धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

रवनीत सिंह ने धार्मिक स्थलों के विकास को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें इस दिशा में लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने ननकाना साहब के दर्शन को सरल बनाने की योजनाओं का भी जिक्र किया और कहा, यह कदम धार्मिक सद्भाव को मजबूत करेगा और पर्यटन को नई दिशा देगा।

नाथ परंपरा से मिली नई ऊर्जा

गोरखनाथ मंदिर में दर्शन के बाद मंत्री ने कहा, नाथपंथ की सर्वोच्च पीठ आकर मैं धन्य महसूस कर रहा हूं। यहां से मुझे देशवासियों की सेवा के लिए नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने वैदिक विधियों के साथ गुरु गोरखनाथ का दर्शन और पूजन किया और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

सिख धर्म और नाथ परंपरा का विशेष जुड़ाव

मंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में धार्मिक सद्भाव के प्रतीक के रूप में सिख और नाथ परंपरा के आपसी संबंधों की सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुरु परंपरा और सिख धर्म के मर्मज्ञ के रूप में उल्लेखित करते हुए कहा, योगी जी का आशीर्वाद मुझे हमेशा प्रेरित करता है। गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने मंत्री का स्वागत किया। दर्शन-पूजन के बाद रवनीत सिंह ने परंपरागत प्रसाद ग्रहण किया और सिद्धार्थनगर के विभागीय लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने के आरोप में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गगहा गोरखपुर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष गगहा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अनिश कुमार सिंह चौकी प्रभारी गजपुर मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा 189/2024 धारा 420, 467, 468, 471, 474 से संबंधित वांछित अभियुक्त भास्कर द्विवेदी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अभियुक्त द्वारा अवैध दस्तावेज लगाकर कर सरकारी नौकरी लेने के संबंध में वादी मुकदमा से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनिश कुमार सिंह चौकी प्रभारी गजपुर थाना गगहा, कांस्टेबल आकाश सिंह, अनिल कुमार, सोनू यादव थाना गगहा जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

आम के पेड़ में दुपट्टा के सहारे लटकता मिला युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस/पनियरा (महराजगंज)। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुजुरी पेट्रोल पंप के पीछे रविवार की सुबह करीब छः बजे आम के बागीचे में पेड़ की डाली में दुपट्टा के सहारे लटकता मिला युवती का शव ।मौके पर पहुंची पनियरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर के अनुसार पनियरा थाना क्षेत्र के मुजुरी खास गांव निवासिनी संजू उम्र करीब 25वर्ष का शव आम के पेड़ में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। पुलिस के अनुसार युवती शनिवार को दोपहर में बिना किसी से बताये घर से निकली थी ।परिजन काफ़ी खोज बीच किये लेकिन पता नहीं चल सका। रविवार की सुबह एक युवती का शव मिलनें की सूचना पर मृतक के छोटे भाई सुजीत ने अपनी बहन संजू की शिनाख्त किया। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी मुजुरी अनिल कुमार राय ने बताया कि शव का पंचनामा भर कर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

ब्रह्मलीन सुगंध नाथ संत की प्रथम पुण्यतिथि पर साधुओं ने दी आहुति

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

ब्रह्मलीन संत की पुण्य तिथि पर आयोजित समाधि स्थल में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के पश्चात आरती का आयोजन किया गया। सत्संग भवन में भजन -प्रवचन किए। भजन- प्रवचन से ब्रह्मलीन संत का श्रद्धालुओं ने गुणगान किया। ब्रह्मलीन सुगंध नाथ महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर रबिवार को पडरौना क्षेत्र के सिद्ध पीठ सिधुआ मंदिर से जुड़ी श्री श्री 108 श्री बाबा बोधी नाथ समाधि स्थल पर सुबह में पंडित खिरकिया निवासी धनंजय पांडेय दास ने श्री सिद्धनाथ मंदिर के पुजारी रहे दिवंगत बोधी बाबा के शिष्य ब्रह्मलीन सुगंध नाथ के समाधि पर उनके प्रथम पुण्यतिथि को वैदिक मंत्रोच्चारण से संपन्न कराया। इसके बाद यहां महागुरु नाम का भंडारा कराया गया,इसमें साधुओं ने प्रसाद ग्रहण की। ब्रह्मलीन सुगंध नाथ के प्रथम पुण्यतिथि के पश्चात सामूहिक आरती आयोजित की गई। आरती में दुर दराज से आए संतो ने ब्रह्मलीन दिवंगत सुगंध नाथ जी के सानिध्य में भजन प्रवचन आयोजित किए। सिधुआ मंदिर सिधुआ स्थान (माफी) समाधि स्थल के पुजारी सुरेश दास ने श्रद्धालुओं को बताया की ब्रह्मलीन दिवंगत और बोधी बाबा के शिष्य सुगंध नाथ जी त्यागी, मोह-माया से दूर,विरक्त संत के रूप में रहे। भगवान की भक्ति भावना में सदैव लीन रहते थे। उनकी शिक्षा सदैव लोभ, मोह, माया से दूर रहने की रही। इस दौरान पुजारी ढोणा कुशवाहा, हरदेव दास, रमेश दास, अर्जुन दास, रामधारी दास, रामदयाल दास, रमाशंकर दास, राजदेव गिरी दास, विश्वनाथ दास, भोला गुरु भाई, सुदर्शन यादव गुरु, भाई गया पाल, धनराज गुरु भाई, दूधनाथ यादव गुरु भाई, किसुनी बाबा, नथुनी चौहान, मोहन गिरी, रमाशंकर दास, दयाशंकर कुशवाहा, रघुनाथ कुशवाहा, लल्लन प्रसाद आदी लोग मौजूद रहे।

मुक़दमे व रासुका की परवाह नहीं, किसानों के हित में लड़ाई रहेगी जारी: राधेश्याम सिंह

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

ढाढा चीनी मिल में एथेनाल फैक्ट्री के लिए जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की गई है उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। उन्हें जिस बर्बरता के साथ जमीन से बेदखल किया गया है इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। किसानों के लिए मेरी लड़ाई उनका हक दिलाने तक जारी रहेगी। इसके लिए मेरे ऊपर मुकदमा दर्ज हो या रासुका लगे मैं डरने वाला नहीं।

उक्त बातें अपने कैम्प कार्यालय पर सपा के कद्दावर नेता व पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह ने एक प्रेसवार्ता के दौरान कही।उन्होंने कहा कि बीते एक दिसम्बर को जिला प्रशासन ने एथेनाल फैक्ट्री के लिए अधिग्रहित जमीन को बिना मुआवजा दिये किसानों से मुक्त कराने के लिए भारी पुलिस बल के साथ जिस बर्बरता का परिचय दिया है जो बर्दाश्त नहीं है। किसानों,महिलाओं को लात जूतों से पीटा गया और उन्हें जानवरों की तरह घसीटते हुए पुलिस की गाड़ी में बैठाकर उन्हें जेल भेजा गया क्या यह सही था। पूर्व मंत्री ने कहा कि जनपद के सभी भाजपा विधायकों ने जहां जमीन के अधिग्रहण पर ही सवाल खड़ा कर दिया है वहीं किसानों को जेल भेजने व बिना मुआवजा दिये जमीन को बर्बरता के साथ उनसे कब्जामुक्त कराया है यह गलत है और किसानों को तत्काल रिहा कराये जाने की मांग की । यही मांग तो मैं भी कर रहा हूं।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर मेरे खिलाफ नोटिस चलाया जा रहा है। वह नोटिस मुझे प्राप्त नहीं हुआ है। नोटिस मिलने पर उचित जवाब दिया जाएगा।

किसानों का हक दिला कर रहूंगा

हरपुर गांव के लोरिक जिनकी जमीन पूर्व में अधिग्रहित कर ली गई है इनके भाई की जमीन में चीनी मिल अपना पानी बहा रहा है। पुलिस की बर्बरता व किसानों की गिरफ्तारी से लोरिक सदमें में थे जिनसे उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि एथेनाल फैक्ट्री लगे इसका मैं विरोध नहीं कर रहा हूं लेकिन किसानों की जमीन उनकी सहमति से और उचित मुआवजा भुगतान कर ली जाय। किसानों की लड़ाई से मैं पीछे हटने वाला नहीं हूं और उनका हक दिला कर रहूंगा।

स्कूली बच्चों ने निकाली पोलियो जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जनपद मुख्यालय रविंद्रनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय से स्कूली बच्चों की पोलियों जागरूकता रैली को मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पटारिया एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी तथा बीएसए रामजियावन मौर्या द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

स्कूली बच्चें पोलियों जागरूकता रैली में दो बूँद हर बार, पोलियों पर जीत रहे बरकरार का नारा लगाते हुये चल रहे थे।

यह रैली प्राथमिक विद्यालय से होते हुये जिला न्यायालय के आगे से होकर पुनः वापस स्कूल पर आकर समाप्त हो गयीं। जागरूकता को सम्बोधित करते हुये सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि पोलियो का अभियान 8 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील किया कि जीरो से पाँच वर्ष के बच्चों को अधिक से अधिक अपने आस पास बने पोलियों बूथ पर लाकर पोलियों का दो बूँद अवश्य पिलाये ताकि आपके बच्चें पोलियो जैसी बीमारी से बच सके। प्रयास ऐसा हो कि कोई बच्चा पोलियो की खुराक लेने से वंचित न रह जाये।

इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी संजीव कुमार सिंह, यूनिसेफ के जिला समन्वयक शहनाज, डब्लूएचओ से विनयशंकर गुप्ता, जिला कोल्ड चेन मैनेजर सत्यप्रकाश दुबे, एआरओ विनोद शाह सहित स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनपद में लगभग 6 लाख बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में 8 दिसम्बर से शुरू होने वाले पोलियो अभियान में पोलियों खुराक से जीरो से पाँच वर्ष के लगभग 6 लाख बच्चों को आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिये जनपद में 8 दिसम्बर रविवार को पोलियो की खुराक पिलाने के लिये एक हाजर पाँच सौ बावन बूथ बनाये गये है। उन्होंने ने बताया कि 9 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक जनपद में एक हजार तिरपन टीमें घर घर जाकर पोलियों की खुराक से छूटे बच्चों को पोलियो पिलायेगी। 16 दिसम्बर को बी टीम द्वारा पुनः घर घर जाकर छूटे हुये बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायेगी। पोलियो अभियान की मॉनिटरिंग के लिये जनपद में तीन सौ चौबीस पर्यवेक्षक लगाये गये है।चौवन ट्रांजिट एवं पच्चीस मोबाइल टीम का गठन किया गया है। उन्होंने पोलियों अभियान की सफलता के लिये जनमानस से अपील किया है।

पेट्रोल पंप संचालकों की मनमानी : न हवा है न पानी, डीजल-पेट्रोल मापने के लिए मांगने पर नहीं मिलते मापक यंत्र

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

तमाम पेट्रोल पंपों पर तो कंप्रेशर और हवा भरवाने के उपकरण तक नहीं हैं। यही नहीं अधिकांश पंपों के ठीक बाहर पंक्चर लगाने वाले बैठते हैं, जो हवा भरने के दस रुपये लेते हैं। पंपों पर न तो पीने का पानी मिलता है और न ही शौचालय हैं।

अलीगढ़ जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ता सुविधाओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। पंपों पर निशुल्क मिलने वाली सुविधाओं में हवा मशीन और पेयजल के वॉटर कूलर नदारद हैं, शौचालय गंदे और बंद हैं। महिलाओं के लिए अलग से शौचालय नहीं है।

पेट्रोल और डीजल की ताजा कीमतें बताने वाले डिस्प्ले बोर्ड तक धुंधले हैं। पेट्रोल का घनत्व बताने वाले डिजिटल बोर्ड भी बदरंग है। वहीं, किसी उपभोक्ता को अगर मापकर पेट्रोल चाहिए तो उसको मापक यंत्र उपलब्ध नहीं कराया जाता है। जिससे घटतौली की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता है। पेट्रोल पंप संचालकों की मनमानी से उपभोक्ता उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं।

जिले में 210 पेट्रोल पंप हैं, लेकिन अधिकांश पंपों पर उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाएं पूरी तरह से नदारद हैं। इस दिशा में पेट्रोल पंप संचालक गंभीरता से सकारात्मक कदम नहीं उठा रहे हैं।

मानकों के मुताबिक पेट्रोल पंप पर वाहन को मुफ्त में हवा भरवाने की सुविधा उपभोक्ता को दी जाती है, लेकिन यह पूरी तरह से बंद हैं। तमाम पेट्रोल पंपों पर तो कंप्रेशर और हवा भरवाने के उपकरण तक नहीं हैं। यही नहीं अधिकांश पंपों के ठीक बाहर पंक्चर लगाने वाले बैठते हैं, जो हवा भरने के दस रुपये लेते हैं। पंपों पर न तो पीने का पानी मिलता है और न ही शौचालय हैं। साथ ही जहां शौचालय बने हैं, उनमें गंदगी की भरमार है।

''पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल भरवाने के लिए आने वालों को पानी, शौचालय व हवा भराने की निशुल्क सुविधा दिए जाने का आदेश है। इसके लिए सभी पंप संचालकों को निर्देश जारी किए गए हैं। यदि किसी पेट्रोल पंप पर सभी सुविधाएं फ्री में नहीं मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।''

-अभिनव सिंह, डीएसओ।

पेट्रोल पंप पर ग्राहकों के अधिकारों का हनन नहीं होने दिया जाएगा। जहां व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हैं वहां व्यवस्थाओं को ठीक कराया जाएगा। जिले में कुल 210 पेट्रोल पंप हैं।

-विजय मंगल गुप्ता, अध्यक्ष, पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन।

तालनगरी स्थित एक पेट्रोल पंप पर अमर उजाला की टीम ने पहुंच कर पेट्रोल मापने के लिए मापक यंत्र मांगा तो पंप कर्मचारी ने मना कर दिया। इसके अलावा यहां पेयतल व्यवस्था नहीं दिखी। फ्री हवा भी पंप से नदारद मिली। यहां अग्निशमन यंत्र भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद नहीं थे।

रामघाट रोड स्थित विद्यानगर कॉलोनी के समीप स्थित पेट्रोल पंप पर अमर उजाला की टीम ने पेट्रोल पंप कर्मचारी से पेट्रोल की गुणवत्ता जांचने के लिए फिल्टर पेपर की मांग की तो पंप कर्मचारी ने देने से मना कर दिया। इसके अलावा यहां आग से निपटने के लिए भी पर्याप्त संसाधन नहीं थे। आग बुझाने वाली बालू की बाल्टियां खाली थीं। इसके अलावा पेट्रोल पंप पर अग्निशमन यंत्र भी नहीं दिखाई दिए।

मसूदाबाद बस अड्डे के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर न तो शौचालय की व्यवस्था है और न ही शुद्ध पानी की व्यवस्था। यहां फ्री हवा की मशीन भी धूल फांक रही थी। अमर उजाला की टीम ने जब पंप कर्मचारी से शौचालय के बारे में जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि यहां शौचालय नहीं हैं। हम तो बस अड्डे के शौचालय का ही प्रयोग करते हैं। पेयजल को लेकर भी समुचित व्यवस्था नहीं थी।

पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए बड़े अंकों में प्रतिदिन के पेट्रोल और डीजल के रेटों को प्रदर्शित किया जाना चाहिए। कुछ पेट्रोल पंपों को छोड़ दिया जाए तो बाकी के पेट्रोल पंपों पर यह रेट केवल मशीन पर ही दिखाई देता है।

जिलाधिकारी ने बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद में रविवार को सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महिला चिकित्सालय टाण्डा से किया गया तत्पश्चात् जिलाधिकारी ने टाण्डा विकास खण्ड के विभिन्न पोलियो बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किया गया। अभियान के शुभारम्भ में आनन्द कुमार शुक्ला मुख्य विकास अधिकारी, डॉ0 राजकुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 रामानन्द अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आई0सी0डी0एस0, उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टाण्डा एवं श्रीमती आरती यादव डी0एम0सी0 यूनीसेफ व डॉ0 आशु सिंह एस0 एम0ओ0, डब्ल्यू0 एच0ओ0 आदि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के अभिभावकों से अपील किया गया कि वे अपने निकटतम पोलियो बूथ पर अपने 0-5 वर्ष तक के बच्चों को ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलायें एवं चिकित्सा विभाग को भी निर्देशित किया गया कि शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलवाना सुनिश्चित करें। जनपद के 305580 बच्चों को पोलियो की खुराक से आच्छादित करने हेतु कुल 1750 बूथ स्थापित किये गये है। रविवार को बूथ पर पोलियो की खुराक से वंचित बच्चों को दिनांक-9 दिसम्बर से 13 दिसंबर तक घर-2 भ्रमण करके खुराक पिलाई जायेगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनता से अपील की गयी है कि किसी प्रकार के अफवाह / दुष्प्रचार के कारण अपने बच्चे को पोलियो की खुराक से वंचित ना करें।

पुलिस कर्मियों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के निर्देशन पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन सभागार में किया गया।

जनपद के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के डॉ सर्वेश कुमार ने बताया कि तम्बाकू के प्रयोग से शरीर के सभी अंग प्रभावित होते है। जिससे विभिन्न प्रकार के कैंसर होने की संभावना होती है, जिसमें मुँह के कैंसर के साथ-साथ हृदय रोग, फेफड़े की बीमारी अधिक होती है। तम्बाकू का सेवन न करने हेतु जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सम्पर्क कर सकते है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर के आस-पास तम्बाकू की बिक्री प्रतिबंधित है, सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू उत्पाद का प्रयोग करना दण्डनीय अपराध है। इस अवसर पर तम्बाकू का प्रयोग न करने की शपथ भी दिलायी गयी। कार्यक्रम में डॉ सर्वेश कुमार, प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय, उ0नि0 बृजमणि यादव व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण आशुतोष मौर्या, सिद्धार्थ सिंह, दिनेश यादव आदि उपस्थित रहे।

बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर डीएम ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

पल्स पोलियो अभियान के तहत बूथ दिवस पर डीएम पवन अग्रवाल द्वारा प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर में बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो खुराक जरूर पिलाने की अपील की। इस दौरान सीएमओ डॉ मुकेश रस्तोगी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

समन्वयक सहित तमाम शुभचिंतकों ने वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक को दी बधाई

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एम एल के पीजी कॉलेज में इग्नू केंद्र के समन्वयक डॉक्टर आलोक शुक्ला सहित अन्य तमाम शुभ चिंतकों ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक के पद पर डॉ अनिल कुमार मिश्र के पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी है।

जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर को एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में इग्नू के समन्वयक डॉ आलोक शुक्ल ने वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्रा को बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया कि आपके नेतृत्व में डिजिटल माध्यम से इग्नू की गतिविधियों एवं विद्यार्थी सहायता सेवाओं का विस्तार किया होगा। समन्वयक डॉ शुक्ल ने बताया कि वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ मिश्र पिछले 32 वर्षों से इग्नू में कार्यरत हैं और देवधर व वाराणसी क्षेत्रीय केंद्रों पर क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्य कर चुके हैं। डॉ मिश्रा को वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक बनाए जाने पर तमाम शुभ चिंतकों ने भी बधाई दी है।

एसयूवी व बाइक की टक्कर में एक घायल

जन एक्सप्रेस/महाराजगंज तराई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरिहरनगर निवासी शाबान ने बताया कि वह शनिवार शाम लगभग 6-00 बजे अपने भाई कलाम उम्र लगभग 45 वर्ष के साथ अपने दूसरे गांव भुजेहरा थाना हरैया जा रहे थे अचानक ललिया के तरफ से आ रही एसयूवी ने खरझार नाले के पास बाइक में टक्कर मारदी जिसमें कलाम गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से घायल को जिला चिकित्सालय बलरामपुर ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है प्रभारी थाना अध्यक्ष दिग्विजय यादव ने बताया है की तहरीर मिली है छानबीन की जा रही है।

मेड़बंदी के लिए किसान से कानूनगो ने मांगे 20 हजार

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। एसडीएम ने बताया कि मामले में कानूनगो को तहसील कार्यालय से संबद्ध कर उसका स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह ने भी मामले में एसडीएम को कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। एक ओर सरकार जीरो टोलरेंस की बात कर रही है, लेकिन तमाम सख्ती के बाद भी भ्रष्टाचार के मामले जिले में थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब एक नया मामला तहसील कोल का सामने आया है। तहसील के कानूनगो अखिलेश शर्मा पर मेड़बंदी के लिए 20 हजार रुपये मांगने का आरोप लगा है। अकराबाद क्षेत्र के भगौसा निवासी किसान भूदेव ने इस मामले की शिकायत शनिवार को कोल तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह से की । किसान ने बताया कि वह अपनी जमीन की पैमाइश के लिए काफी दिनों से तहसील के चक्कर लगा रहा था। पिछले दिनों एक आवेदन उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस पर अधिकारियों ने मामले में जांच के लिए क्षेत्रीय कानूनगो अखिलेश शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर दी। इस पर उन्होंने कानूनगो से कई बार जांच करने का अनुरोध किया।

एएसपी ने सीसीटीएनएस पुलिस कर्मियों के साथ किया बैठक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्वास्तव ने समस्त थानों पर नियुक्त हे0मो0, का0मो0 व सीसीटीएनएस कर्मीयों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में रविवार को बैठक कर एनएएफआईएस सिस्टम की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर को अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) नम्रिता श्रीवास्तव ने समस्त थानों पर नियुक्त हे0मो0, का0मो0 व सीसीटीएनएस कर्मीयों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार कक्ष में बैठक की । उन्होंने राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताया । जिसमें गिरफ्तार अभियुक्तों के फिंगर प्रिंट को जनपदीय फिंगर प्रिंट इकाई में शतप्रतिशत नामांकित कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान एनएएफआईएस जनपदीय फिंगर प्रिंट इकाई के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

सभासद पति द्वारा रिश्वत मांगने का मामला गरमाया

जन एक्सप्रेस । उतरौला बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के नगर पालिका परिषद उतरौला के सभासद पति द्वारा रिश्वत मांगने का प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित शेर आलम ने उप जिलाधिकारी से मिलकर सभासद पति ऐमन रिजवी जान के सुरक्षा की गोहार लगाई गई है। पीड़ित शेर आलम ने बताया कि घूस मांगने का आडियो वायरल होने के बाद ऐमन रिजवी लगाकर मेरे घर के सामने लोगों से चिल्लाकर मुझे मारने को कह रहे हैं। साथ ही हमारा घर गिराने व मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दे रहे हैं। अधिकारियों के नाम पर घूस मांगने को तहसीलदार द्वारा मुकदमा दर्ज कराने के बाद भी उसके उपर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिससे मुझे भय लग रहा है कि वह मुझे छति पहुंचा सकता है। बताना जरूरी है कि बीते गुरुवार को वार्ड नंबर 23 के सभासद प्रतिनिधि ऐमन रिजवी का आडियो वायरल हुआ, जिसमें उसके द्वारा एसडीएम के स्टेनों के द्वारा एसडीएम के लिए व तहसीलदार ईओ के लिए निर्माण कराने के नाम पर 50 हजार का घूस मांगा जा रहा था।

जिसमें पीड़ित शेर आलम असमर्थता व्यक्त कर रहा था। वायरल ऑडियो अधिकारियों के पास पहुंचा तो प्रशासन सकते में आ गया और तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति द्वारा घूस मांगने के आरोपी सभासद पति ऐमन रिजवी पर उतरौला कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया। मामला गंभीर व अधिकारियों के बदनामी से जुड़ा होने के कारण क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने विवेचना स्वयं करनें का निर्णय लिया। मुकदमा दर्ज होने से नाराज ऐमन रिजवी ने गुरुवार रात्रि एक वाट्सएप ग्रुप पर अधिवक्ता आशीष कसौधन के पर रिकार्डेड आडियो भेजकर गलत टिप्पणी कर दी।

जिससे नाराज अधिवक्ताओं ने एडीएम प्रदीप कुमार से मिलकर आरोपी सभासद पति ऐमन रिजवी की गिरफ्तारी व अधिवक्ता पर टिप्पणी को मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। पीड़ित शेर आलम ने बताया ऐमन रिजवी पर कोई कार्यवाही ना होने से उसका हौसला बढ़ा हुआ है।

उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि तहसीलदार द्वारा दर्ज करायें गए मुकदमे व अधिवक्ता व पीड़ित शेर आलम के शिकायत की जांच क्षेत्राधिकारी द्वारा किया जा रहा है।

हटाने से बचते हैं सब: सुबह ही पहुंच जाते हैं फोन...मेरा होर्डिंग नहीं हटना चाहिए

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

शहर में रामघाट रोड पर दुबे का पड़ाव से लेकर क्रासीं चौराहा तक, क्रासीं चौराहे से पीएसी तक, अंदरूनी जीटी रोड पर सारसौल से पनैठी तक, गांधीपार्क बस स्टैंड, केलानगर-दोदपुर से कलक्ट्रेट तक, अनूपशहर रोड, मेडिकल कॉलेज रोड आदि जगहों पर अवैध होर्डिंग लगे हैं।

अलीगढ़ शहर का कोई भी चौराहा देख लीजिए। किसी गली या मोहल्ले में चले जाइए। हर जगह अवैध होर्डिंग नजर आ जाएंगे। कहीं नव वर्ष, कहीं त्योहार की बधाई तो कहीं जन्मदिन वाले होर्डिंग। ऐसा भी नहीं है कि नगर निगम प्रशासन की निगाह इन पर नहीं जाती है। सबको पता है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। अफसर सब जानते हैं, लेकिन इनको हटाने से बचते हैं। दरअसल, होर्डिंग पर सियासी लोगों के फोटो हैं। भले ही इन होर्डिंग के कारण ट्रैफिक बाधित हो रहा हो, चौराहों की शक्ल बिगड़ रही हो लेकिन फिर भी इन्हें हटाया नहीं जाता है।

शहर में ही ऐसे 50 हजार से ज्यादा अवैध होर्डिंग होंगे, जो मुख्य सड़कों, चौराहों की सुंदरता को बिगाड़ रहे हैं। इनसे नगर निगम को भी नुकसान हो रहा है, क्योंकि नगर निगम ने होर्डिंग लगाने के स्थल तय कर रखे हैं। जिससे नगर निगम को राजस्व प्राप्त होता है। मगर इसमें एक बड़ी संख्या उन होर्डिंग की होती है जो पूरी तरह से अवैध हैं।

शहर में रामघाट रोड पर दुबे का पड़ाव से लेकर क्रासीं चौराहा तक, क्रासीं चौराहे से पीएसी तक, अंदरूनी जीटी रोड पर सारसौल से पनैठी तक, गांधीपार्क बस स्टैंड, केलानगर-दोदपुर से कलक्ट्रेट तक, अनूपशहर रोड, मेडिकल कॉलेज रोड, आगरा रोड, मथुरा रोड, घंटाघर, सेंटर प्वाइंट, समद रोड, मैरिस रोड, लक्ष्मीबाई मार्ग, विद्यानगर, स्वर्णजयंती नगर, मान सरोवर, ज्ञान सरोवर में अवैध होर्डिंग, क्रॉस बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स सिस्टम को चिढ़ा रहे हैं। आलम ये है कि बिजली के खंभे तक नहीं छोड़ जा रहे।

नगर निगम द्वारा अवैध होर्डिंग हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। टीमों का गठन कर दिया गया है। शुक्रवार को एटा चुंगी के पास लगे अवैध होर्डिंग हटाए गए हैं। यह अभियान लगातार चलेगा।-वीर सिंह, सहायक नगर आयुक्त।

अलीगढ़ शहर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे, अंदरूनी जीटी रोड, रामघाट रोड पर कई जगह ऐसे होर्डिंग लगे हैं, जिनसे आगे की सड़क देखने में परेशानी होती है। कई बार वाहनों की तेज रोशनी का रिफ्लेक्शन होने से देखने की समस्या होती है। कुछ छोटे होर्डिंग खंभों से सरक कर नीचे आ गए हैं, जो वाहन सवारों से टकराते हैं।

नगर निगम द्वारा शहर भर में केवल 135 स्थल तय किए गए हैं, केवल यहीं होर्डिंग लग सकते हैं। बाकी सब अवैध हैं। जबकि शहर में लगे अवैध होर्डिंग की संख्या 50 हजार से भी ज्यादा होने का अनुमान है। अब सोच सकते हैं कि नगर निगम को कितने राजस्व का नुकसान हो रहा है, लेकिन अधिकारी खामोश हैं।

रैन बसेरा अम्बेडकर तिराहे पर 30 एवं बस स्टेशन पर 10 बेडों की व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित आदर्श नगर पालिका द्वारा जिले में बढ़ रही ठंड को दखते हुए रविवार को रैन बसेरों को शुरू करा दिया गया है। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने 8 दिसंबर को बताया कि अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के निर्देशन एंव अधिशाषी अधिकारी लाल चन्द्र मौर्य के देखरेख में अम्बेडकर तिराहे पर तीस एंव बस स्टेशन पर दस बेड की व्यवस्था की गयी है।

अवैध मिट्टी खनन जोरों पर, प्रशासन मौन

जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर

स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम लोहेपानिया में अवैध मिट्टी खनन जोरों पर है। सुबह से शाम तक धड़ले के साथ अवैध मिट्टी खनन का कार्य हो रहा।

बिना रोक टोक के अवैध मिट्टी खनन माफिया माला माल हो रहे है।

विभागीय अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है। तराई क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन तेजी से हो रहा है। ग्रामीण ननके अब्दुल्ला पंकज शकर आदि ने अवैध मिट्टी खनन रुकवाने की मांग विभागीय अधिकारी से की है खनन अधिकारी ईश्वर चंद्र ने बताया कि अवैध खनन की सूचना मिली जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दुकानदारों का धरना चौथे दिन जारी, नगर पालिका-जांच अधिकारियों पर लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

एसडीएम साहिल कुमार ने कहा है कि दुकानों का मामला 2017 से चल रहा है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर ही की जा रही है। दुकानदारों ने उन्हें ज्ञापन देकर अपनी बात रखी है अतरौली नगर पालिका द्वारा दुकानों को खाली कराने के आदेश के विरोध में दुकानदार धरने पर बैठे हैं। नगर पालिका स्थित गांधी प्रतिमा के सामने दुकानदारों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे प्रेमपाल वर्मा, संतोष लोधी, वीरेंद्र कुमार, गोपाल, नितिन, आंसू शर्मा आदि ने नगर पालिका के आदेश का विरोध किया। दुकानदारों ने कहा कि दुकान आवंटन में उन्होंने वही नियम पालन किए थे, जो नगर पालिका ने दिए थे। बैंक आदि से कर्ज लेकर व्यापार खड़ा किया। नगर पालिका अपनी गलती सुधरकर उन्हें राहत देने के बजाय प्रीमियम बढ़ाकर उन्हीं दुकानों को नए सिरे से आवंटन करने में लगी है। जबकि नगर पालिका ने उनका जमा प्रीमियम अभी तक वापस नहीं किया। नए आवंटन के लिए इन्हीं दुकानों के लिए नगर पालिका 10 गुना प्रीमियम राशि बढ़ाई है। यदि दुकानें खाली करनी ही हैं तो नगर पालिका वर्तमान में बढ़े हुए प्रीमियम की राशि उन्हें वापस दे। कभी भी नगर पालिका या जांच अधिकारियों ने दुकानदारों का पक्ष नहीं सुना। दुकानें खाली कराना एक पक्षीय कार्रवाई है, जिसका विरोध जारी रहेगा। एसडीएम साहिल कुमार ने कहा है कि दुकानों का मामला 2017 से चल रहा है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर ही की जा रही है। दुकानदारों ने उन्हें ज्ञापन देकर अपनी बात रखी है। उनकी बात भी उच्चाधिकारियों के समक्ष रखकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलयुगी पुत्र ने पिता के सिर पर रॉड से हमला कर की निर्मम हत्या

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पारिवारिक विवाद में पुत्र ने पिता पर लोहे की राड से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपित कोतवाली पहुंच गया।सरे शाम हत्या की वारदात से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आरोपित युवक के भाई की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। रविवार देर शाम नगर के मोहल्ला लाइन पार साहूकारा निवासी शिशुपाल (54) का अपने पुत्र रवि और बहू रूबी से विवाद शुरू हो गया। गाली गलौज के विरोध पर आरोपित रवि ने पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। पिटाई से बचने के लिए शिशुपाल छत पर चढ़ गया। पीछा कर छत पर चढ़े आरोपित पुत्र ने पिता के सिर पर लोहे की राड से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी।स्वजनों की चीख पुकार पर आस पड़ोस के दर्जनों लोग एकत्र हो गए। छत पर लहुलुहान शव को छोड़कर आरोपित पुत्र कोतवाली पंहुच गया। सरे शाम हत्या की वारदात से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर अपराध निरीक्षक गजेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच कर जानकारी जुटाई। फील्ड यूनिट की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

> पारिवारिक विवाद में पुत्र ने पिता पर लोहे की राड से हमला कर हत्या की है। आरोपित के भाई की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।
> **विशाल चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर।**

प्रयागराज में होने वाले कुम्भ मेले में आमंत्रण देने को राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार कोलकाता रवाना

- पश्चिम बंगाल में विशिष्टजनों एवं श्रद्धालुओं के लिए आयोजित होने वाले रोड शो में भी होगें शामिल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार प्रयागराज में आयोजित होने वाले आगामी महाकुम्भ में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सहित अन्य विशिष्टजनों को आमंत्रित करने हेतु कोलकाता रवाना हो गये है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश की ओर से नामित किये गये राज्यमंत्री श्री गंगवार आज शाम 05:00 बजे नई दिल्ली के इन्द्रागांधी ऐयपोर्ट से फ्लाईट द्वारा कोलकाता पहुँचगें जहा नेता जी सुभाषचन्द्र भोष इंटरनेशनल हवाईअड्डे पर उतरगें जहा से कोलकाता स्थित उत्तर प्रदेश अतिथि गृह गंगा में रात्रि विश्राम करेगे। राज्यमंत्री श्री गंगवार 9 दिसम्बर को कोलकाता राजभवन जायेगें जहा पश्चिम बंगाल के महामहिम राज्यपाल को आमंत्रण पत्र देकर प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ 2025 में आने को निमंत्रित करेगें। इसके बाद राज्यमंत्री श्री गंगवार इस हेतु कोलकाता में आयोजित होने वाले रोड शो में हिस्सा लेगे जहा राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्रीय स्तर के अधिक से अधिक तीर्थ यात्रियों/ श्रद्धालुओं/ पर्यटकों कुम्भ मेले में आने की अपील करेगें।

राज्यमंत्री श्री गंगवार इसी दिन उत्तर प्रदेश अतिथि गृह गंगा में अपरान्ह 03 बजे आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करेगें। राज्यमंत्री श्री गंगवार प्रेस वार्ता के माध्यम से कोलकाता के लोगो से महाकुम्भ 2025 में प्रयागराज में पहुचने की अपील करेगें।

राज्यमंत्री श्री गंगवार 10 दिसम्बर को कोलकाता स्थित दक्षिणेश्वर माता काली जी के मन्दिर जायेगें जहा दर्शन एवं पूजा अर्चना करेगें।

इसके बाद 5:30 बजे नेता जी सुभाषचन्द्र बोस इंटरनेशनल हवाईअड्डा कोलकाता से फ्लाईट द्वारा प्रस्थान कर रात्रि 08:30 बजे चौधरी चरण सिंह अन्तराष्ट्रीय हवाईअड्डा लखनऊ पहुचगें जहा से रात्रि 09 बजे अपने लखनऊ स्थित आवास पर आयेगें।

प्रदेश कार्य समिति बैठक कानपुर जाने हेतु संगठनात्मक संरचना बनी

- प्रदेश कार्यसमिति बैठक में जिले के 15 व्यापारी लेंगे हिस्सा- अर्जुन सिंह टहलानी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पीलीभीत की प्रथम जिला कार्यसमिति बैठक जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी के आवास पर सकुशल संपन्न हुई।

जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। 22 दिसंबर को एक दिवसीय प्रदेश कार्य समिति बैठक कानपुर में होने जा रही है जिसको लेकर संगठन के लगभग 15 व्यापारी अपनी सहभागिता देंगे।

प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता ने सभी से निवेदन किया कि जल्द से जल्द जिले के सभी नगर पालिका, ब्लॉक एवं नगर पंचायत स्तर तक संगठन को पहुंचाने का कार्य किया जाए जिससे छोटे-बड़े सभी व्यापारी जुड़े और वह अपने व्यापार को सुगम, सम्मान, सुरक्षित और मजबूती के साथ निडर होकर अपने व्यापार को कर सकें।

संगठन ने हमेशा निस्वार्थ भाव से व्यापारियों के सम्मान एवं सुरक्षा देने का कार्य किया है। हम सभी व्यापारियों को जोड़कर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु उच्च अधिकारियों से मिलकर उसका निस्थारण करने का भरसक प्रयास किया जाये। जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी ने सभी नगर अध्यक्षों से आग्रह किया कि वह जल्द से जल्द अपनी बैठक कर संगठन के कार्य को छोटे,बड़े सभी व्यापारियों तक पहुंचाने का कार्य हो

जिससे वह संगठन से जुड़कर अपने आपको और अपने व्यापार को सम्मान और सुरक्षा के साथ कर सकें।

और इस प्रदेश कार्य समिति बैठक के बाद जल्द ही जिला स्तरीय शपथ ग्रहण कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर किया जाएगा। अंत में जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल ने प्रदेश से आए हुए सदस्यता प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र को बैठक में आए हुए सभी व्यापारियों को वितरित करते हुए बैठक के समापन की घोषणा की।

बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी, जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डालचंद सक्सेना, रामजी नाथ सक्सेना, जिला कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा, कन्हैया रामचंदानी, श्याम गुप्ता राजकुमार गजवानी, नगर अध्यक्ष रवि शर्मा महामंत्री हरिपाल यादव, गुड्डू भाई सहित प्रतीक सक्सेना की उपस्थिति रही।

जिलाधिकारी ने कलीनगर गौशाला का किया औचक निरीक्षण

- बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड माधौटांडा में पहुंचकर बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की खुराक
- विद्युत वितरण खंड माधौटांडा में पहुंचकर विद्युत सप्लाई के बारे में ली जानकारी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

रविवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने जनपद की तहसील कलीनगर क्षेत्रान्तर्गत कलीनगर गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 197 में निराश्रित गौवंशों को आश्रित किया गया है। जिलाधिकारी ने गौवंशों की नियमित देखरेख हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने गौवंशों के ईयर टैगिंग व कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि पशु चिकित्सक द्वारा नियमित गोवंशों की देखभाल की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया कि गौशाला में गौवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा व चोकर उपलब्ध हैं। मौके पर केयर टेकर उपस्थित पाए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इसके साथ ही साथ उन्होंने बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड माधौटांडा में पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे सभी को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाए। इसके उपरांत उन्होंने विद्युत वितरण खण्ड माधौटांडा पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत सप्लाई के बारे में जानकारी ली। इस दौरान संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण इलाकों में 18 घटे विद्युत सप्लाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने पर तत्काल उन्हें बदल जाए।इस दौरान उप जिलाधिकारी कलीनगर, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री ने रम्पुरिया रामलीला मेले का फीता काटकर किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एंव चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शनिवार रात को ग्राम रम्पुरिया में आयोजित श्री रामलीला मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होनें क्षेत्र की जनता से सम्बोधित करते हुए कहा की मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर एवं एकता की प्रतीक है। उन्होनें कहा की मेला का आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है इस लिए इनका आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होनें कहा की मेला हमारी एकता और अखण्डता का संदेश देते है। पूर्व में हमारी एकता और अखण्डता को कुछ आंक्रताओं ने नष्ट करने और उसे मिटाने का प्रयास किया लेकिन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को मिटाने में नाकाम रहे। उन्होनें आव्हान किया कि हमें वटना नही है और जाति वर्ग में वटवारा नही करना है। उन्होनें संदेश दिया की हम एक रहेगे तो नेक रहेगे तभी हम सेफ रहेगें। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के देश प्रदेश के लिए किये गये विकास एवं कल्याणकारी कार्यो के साथ ही उपलब्धियाँ बताते हुए भाजपा के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर चलने की अपील की। उन्होनें श्रीराम लीला मेले का आयोजन करने के लिए रामलीला कमेटी के लोगो का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व राज्यमंत्री श्री गंगवार के मेला स्थल पर पहुचने पर मेला कमेटी के मनोज कुमार, प्रतिनिधि ओमप्रकाश आदि ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

किशोरी का अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत नगर के एक मोहल्ले से एक किशोरी का अपहरण करने के मामले में वांछित आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया।

आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के राजापुर हुब्बीगंज गांव निवासी मो आमिर पुत्र रईस ने तीन माह पूर्व नगर के एक मोहल्ले में रिश्तेदारी में रहने के दौरान पड़ोस की एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जानकारी होने पर किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आमिर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी हुई थी।कि मुखबिर की सूचना पर कोतवाली निरीक्षक ने एस आई अशोक कुमार सिंह के साथ स्थानीय रेलवे स्टेशन पर किशोरी के साथ रविवार को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

धान क्रय केन्द्रों पर नहीं है बारदाना, भटक रहे किसान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र के कृषि उत्पादन मण्डी में चल रहे धान क्रय केन्द्रों पर आरएफसी के क्रय केन्द्रों के अलावा 20 अन्य धान क्रय केन्द्रों पर बारदाना न होने के कारण कई दिनों से धान की खरीद बंद पड़ी हुई है। जिसके कारण किसान अपना धान बेचने के लिए इधर उधर भटक रहे हैं।

बीसलपुर कृषि उत्पादन मण्डी समिति में 30 सरकारी धान क्रय केन्द्र संचालित हैं। जिनमें से 20 धान क्रय केन्द्र केवल कागजों में चल रहे हैं। एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है लेकिन धान की खरीद नहीं की गयी। केन्द्र प्रभारियों का कहना है कि बारदाना ही उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

जिसके कारण धान की खरीद नहीं हो पा रही है।

क्रय केन्द्रों पर धान न खरीदे जाने से किसानों को सरकारी मूल्य पर धान बेचने के लिए क्रय केन्द्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

> जिन क्रय केन्द्रों पर धान की खरीद बारदाना न होने के कारण नहीं की जा रही है। बारदाना उपलब्ध कराना संस्थाओं के प्रबंधकों का काम है। मेरा चावल उतार के लिए बारदाना देने की जिम्मेदारी है।
> **विजय कुमार, डिप्टी आरएमओ पीलीभीत।**

ज्योतिष परिवार ने रोमियो लेन में मंगाया विलायती वेज

जन एक्सप्रेस । मेरठ

गंगानगर के डाउन टाउन कांप्लेक्स स्थित रोमियो लेन रेस्टोरेंट में शुक्रवार शाम ज्योतिष परिवार ने खाने में वेज मंगाया लेकिन उन्हें रोस्ट चिकन परोस दिया गया। परिवार ने दूसरे समुदाय के स्टाफ पर जानबूझकर धर्म भ्रष्ट करने का आरोप लगा हंगामा किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में स्टाफ गलती से दूसरे का ऑर्डर परोसे जाने की बात स्वीकार कर रहा है। गंगानगर क्षेत्र निवासी एक ज्योतिष अपनी पत्नी, बेटा और बेटी के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। परिवार ने विलायती वेज ऑर्डर किया था। कुछ देर बाद वेटर रोस्ट चिकन लेकर आया और परोस दिया।

देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार फार्मर की मृत्यु, पत्नी गंभीर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

हजारा। देर रात समारोह से पत्नी के साथ वापस लौट रहे कार सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में फार्मर की दर्दनाक मृत्यु हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव कबीरगंज का मजरा अखंड फार्म नंबर दो निवासी किसान बलजिंदर सिंह(55)शनिवार शाम लगभग छःबजे के करीब अपनी कार से पलिया कलां लखीमपुर-खीरी की ओर से किसी समारोह से वापस कबीरगंज अखंड फार्म अपने घर वापस लौट रहे थे। लखीमपुर-खीरी के गांव त्रिकौलिया के पास पीडब्ल्यूडी मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो जाने से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार चला रहे किसान बलजिंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।कार में सवार मृतक किसान की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को इलाज के लिए लखनऊ भर्ती कराया गया है।वाहनों की टक्कर होने पर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दिया और परिजनों को सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और रो रोकर बूरा हाल हो गया है।यहां बता दें कि मृतक किसान एक बहुत ही मिलनसार और हसमुख किसान था।किसान की मौत की खबर पर पूरे ट्रांस शारदा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है तो वहीं दर्जनों लोगों ने मृतक किसान के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया है।

सर्वांगीण विकास में संसाधनों का विशेष योगदान- परिवहन मंत्री

जन एक्सप्रेस । अर्जुन शर्मा। बदलापुर/जौनपुर। यात्रियों की सुविधा का ख्याल रखते हुए विधायक रमेश चन्द्र मिश्र के अथक प्रयास से आधुनिक सुविधाओं से लैस पांच करोड़ चौवन लाख रुपये की लागत से निर्मित बस स्टैंड बदलापुर का शनिवार को देर रात प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने भव्य लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि संसाधन के पर्याप्त होने से क्षेत्र का ही नहीं अपितु जनपद प्रदेश तथा देश का सर्वांगीण विकास होता है। इसलिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ सड़क, पुल पुलिया, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन के निर्माण में रुचि ले रही है। विधायक रमेश चंद्र मिश्र का प्रयास रंग लाया है। उसी का परिणाम है कि आज बदलापुर को राजकीय बस स्टैंड का दर्जा मिला है। यहां राजकीय बेसन की भी तैनाती कर दी गई है। अब बदलापुर के लोगों के लिए जनपद के विभिन्न कोनों में आने-जाने के लिए संसाधन की कमी नहीं होने पाएगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस बस स्टैंड का निर्माण कार्य साढ़े तीन साल में पूरी तरह से बनकर तैयार हुआ। बस स्टैंड पूरी तरह से यात्रियों के ख्याल को रखते हुए बनाया गया है। विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि बस स्टैंड में रोशनी का पूरा प्रबंध किया गया है। हाईमास्क लाइट से लेकर एलईडी लाइट लगाई गई है। स्टैंड में एक बार में दर्जनों बस खड़ी हो सकती हैं। दो मंजिला भवन बना है।

ट्रांस शारदा क्षेत्र में हजारों नौनिहालों को पिलाया पोलियो ड्राप

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

हजारा। पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत ट्रांस शारदा एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न बूथों पर जिंदगी के दो बूंद के तहत हजारों बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाते हुए उन्हें सुरक्षित किया है। भारत को पोलियो मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर जनपद पीलीभीत में मुख्य चिकित्साधिकारी डा आलोक कुमार शर्मा के दिशा-निर्देश पर पोलियो उन्मूलन अभियान चलाते हुए रविवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा अस्पताल की प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.रश्मि श्रीवास्तव ने अस्पताल में बनें पोलियो बूथ पर जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाते हुए अभियान का शुभारंभ किया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया है कि नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज, बमनपुरी भगीरथ, कंबोज नगर, टिल्ला नंबर चार, राघव पुरी, बाजार घाट, बैल्हा, सिध्द नगर, शास्त्री नगर के अलावा ट्रांस शारदा क्षेत्र के भरतपुर, रामनगर, अशोकनगर, शांतिनगर, आजाद नगर, मुरैना गांधीनगर, श्रीनगर, कबीरगंज, गौतमनगर, विजयनगर, कुठिया गुदिया, नहरोसा, राणा प्रताप नगर आदि गांव के पोलियो बूथों पर स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा जीरो से पांच वर्ष तक के हजारों बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाते हुए उन्हें सुरक्षित किया गया है। इस दौरान स्टाफ नर्स प्रतिभा आशा बहु सुनीता व शीला सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

डेहरी गांव के मुस्लिम बंधुओं को अपने पुरखों का हुआ बोध तो बदल दिया नाम का टायटल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

केराकत क्षेत्र अंतर्गत डेहरी गांव इन दिनों सुर्खियों में है।इन सुर्खियों की वजह भी गांव से जुड़े हुए तकरीबन तीन दर्जन से ज्यादा वह लोग हैं जिन्होंने अपने पुरखों की याद आने पर मुस्लिम नाम के आगे हिन्दू नाम का टायटल दुबे लिखकर अपने पुरखों से नाता जोड़ लिया है। सभी बड़े ही गर्व से कहते हैं कि हम कहीं और के नहीं हैं यहीं भारत के रहने वाले हैं। हमारे पुर्वज हिन्दू ब्राह्मण परिवार से रहे हैं। पांच सात पीढ़ियों पूर्व में छांकने पर हमें अपने पुरखों के बारे में समुचित जानकारी हुई है इतना ही नहीं यहां की मुस्लिम समुदाय के लोग अब गायों की सेवा करना भी शुरू कर दिए हैं।बताया जा रहा है कि 2 साल पहले इस गांव के कुछ लोगों ने अपनी पूर्वजों की तलाश करनी शुरू कर दी जिसमें से नौशाद अहमद अब नौशाद अहमद दुबे हो गए हैं। हालांकि नौशाद को छोड़कर घर के किसी अन्य सदस्य ने अपना सर ने चेंज नहीं किया है वही हाल शेख अब्दुल्ला का भी है जो अब शेख अब्दुल्ला दुबे है ऐसे और भी नाम है जो सुनने को मिल रहा है जो नाम के आगे दुबे,तिवारी शांडिल्य आदि रख गाय की सेवा करने में लगे हुए है।अब सवाल यह उठता है कि अचानक इन लोगों को ऐसी क्या जरुरत आ गई जो पूर्वजों को खोजने लगे और इस अजब खोज में परिवार का महज एक सदस्य ही टाइटल ही क्यों चेंज किया जो चर्चा का विषय भी बना हुआ है।

कुर्ता पैजामा को हम मान लिए थे इस्लामी लिबाज-नौशाद अहमद दुबे

हम लोगो अपनी जड़ों से जुड़ेंगे तो हमारा सौहार्द बढ़ेगा जिससे देश मजबूत होगा इसलिए हम लोगो से कह रहे है कि अपने जड़ों को पता करिए और जड़ों के टाइटल को अपनाइए ये शेख, पठान, मिर्जा, सैयद हमारा भारतीय टाईटिल नहीं है ये विदेशियों द्वारा लाया गया टाईटिल है अब किन परिस्थितियों में लोगों ने अपनाया है और क्यों अपनाया यह तो हमें नहीं बता है। मगर लोगों को अपने जड़ों के टाईटिल को ही अपनाना चाहिए जिससे देश और समाज का भला हो सके।

मुसलमानों के अंदर जो भ्रांतियां है उसके चलते तो हम यही कहेंगे कि हमने अपनी संस्कृति और सभ्यता को छोड़कर दरिद्रता अपना लिए है हमारे पास अपना कुछ नहीं बचा ना टाईटिल बचा ना नाम बचा और ना संस्कार बचा कुर्ता पैजामा को हम इस्लामी लिबाज मान लिए बिरयानी मुगलई खाना को हम इस्लाम मान लिए तो इससे हमें दूर होना होगा हम भारतीय रहकर भी इस्लाम और मुस्लिम फॉलो कर सकते है।

चाकूबाज शिक्षक का वीडियों वायरल मुकदमा दर्ज शिक्षक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

विकास खण्ड हैदरगढ़ शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत विद्यालय में बहन की हुई पिटाई की शिकायत करने गए भाई पर शिक्षक द्वारा चाकू से हमला करने का मामला सामने आया हैं। इस मामले में वायरल हुए वीडियो के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार सुबेहा थाना क्षेत्र के दुर्जन पुरवा गांव निवासी मेहताब की बहन कंपोजिट विद्यालय टिकरहुआ में कक्षा 5 की छात्रा है। पढ़ाई को लेकर शिक्षक द्वारा छात्रा की पिटाई कर दी गई थी। इसकी शिकायत लेकर शनिवार की सुबह लगभग साढ़े 9 बजे भाई मेहताब विद्यालय शिकायत करने गया था। शिकायत से आक्रोशित शिक्षक सरायगोपी गांव निवासी अजय शर्मा आपा खो दिया और आवेश में सविद्यालय के बच्चों के सामने ही गाली गलौज करने लगा। भाई ने विरोध किया तो आरोपी शिक्षक अपना आपा खो बैठा।

इसके बाद शिक्षक ने चाकू से शिकायतकर्ता पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद प्रधानाध्यापक राधेश्याम और अन्य लोगों ने बीच बराव कराया तो किसी तरह से युवक की जान बची।

बताया जा रहा है कि घटना को लेकर पीड़ित ने थाना क्षेत्र के सरायगोपी चौकी पर मामले की शिकायत भी की लेकिन पुलिस ने शिक्षा के मंदिर में चाकू लेकर घूमने वाले दबंग शिक्षक पर कार्यवाही करने की बजाय दोनों पक्षों में सुलह समझौता करा दिया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपस में सुलह समझौता कर लिया था पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी,

परंतु हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने इस मामले में स्वत संज्ञान लेते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

राजनाथ, गोप व अमीर हैदर ने जस्टिस हैदर अब्बास के निधन पर जताया शोक

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस और उत्तराखंड के लोकायुक्त रहे जस्टिस हैदर अब्बास रज़ा के निधन पर गांधी भवन में शोकसभा आयोजित हुई। इस मौके पर गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने न्यायपालिका में जस्टिस हैदर अब्बास रज़ा के उल्लेखनीय योगदान को याद करते हुए निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। श्री शर्मा ने बताया कि जस्टिस हैदर अब्बास रज़ा के जाने से देश ने एक प्रख्यात न्यायविद् और आदर्श व्यक्तित्व खो दिया है। जस्टिस रज़ा को उनके न्यायिक योगदान और लोकायुक्त के रूप में उनकी निष्पक्ष सेवाओं के लिए हमेशा याद किया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि जस्टिस हैदर अब्बास ने कई महत्वपूर्ण मामलों के समाधान में अमिट छाप छोड़ी है। उनका बाराबंकी के गांधी भवन और गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट की गतिविधियों से सीधा जुड़ाव रहा। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा कि जस्टिस हैदर अब्बास रज़ा ने छात्र राजनीति के प्रखर नेता थे। उन्होंने लखनऊ विष्वविद्यालय से वकालत की पढ़ाई पूरी की। लखनऊ विष्वविद्यालय में वह छात्रसंघ अध्यक्ष भी रहे, जहां उन्होंने छात्रों से जुड़े मुद्दों उठाया ही नहीं बल्कि आन्दोलनरत रहते हुए जेल गए। उनके समकालीन छात्रों में अमीर हैदर, इब्ने हसन, श्याम लाल बाजपेई, अब्दुल मन्नान, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, पं. राम औतार दीक्षित, सत्यदेव त्रिपाठी, सैय्यद शिब्ते रज़ी, जितेन्द्र अग्निहोत्री आदि शमिल थे। वरिष्ठ अधिवक्ता अमीर हैदर ने कहा कि जस्टिस रज़ा मेरे सहपाठी थे। छात्र जीवन से ही उनका साम्यवादी आन्दोलन से जुड़ाव रहा। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सरवर अली खान, शिव शंकर शुक्ला, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, पाटेष्वरी प्रसाद, साकेत मौर्य, सत्यवान वर्मा, विनोद भारती, नीरज दूबे, राजू सिंह, राजेश यादव, प्रशान्त पाण्डेय, रणंजय शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।

गड्ढे में पलटा टैऊक्टर, एक की मौत, दूसरा जख्मी

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

रामसने हीघाट। कोतवाली रामसनेहीघाट अन्तर्गत रविवार दोपहर तेज रफ्तर टैऊक्टर-ट्राली हाइवे किनारे एक गहरे गड्ढे में पलट गयी। जिसमें टैऊक्टर में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं दूसरा व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा और लाष का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर थाना असन्द्रा क्षेत्र अंतर्गत अमहिया गांव निवासी सचिन यादव पुत्र मुनेश यादव व अनिल यादव पुत्र अरविंद यादव ट्रैक्टर पर दरियाबाद से ईटा उतारकर वापस जा रहे थे तभी रास्ते मे कोतवाली रामसनेहीघाट के लखनऊ अयोध्या हाईवे पर धरौली गांव के निकट असंतुलित होकर हाईवे के नीचे गहरे खड्ड में पलट गया, बताया गया है कि अज्ञात वाहन द्वारा तेजगति से ट्रैक्टर के आगे से अपना वाहन निकाला जिसके बाद ट्रैक्टर असन्तुलित होकर हाईवे किनारे पलट गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर पर सवार दोनो व्यक्ति उसी में बुरी तरह फंस गये, सूचना मिलने के बाद तत्काल मौके पर पहुची कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस ने दोनों को कड़ी मसक्कत के बाद समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी केंद्र अधीक्षक डॉ अमरेश वर्मा ने बताया कि दो घायलो को अस्पताल लाया गया था जिसमे एक मृत था दूसरे का इलाज किया जा रहा है। कोतवाल ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि हादसे एक कि मौत हुई जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है दूसरे घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है।

सड़क हादसों में सुपरवाइजर समेत चार घायल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

छिबरामऊ। फर्रुखाबाद के मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम सनाड़ ईश्वरी निवासी विकास (40) जलजीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन वाटर प्लांट पर सुपरवाइजर हैं। शनिवार शाम पांच बजे प्लांट से घर जा रहे थे। रास्ते में महरूपुर खार के पास पीछे से आए टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए। प्लांट के कर्मचारी एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे के बाद भाग रहे टैंकर को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वहीं, विशुनगढ़ क्षेत्र के ग्राम पल्यौरा निवासी विनय (40) छिबरामऊ आए थे। घर लौटते समय कैरदा रोड पर ग्राम टीका नगला के सामने बाइक सवार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए। इसके अलावा ग्राम जगतपुर निवासी रमेश (23) साथी गुलशन (19) के साथ सिकंदरपुर आ रहे थे। रास्ते में किसी वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए।

बिल्हौर सपा विधानसभा पूर्वप्रत्याशी रचना सिंह गौतम को घर में नजरबंद, तहसीलदार ने ज्ञापन लिया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर सपा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम ने विधानसभा की दो घटना बिरैचामऊ और माननिवादा के पीड़ित परिवारों को कानपुर मंधना में आ रहे मुख्यमंत्री जी से मिलवाने को लेकर जाने की खबर मिलने पर पुलिस ने पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम को उनके आवास पर नजर बंद कर दिया ओर मौके पर पहुंच कर बिल्हौर तहसीलदार तिमराज सिंह व नायब तहसीलदार सीपी राजपूत को मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन लिया सपा नेत्री ने बताया कि बिल्हौर विधानसभा में आपराधिक घटनाये बढ़ गयी जिसको लेकर पुलिस प्रशासन कोई भी सख्त कदम नहीं उठा रही है पहली घटना मान निवादा में आकांक्षा दुबे की जिसका बीते महीने अपहरण हो गया था जिसकी सुचना उनके परिजन ने थाना बिल्हौर में दी और परिजनों ने काली स्कार्पिओ द्वारा उसकी बेटी का अपहरण की फुटेज पुलिस को सौपी लेकिन पुलिस द्वारा लापरवाही बरतते हुए आज तक आकांक्षा के अपहरणकर्ताओ का पता नहीं लगा सकी जिससे परिजनों में किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त की जा रही है वही सपा नेत्री ने कहा ऐसी अनेको घटनाये है जिसमें पुलिस की लापरवाही के कारण अपराधियों की गिरफ्तारी तक नहीं हो पायी है।

वहीं दूसरी विराइचामऊ की बेटी के दोनों पैरों में रात्रि के समय गोली मार देने की घटना की दोबारा जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय और दोषियों को जेल भेजने को इन्ही सब मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपा अगर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो समाजबादी पार्टी जल्द ही आंदोलन करने को मजबूर होंगी। साथ में दोनों पीड़ित परिवार मौजूद रहे।

सदभावना दिवस के रुप में मनाया जायेगा सोनिया गांधी का जन्मदिन

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

भाजपा सरकार के नापाक मनसूबों को विफल करने के लिये हम अपनी नेता सोनिया गांधी का जन्मदिवस 9 दिसम्बर को सद्भावना दिवस के रूप में मनायेंगे। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोग जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान देकर कांग्रेस पार्टी के प्रेम अहिंसा त्याग बलिदान का संदेश देशवासियों को देकर सोनिया की लम्बी उम्र की कामना करेंगे और मरीजों को फल भी वितरण किया जायेगा। उक्त जानकारी प्रेसवार्ता के माध्यम से अपने ओबरी आवास पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने दी। प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद डा.पीएल पुनिया, जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा, सरजू शर्मा आदि मौजूद रहे।

मकनपुर में उर्स हज़रत सैयद मोहम्मद अरगून जाफरी का हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में मकनपुर हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक दरगाह हजरत जिंदा शाह मदार के आस्ताने आलिया मदारिया सैय्यद हज़रत अरगून जाफरी जानशीन की दरगाह पर होने वाले प्रति दिवसीय उर्स का आगाज इतवार को सुबह नमाज व कुरान ख्वानी से उर्स का आगाज व जलसा किया गया प्रबंध कुतबुल मदार कमेटी समिति ने जानकारी दी की जलसे में मोहम्मद अहमद बस्ती सुल्तानपुर हज़रत अल्लमा मोहम्मद मुफ्ती मोईनुद्दीन अशरफी फैज़ाबाद से तशरीफ़ लाए। कुतबुल मदार प्रबंध समिति के जिम्मेदारों को पगड़ी बांधी गई साथ ही महफिल में मौजूद उलमा को भी चादर पेश की गई। 549वा उर्स जानशीन ए कुतबुल मदार ख्वाजा अबू मोहम्मद अरगुन रजी0 के मैके पर वारिसान अबू मोहम्मद अरगुन कमेटी के सरपरस्त मौलाना इंतिखाब आलम ने बताया कि चादरपोशी वा गुल पेशी की रस्म के साथ उर्स शुरू हुआ कमेटी द्वारा लंगर का इतिजाम किया गया है इस अवसर पर अनस अजीम, हिदायत अहमद, आरिश, आशकार, अरफात अली, अशरफ अली, यासीन, जैनू जमा, आरफीन अख्तर वा कमेटी सदस्य तमाम जायरीन मौजूद रहे।

बस्ती डायट में माध्यमिक शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । बस्ती

बस्ती जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय माध्यमिक शिक्षकों का नवाचारी शिक्षण विधियों के प्रयोग हेतु प्रशिक्षण डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी और हिंदी विषय के 100 शिक्षक प्रशिक्षित किए गए।

रविवार को दोपहर 3 बजे सम्बोधित करते हुए संयुक्त शिक्षा निदेशक ओम प्रकाश मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है ऐसे समय में शिक्षक परंपरागत विधियों तक सीमित नहीं रह सकते उन्हें छात्रों के सामने आधुनिक समय के मांगों के अनुरूप नवीन शिक्षण विधियों के साथ विषय को प्रस्तुत करना चाहिए।

डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षकों को नवाचारों का प्रयोग करना चाहिए जिससे बच्चों में विषय के प्रति रुचि उत्पन्न हो।

प्रशिक्षण में शिक्षकों को विभिन्न विषयों की बारीकियां से अवगत कराया गया।

नवाचारी शिक्षण विधियों के माध्यम से सरल व रोचक तरीकों से शिक्षण को प्रभावी बनाए जाने के ढंग पर प्रकाश डाला गया।

प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षण प्रभारी डॉ रविनाथ त्रिपाठी एवं नोडल प्रवक्ता कुलदीप चौधरी ने किया।

प्रशिक्षण को सकुशल संपन्न कराने में प्रवक्ता शशिदर्शन त्रिपाठी, कल्याण पाण्डेय, अलीउद्दीन एवं सरिता चौधरी ने अपना योगदान दिया।

सडक हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत, घर में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। थाना मोहम्मदपुर पुर खाला क्षेत्र में दो बाइक सवारों की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में शनिवार की देर रात रंजीतपुर सोनहरा मोड पर इसी गांव के निवासी बाइक सवार 45 वर्षीय उमाकांत सिंह पुत्र अमरपाल सिंह व कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लापुर रानीमऊ निवासी (55) वर्षीय राजेश कुमार पुत्र रामजीलाल व अंकित पुत्र रामनारायण की दोनों बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बीचों-बीच सड़क पर गिरकर तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आवागमन कर रहे स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से तीनों को सीएचसी सूरतगंज भेजा। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उमाकांत व राजेश को मृत घोषित कर दिया। वही वही अंकित की हालत को गंभीर देखते हुए उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस दर्दनाक हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने बताया, सगाई समझ में शामिल होने के लिए बिंदोरा क्षेत्र के घर थरिया गांव जा रहे थे। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया, कि घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजने के साथ साथ दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जाच-पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पत्नी का आरोप, साजिश के तहत दबंगों ने की पति की हत्या

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। थाना क्षेत्र में साजिश कर आरोपियों ने एक व्यक्ति से अपने हक में वसीयत कराने के पश्चात पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर मो0पुर खाला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। ज्ञात हो थाना मो0पुर खाला क्षेत्र के ग्राम उमरी विशुनपुर निवासी दयावंती का पति लखनऊ में घंटाघर ढाल निवासी शमा परवीन के घर में नौकरी करता था। इस दौरान मोहल्ला दाउत नगर फैजुल्ला गंज में कपिल मिश्र के घर पर किराए पर रहता थे। सात नवंबर को बीमार होने पर महिला के पति को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीडिता ने आरोप लगाया है कि उसके पति प्रदीप कुमार को अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर तहसील राम नगर में ले जाकर कपिल ने अपनी पत्नी प्रीति मिश्रा के नाम वसीयत करा ली। इस मामले में मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

घायल यात्री ने लिखाया बस चालक के खिलाफ मुकदमा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। सौरिख। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 141 के पास हुए हादसे में घायल यात्री मनोज कुमार निवासी ग्राम अकबरपुर थाना मल्लावां जनपद हरदोई ने बस चालक के खिलाफ सकरावा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें लिखा है कि बस चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए एक्सप्रेसवे पर टैंकर में टक्कर मार दी।

अड़ंगापुर नाले से जोड़ा जाएगा सदिकापुर गांव को जलमग्न करने वाला शेखाना नाला

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

सदिकापुर गांव का शनिवार को निरीक्षण करने के बाद समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शेखाना नाले को चकरोड से होते हुए अड़ंगापुर नाले से जोड़ा जाए। साथ ही इसका प्रस्ताव बनाकर जल्द भेजा जाए। अब गांव वालों को उम्मीद जगी है कि उनकी 20 साल की समस्या का समाधान हो जाएगा।

बता दें कि सदिकापुर गांव में 20 वर्षों से शेखाना नाले का गंदा पानी 250 बीघा कृषि भूमि में भरा हुआ है। इसमें जलकुंभी भी फैल गई है। कुछ माह से नाले के पानी का बहाव तेज होने के कारण घरों व स्कूल के बाहर भी गंदा पानी भर गया है। पुलिस लाइन जाने वाले मार्ग पर कई फीट पानी भरा है, जिससे आवागमन अवरुद्ध हो गया है। अमर उजाला एक पखवाड़े से इस समस्या को उजागर कर रहा है।

इसी का संज्ञान में लेकर शनिवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री गांव पहुंच थे। गांव का निरीक्षण करने के बाद मंत्री ने सीवरेज प्लांट के अधिकारियों को फटकार लगाई। इस पर अफसरों ने एक सप्ताह में 50 मीटर चोक हो चुकी सीवर लाइन को जेटिंग मशीन से खोलने का वादा किया, लेकिन मंत्री को उनका प्रस्ताव सही नहीं लगा। उन्होंने नाले को अड़ंगापुर नाले से जोड़ने का निर्देश दिया।

वहीं, इस दौरान सदर विधायक व राज्य मंत्री असीम अरुण ने जल निगम के एमडी सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान छह वर्ष पहले बने सीवरेज प्लांट के अभी तक नगर पालिका को हैंडओवर नहीं होने और 86 करोड़ रुपये ठेकेदार को भुगतान करने का मामला भी सामने आया। मंत्री ने जल निगम के एमडी राजशेखर को उच्च स्तरीय जांच कराने के आदेश दिए हैं।

पानी में चलकर सदिकापुर गांव पहुंचे मंत्री

मंत्री पुलिस लाइन मार्ग से नाले के पानी से गुजरते हुए सदिकापुर गांव तक पहुंचे। उन्होंने गांव के लोगों व प्रधान विकास बाबू कनौजिया से प्रकरण व समस्या के बारे में जानकारी ली। मौके पर मौजूद कानपुर से आए सीवरेज प्लांट के अधिकारी मोहित चक को फटकार लगाई। मंत्री ने कहा कि 89 करोड़ के सीवरेज प्लांट को चालू करने के बजट में ठेकेदार को 86 करोड़ का भुगतान कर दिया गया, लेकिन प्लांट नगर पालिका को हैंडओवर नहीं किया गया है। नगर पालिका चेयरमैन पति हाजी रईस ने बताया कि गांव से लेकर शहर में सीवरेज प्लांट का काम सही से नहीं किया गया है। इस कारण सीवरेज प्लांट को हैंडओवर नहीं किया गया है। मंत्री ने पुलिस लाइन मार्ग का निरीक्षण कर गांव की दुर्दशा देखी।

प्रधानाध्यापक ने भी रोया मंत्री से दुखड़ा

मंत्री ने प्राथमिक स्कूल जाकर प्रधानाध्यापक स्वप्निल गंगवार से समस्या पूछी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि गंदे नाले का पानी भरने से बच्चों की संख्या घट गई है। विभाग संख्या पर जोर दे रहा है। स्कूली की चहारदीवारी टूटी है, ऐसे में नाले के पानी में गिरने से कोई बच्चा हादसे का शिकार हो सकता है। मंत्री ने अड़ंगापुर नाला व शहर में सीवरेज प्लांट को लेकर कराए जा चुके काम की समीक्षा की।

गाय के गोबर से दंतमंजन और फेसपैक बनाएगी बीहड़ की गोशाला

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

दूध और घी के लिए ही गोपालन करने वालों के लिए यह जरूरी खबर है। गाय के गोबर और मूत्र को भी आमदनी का जरिया बनाने के लिए कई जरूरी उत्पाद बनाए जाएंगे। इसमें पूजन सामग्री और फसल को कीटनाशक से बचाने के लिए उत्पाद तो बनेंगे ही अब गोबर से दंतमंजन और फेसपैक भी बनाए जाएंगे। इसके लिए पहल हो चुकी है।

शहर के करीब खानपुर गांव की गोशाला को एक संस्था के हवाले कर दिया गया है। ग्राम प्रधान शफीक खान ने बताया कि अब तक गोशाला का संचालन वही कर रहे थे। अब संस्था ने पहली दिसंबर से वहां की जिम्मेदारी संभाल ली है। सबसे पहले वहां साफ-सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है। गोबर इकट्ठा करने का काम शुरू हो गया है। जल्द ही वहां गोबर और गोमूत्र से जुड़ी सामग्री बनाने का काम शुरू किया जाएगा। संवाद

रोजाना एक टन गोबर और 100 लीटर गोमूत्र से बनेंगे उत्पाद

पीपीपी मॉडल के तहत गोशाला के संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे संतोष गुप्ता के मुताबिक इन समय गोशाला में 96 गोवंश हैं। औसतन एक दिन में एक टन गोबर और 100 लीटर गोमूत्र इकट्ठा होगा। इन्हें बिना किसी रसायन के ही मशीन की मदद से अलग-अलग उत्पाद बनाए जाएंगे। मशीन की मदद से गाय के गोबर का पाउडर बनाया जाएगा। उसे मुल्तानी मिट्टी, अमृत धारा, फूल का अर्क, संतरे के छिलके का पाउडर का लेप बनाकर फेस पैक बनाकर बाजार में उतारा जाएगा। इसी तरह गाय के गोबर का पाउडर बनाकर उसमें लौंग का तेल, अजवाइन, पिपरमिंट, कपूर, नमक, लटजीरा को मिलाकर दंतमंजन और टूथपेस्ट बनाया जाएगा। साथ ही गोबर से वर्मी कंपोस्ट और नाडेप कंपोस्ट तैयार किया जाएगा। गोमूत्र से पौधों के लिए कीटनाशक और फिनायल के साथ ही गोमूत्र अर्क तैयार किया जाएगा, जो लीवर, किडनी जैसी बीमारी के इलाज में काम आएगा। गोबर को सुखाकर उसके पाउडर से पूजन सामग्री के लिए दीपक, मूर्तियां और धूप बत्ती बनेगी। स्वयं समूह की 90 महिलाओं को ट्रेनिंग दी गई है।

कार्यालय नगर पंचायत कदौरा (जालौन)

पत्रांकः154 / न0पं0 कदौरा / सार्वजनिक सूचना / 2024-25 दिनांक 31 अगस्त, 2024

सार्वजनिक सूचना

स्वच्छ भारत मिशन नगरीय योजना के अन्तर्गत कार्यालय नगर पंचायत कदौरा के पत्र संख्या-133 / न0पं0 कदौरा / सार्वजनिक सूचना/2024-25 दिनांक 12.08.2024 के द्वारा नगर पंचायत कदौरा के समस्त 12 वार्डो में जनित होने वाले Faecal Sludge को वार्ड नं0 3 पुरवा स्थित DRE (Deep Row Entrenchment) पद्धति से निस्तारित कर निकाय के समस्त 12 वार्डो को (ODF++) किये जाने एवं समस्त 12 वार्डो में खुले में शौच मुक्त (ODF++) से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति / सामाजिक संस्था से विज्ञप्ति जारी होने के 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति / सुझाव कार्यालय नगर पंचायत कदौरा में प्राप्त नही हुए। अतः नगर पंचायत कदौरा सीमान्तर्गत समस्त 12 वार्डो को (ODF++) घोषित किया जाता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कदौरा-जालौन

अध्यक्ष
नगर पंचायत कदौरा-जालौन

किसानों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च टाला

हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, पानी की बौछारें मारकर खदेड़ा, 8 किसान घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शंभू बॉर्डर

पटियाला। पंजाब के 101 किसान रविवार (8 दिसंबर) को दोपहर 12 बजे पैदल शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन पुल पर हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। करीब पौने 4 घंटे बाद जत्थे को वापस लौटना पड़ा। शुरुआत में पुलिस और किसानों के बीच बहस हुई। इस दौरान हरियाणा पुलिस ने किसानों से दिल्ली जाने का परमिशन लेटर मांगा। उन्होंने कहा कि बिना परमिशन के वह दिल्ली नहीं जा सकते। इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 7-8 किसान घायल हुए। इसके साथ किसानों पर पानी की बौछार भी की गई। हालांकि इस बीच हरियाणा पुलिस ने किसानों पर फूल भी बरसाए। किसान नेता सरवन पंधेर के मुताबिक एक किसान की हालत गंभीर है। उसे चंडीगढ़ क्लढ्ढ रेफर किया गया है। ऐसे में जत्थे को वापस बुलाने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि कल दोनों फोरम फैसला करेंगे कि आगे कब जाना है। किसान केंद्र सरकार से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्र्स्क्क) की गारंटी के कानून समेत 13 मांगें कर रहे हैं। इससे पहले 6 दिसंबर को भी किसानों ने दिल्ली कूच करने की कोशिश की थी, लेकिन हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, जिसमें 8 किसान घायल हो गए। इसके बाद पंधेर ने किसानों को वापस बुला लिया।

किसान नेता मनजीत बोले, सरकार षड्यंत्र रच रही

किसान नेता मनजीत राय ने कहा कि 6 किसान ज्यादा इंजर्ड हुए हैं। वह अस्पताल में भर्ती हैं। हरियाणा सरकार षड्यंत्र रच रही है। हमारे ऊपर फूल बरसाए गए, लेकिन उनमें भी केमिकल था। इसके बाद टीयर गैस छोड़ी। ये सब काफी घातक था। किसान नेताओं ने कहा कि कई घायल किसान ऑक्सीजन गैस सिलेंडर लगाकर अस्पताल गए हैं। पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं। एक किसान के सिर पर टीयर गैस का बम लगा। हरियाणा पुलिस ने दोहरी नीति अपनाई। पहले किसानों को चाय ऑफर की गई। इसके बाद फूल गिराए गए, लेकिन इसके साथ ही टीयर गैस छोड़ी गई। वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया।

आंसू गैस के गोलों के कारण 3 किसान घायल

फूल बरसाने के बाद पुलिस ने किसानों पर आंसू गैस के गोले दागे। जिसमें 3 किसान घायल हो गए। घायल किसानों की पहचान करनैल सिंह, मेजर सिंह, दिलबाग सिंह गिल के रूप में हुई है। जिन्हें पटियाला के राजपुरा में रेफर किया गया है। अब तक 4 किसान घायल हो चुके हैं। शंभू बॉर्डर पर बनाए गए शेड पर खड़े होकर हरियाणा पुलिस ने किसानों पर फूल बरसाए। हालांकि किसानों ने आरोप लगाया कि फूलों में केमिकल मिला हुआ था। जिससे उनकी आंखों में जलन होने लगी। हरियाणा पुलिस की तरफ से छोड़े गए आंसू गैस के गोलों के कारण एक किसान घायल हो गया। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर किसान को पटियाला के राजपुरा में रेफर किया गया है। बता दें कि घायलों को ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की हुई है। हरियाणा पुलिस ने दोबारा आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। इससे एक किसान घायल हुआ है। उसे अस्पताल रेफर किया गया है। किसान की पहचान बठिंडा के रेशम सिंह भगता भाई के रूप में हुई है। 2 दिन पहले भी आंसू गैस के गोलों के कारण 8 किसान घायल हुए थे।

आंसू गैस के गोले छोड़ने से मची भगदड़

आंसू गैस के गोले छोड़े जाने के बाद शंभू बॉर्डर पर भगदड़ मच गई थी। क्योंकि आज हवा अंबाला से पंजाब की साइड चल रही है। इससे पंडाल की तरफ आंसू गैस आ रही थी। एंबुलेंस और वालंटियर अलर्ट हो गए हैं। हरियाणा पुलिस किसानों और मीडिया कर्मियों को चाय-बिस्किट ऑफर कर रही है। हालांकि किसान चाय और बिस्किट नहीं ले रहे हैं। इस दौरान जय जवान जय किसान के नारे भी लगाए गए।

हरियाणा पुलिस को लिस्ट न दें

बॉर्डर पर गए 101 किसानों को मंच से कहा गया है कि हरियाणा पुलिस को कोई लिस्ट नहीं देनी है। हमारी लिस्ट पहले गई हुई है। आप अपना संघर्ष जारी रखें। दरअसल, हरियाणा पुलिस ने किसानों से कहा कि हमें पता तो होना चाहिए कि जो लोग हमारे एरिया में आने वाले हैं वह किसान हैं या नहीं। हरियाणा पुलिस की तरफ से किसानों की हाजिरी लगाई जा रही है। किसानों को कहा गया है कि वह वेरिफिकेशन करवाएं। पुलिस ने कहा कि पहचान पत्र साथ होना चाहिए। साथ ही पुलिस का कहना है कि किसान सहयोग नहीं कर रहे हैं।

पंजाब पुलिस बोली, मीडिया उचित दूरी से कवरेज करे

पटियाला के एसएसपी नानक सिंह ने मीडिया के लिए आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर को किसानों ने दिल्ली की ओर कूच किया था। बार-बार मीडिया से अनुरोध किया गया था कि बॉर्डर से दूरी बनाकर कवरेज करें। ताकि उन्हें चोट ना लगे, लेकिन इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया गया। इसलिए दोबारा से अनुरोध है कि मीडिया सुरक्षित दूरी बनाकर कवरेज करे।

पंधेर बोले, सरकार टकराव की नीति छोड़ मसलों को हल करे

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि आमरण अनशन को 13 दिन हो गए हैं। हमारा कार्यक्रम शांतिपूर्ण चल रहा है। सरकार हमें न दिल्ली जाने दे रही है और न ही हमारी समस्याओं का हल कर रही है। भगवान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सद्बुद्धि दें और हमारे मसलों को हल करें। सरकार को ऐसा लगता है कि हमारे खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाकर सफल हो जाएंगे। सरकार को टकराव की नीति छोड़कर मसलों को हल करना चाहिए। हमारा 9 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी के पानीपत के कार्यक्रम का विरोध करने का कोई प्रोग्राम नहीं है।

बांग्लादेश के हिंदुओं पर अत्याचार के मुद्दे पर एक जुट हुआ हिन्दू

हिंदू आक्रोश सभा में उमड़ी भारी भीड़ , राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार को लेकर भारत भर में हिंदू संगठन ,गैर राजनीतिक नेताओं और संत समाज सहित राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक सेवाओं के लगे संगठनों के आह्वान पर विशाल जनसभा का आयोजन गाजियाबाद जनपद के कविनगर रामलीला ग्राउंड में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के प्रमुख और दूधेश्वरनाथ मंदिर के प्रमुख नारायण गिरी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार से इस्कॉन मंदिर समूह के कार्यकर्ता चिन्मय दास के साथ व्यवहार किया जा रहा और हिंदू बहन बेटियों समेत पूरे हिन्दू समाज पर अत्याचार किए जा रहे यह असहनीय और पीड़ा दायक है। अविलंब भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र संघ में।हिंदुओं के खिलाफ़ बांग्लादेश में अत्याचार बंद करते हुए उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की शुरुआत करनी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता और बाल जी मठ के पीठाधीश्वर स्वामी जीवनऋषि जी महराज ने कहा कि हिंदुओं पर अत्याचार करके बांग्लादेश पुनः अपने एक और विखंडन की ओर जा रहा है। अब सरकार ऐसी पहल करे जिससे देशभर के हिंदू सरकार पर विश्वास और बढ़ा सके । कार्यक्रम में सभी वक्ताओं और नेताओं ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर अलगटर कट्टरपंथी तत्वों के अत्याचार कांशीआजर हो रहे हिन्दुओं पर सरकारी की निष्क्रियता पर जमकर भड़ास निकाली । वक्ताओं ने महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं को रोकने में विफल साबित होने पर बांग्लादेशी सरकार की आलोचना भी किया। भारी जनसमूह सहित 44 संगठनों के द्वारा आहूत हिन्दू आक्रोश सभा द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा । जिसमें हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा और अत्याचार पर तुरंत रोक लगाने की मांग , इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्णदास समेत हिंदुओं नेताओं और संतों की अविलंब रिहाई , हिंदू समुदाय की सुरक्षा और धार्मिक स्थलों पर हमले तत्काल रोक जाए तथा बांग्लादेश को अंतरराष्ट्रीय सहायता तत्काल रोकने की मांग प्रमुख थी ।

हिंदुओं की सभा लेकिन तंत्र पूरा भाजपाई

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गैर राजनीतिक और भाजपा समेत भाजपा जुड़े संगठन की भूमिका और सहभागिता ज्यादा दिखाई । संघ, विहिप और उसके संस्थाओं ने सार्वजनिक और मंच का इस्तेमाल नहीं करते हुए जमीनी रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ी भूमिका निभाई । भाजपा के प्रदेश सरकार के मंत्री और क्षेत्रीय विधायक सुनील शर्मा , नन्द किशोर गुर्जर समेत भाजपाई निगम पार्षद से लेकर संगठन और प्रकोष्ठों से जुड़े नेता भारी संख्याएं में शामिल रहे । हालांकि भाजपा मंत्री और विधायक भले मंच पर नहीं बैठे हो लेकिन हिंदुत्व के मुद्दे पर संगठन की राय को जरूर स्पष्ट कर दिया है। ज्ञात हो कि ऐसे प्रदर्शन प्रदेश भर में आयोजित हों रहे हैं।

राजस्थान में स्कूली बच्चों की बस पलटी, 3 की मौत

- ब्रेक फेल होने से एक्सीडेंट; पिकनिक के लिए जा रहे थे, 17 स्टूडेंट्स गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बाली

राजस्थान के राजसमंद जिले में स्कूली बच्चों की बस पलट गई। हादसे में 3 छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हेडमास्टर समेत 17 स्टूडेंट्स गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में कुल 67 लोग सवार थे। इनमें 62 बच्चे, 6 टीचर और एक ड्राइवर था। जिले के देसूरी नाल में रविवार सुबह करीब 10ञ्30 बजे हुए हादसे का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। हेडमास्टर और 15 बच्चों का राजसमंद के आरके हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को उदयपुर के महाराणा भूपाल हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां से उसे परिजन निजी हॉस्पिटल ले गए। वहीं, ???37 बच्चों को इलाज के बाद छुट्?टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार, बस चारभुजा (राजसमंद) से देसूरी (पाली) की ओर जा रही थी। इसमें राछिया (आमेट, राजसमंद) के महात्मा गांधी स्कूल के बच्चे थे। बच्चे पाली के परशुराम महादेव मंदिर दर्शन और पिकनिक के लिए जा रहे थे। वे सुबह 8 बजे स्कूल से निकले थे। पंजाब मोड़ घाटी पर बस बेकाबू होकर पलट गई। गुस्साए परिजनों ने दोपहर में चारभुजा सीएचसी के बाहर चारभुजा-राजसमंद रोड को जाम कर दिया। पुलिस के समझाने के बाद वे रास्ते से हटे। शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद तीनों छात्राओं के शव परिजनों को सौंप दिए गए।

चारभुजा-राजसमंद रोड जाम कर बैठे परिजन

चारभुजा सीएचसी के बाहर गुस्साए परिजनों ने दोपहर करीब 2ञ्30 बजे दोबारा चारभुजा-राजसमंद रोड पर जाम लगा दिया और आने-जाने वाहनों को रोका। इससे पहले दोपहर 1ञ्15 बजे परिजनों ने रास्ता जाम किया था, लेकिन पुलिस ने 20 मिनट बाद ही रास्ता खुलवा दिया था।

बस में सवार थे 62 बच्चे

बस में कुल 62 बच्चे सवार थे। इनमें आठवीं क्लास के 26 बच्चे आरती वैष्णव, भावेश गुर्जर, भोजाराम गुर्जर, धर्म सिंह, दुर्गेश गुर्जर, गौरी कुमारी, हंसराज ढोली, कानाराम, कनका कुमारी गुर्जर, कांता कुमारी, किशन गुर्जर, कृष्णा गुर्जर, ललिता नट, लक्ष्मी कुमारी साल्वी, ममता नट, ममता साल्वी, मूलाराम साल्वी, राकेश प्रजापत, रमेश प्रजापत, वर्षा कंवर, रिंकू गुर्जर, भानु कंवर, सीता गुर्जर, वंदना प्रजापत, विकास साल्वी और युवराज सिंह थे। सातवीं क्लास के 19 बच्चे बंशीलाल, भावेश गुर्जर, भावेश साल्वी, दीपक रैगर, धर्मचंद गुर्जर, दिनेश, गीता गुर्जर, जेठू गुर्जर, कन्हैयालाल, कर्ण गुर्जर, कृष्णा साल्वी, लोकेश कुमार, मदनलाल, निर्भयराज सिंह, पूनम गुर्जर, राहुल नाथ, उर्मिला नट, विक्रम नाथ और विनोद कुमार सवार थे।

हॉस्पिटल के बाहर रोने लगी महिला

16 बच्चे और 1 हेडमास्टर को चारभुजा हॉस्पिटल से राजसमंद के सरकारी आरके हॉस्पिटल में रेफर किया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। चारभुजा हॉस्पिटल के बाहर पहुंची एक महिला सड़क पर बैठकर रोने लगी। उसने कहा- मुझे राजसमंद ले जाओ। ओ मेरी वर्षा... कहकर महिला बेसुध होकर गिर गई। मृतक बच्चियों के शव चारभुजा हॉस्पिटल (राजसमंद) की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं। हादसे के बारे में जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन चारभुजा हॉस्पिटल पहुंचे हैं।

मृतकों में तीनों बच्चियां

हादसे में 3 बच्चियों की मौत हो गई। इनमें ललिता नट (14) पुत्री प्रकाश निवासी मानक देह (आमेट), आरती नट (12) पुत्री मीठालाल निवासी आमेट और प्रीति कंवर पुत्री पिंटू सिंह हैं। जानकारी के अनुसार मृतक बच्चियों के चेहरे बुरी तरह से कुचल गए।

हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है- कलेक्टर

राजसमंद कलेक्टर बाल मुकुंद असावा ने बताया- आमेट के राजकीय स्कूल के बच्चे पिकनिक पर जा रहे थे। एक्सीडेंट में तीन बच्चियों की मौत हुई है। 14 बच्चे घायल हैं, जिन्हें चारभुजा हॉस्पिटल भिजवाया जा रहा है। देसूरी की नाल में काफी टर्न हैं। संकेतक चिह्न भी लगाए गए हैं। पता लगाएंगे बस ओवरलोड थी या कुछ और कारण है।

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर होंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन रविवार को विपक्ष के 105 विधायकों ने शपथ ली। इन सभी ने ईवीएम के मुद्दे पर 7 दिसंबर को शपथ लेने से इनकार करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया था। कांग्रेस के नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार और अमित देशमुख, NCP-SP नेता जितेंद्र अव्हाड, शिवसेना BT के आदित्य ठाकरे ने सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही शपथ ली। शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली थी। इनमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल रहे। अब बाकी बचे 9 विधायक सोमवार को शपथ लेंगे। इधर, राहुल नार्वेकर ने आज स्पीकर पद के लिए नामांकन भर दिया है। कोलाबा सीट से विधायक नार्वेकर का निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि किसी और उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। शपथ ग्रहण से पहले विपक्ष के नेताओं ने सीएम फडणवीस से मुलाकात की। ये सभी विधानसभा में डिप्टी स्पीकर के पद की मांग को लेकर पहुंचे थे। 23 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया था। सोलापुर जिले की मालसिरस विधानसभा सीट से (शरद) उम्मीदवार उत्तमराव जानकर ने जीत हासिल की थी। उन्होंने बीजेपी के राम सातपुते को हराया था।

वसुंधरा श्रीराम कथा का आयोजन 17 से

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के टीन्स हिंडन परिक्षेत्र वसुंधरा सेक्टर 1 के चंद्रशेखर पार्क में अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य राम कथा के आयोजन कार्यक्रम निश्चित हुआ है । इस कार्यक्रम को लेकिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति वसुंधरा की बैठक संपन्न हुई । समिति के संरक्षक कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कथा वाचक पंडित गोविन्द शास्त्री के श्रीमुख से 17 जनवरी से 25 जनवरी तक रामकथा एवं 26 जनवरी को यज्ञ की पूर्ण आहुति एवं भंडारा होगा । 9 दिवसीय रामकथा का आयोजन को लेकर आवश्यक कार्यवाही और उसकी रूप रेखा को लेकर भी वृहद चर्चा हुई । बैठक में अध्यक्ष निशा त्यागी, सचिव ऋचा त्यागी, उपाध्यक्ष उर्मिला शर्मा, कोषाध्यक्ष राधा तिवारी,सविता यादव, मीनू बोहरा, मुन्नी देवी, अवधेश वशिष्ठ रामकिशन गोस्वामी,सुनील त्यागी, बी पाठक, वागीश चंद्र पांडे, उपेंद्र बोहरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

ढाका में इंडियन हाई कमीशन के सामने विरोध-प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने रविवार को इंडियन हाई कमीशन के सामने भारत के विरोध में लॉन्ग मार्च निकाला। हालांकि पुलिस ने इस मार्च को बीच में ही रोक दिया। इसके बाद बीएनपी के एक प्रतिनिधि गुट को पुलिस की मदद से इंडियन हाई कमीशन को ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी गई। बीएनपी के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी रूहुल कबीर रिजवी ने इस दौरान भारत विरोधी बयान दिए। रिजवी ने कहा- भारत हर कदम पर बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा सकता है। उसने शेख हसीना को इसलिए शरण दी क्योंकि उसे बांग्लादेश के लोग पसंद नहीं हैं। भारत किसी से दोस्ती नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि अगर भारत चटगांव मांगता है, तो हम बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे। भारत में सांप्रदायिकता बहुत ज्यादा है। शेख हसीना ने दिल्ली के आशीर्वाद से ही बांग्लादेश में 16 साल सरकार चलाई।

हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विक्रम प्रताप सिंह ने दी बांग्लादेश को चेतावनी

जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा

मुंबई। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आज सकल हिंदू समाज,मीरा भाईंदर द्वारा निषेध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारे लगाए तथा वहां रह रहे हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड़न को तत्काल बंद करने की मांग की। शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक के मार्गदर्शन में 145 मीरा भायंदर विधानसभा प्रमुख एवं पूर्व नगरसेवक विक्रम प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो शिवसैनिकों ने इस निषेध कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए विक्रम प्रताप सिंह ने बांग्लादेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि उसकी आजादी भारत द्वारा दी गई है। अगर उन्होंने तत्काल हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड़न और मंदिरों को तोड़ना बंद नहीं किया तो हम उसका उत्तर भी देना जानते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को मिली आजादी हम छीन भी सकते हैं। हम एक भी बांग्लादेशी को यहां नहीं रहने देंगे। विक्रम प्रताप सिंह ने भारत सरकार से अनुरोध किया कि वह तत्काल बांग्लादेश के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे।

शरद पवार बोले, महायुति की जीत से लोगों में नाराजगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सोलापुर

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव रिजल्ट पर अब प्रमुख शरद पवार ने सवाल उठाया है। पवार ने कहा, यह सच है कि हम हार गए। हमें चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि लोगों के पास जाना चाहिए, क्योंकि रिजल्ट को लेकर लोगों में कोई उत्साह नहीं दिख रहा है। बहुत नाराजगी है। पवार ने शनिवार को कोल्हापुर में कहा था कि चुनाव में राजनीतिक दलों को मिले वोटों और जीती सीटों की तुलना हैरान करने वाली है। कांग्रेस को 80 लाख वोट मिले और उसने 15 सीटें जीतीं, जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 79 लाख वोट मिले और वह 57 सीटों पर जीती। पवार ने कहा- अजित पवार की एनसीपी को 58 लाख वोट मिले और उसने 41 सीटें जीतीं, जबकि मेरी पार्टी एनसीपी को 72 लाख वोट मिले और हमें केवल 10 सीटों पर जीत मिली। ये आंकड़े हैरान करने वाले हैं। शरद पवार के बयान पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, वरिष्ठ नेता होने के नाते शरद पवार को देश को गुमराह नहीं करना चाहिए। यदि आप हार स्वीकार कर लेंगे तो आप इससे बाहर आ जाएंगे। मैं उम्मीद करता हूं आप अपने सहयोगियों को आत्मनिरीक्षण की सलाह देंगे।

अमित शाह बोले, बॉर्डर की चिंता हमें नहीं, हमारे जवान निपट लेंगे

- जोधपुर में गृह मंत्री को बीएसएफ के डॉग ने सलामी दी, ऊंट पर जवानों ने योग किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जोधपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस के नाम से जानी जाती है। यही वजह कि सीमा से जब किसी अप्रिय घटना की सूचना आती है तो गृह मंत्री को जरा भी चिंता नहीं होती। यही भरोसा रहता है कि हमारे बीएसएफ के जवान हैं, निपट लेंगे। अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ भारतवासियों के दिलों में पैदा हुआ है। इसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हुए जवानों को जाता है और किसी का इस पर कोई अधिकार नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस (राइजिंग डे) परेड में शामिल हुए। उनके सामने जवानों, श्वान टीम ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। इससे पहले गृह मंत्री को सुबह ठीक 11 बजे बीएसएफ की जीप में एसटीसी स्थित परेड ग्राउंड के मुख्य मंच तक लाया गया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। परेड से पहले बीएसएफ विंग के स्वदेशी हेलिकॉप्टर ध्रुव ने आसमान से सुरक्षा का जायजा लिया। उधर, बीएसएफ का कार्यक्रम पूरा होने के बाद गृह मंत्री अमित शाह सर्किट हाउस जोधपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण करने पहुंचे।

तीन की जगह 2.20 मिनट में ट्रक जोड़ा

बीएसएफ की गजराज टीम ने 2 मिनट 20 सेकेंड में सेना के टाटा 407 ट्रक को पूरा खोलकर उसे दोबारा जोड़ दिया। इस काम के लिए टीम ने 3 मिनट का समय तय किया था। गृह मंत्री अमित शाह के सामने बीएसएफ में शामिल श्वानों ने अपने शानदार प्रदर्शन से खूब प्रशंसा बटोरी। भारतीय नस्ल का श्वान रामपुर हाउंड सहित तमाम अन्य श्वानों ने जवानों का साथ देकर बचाव कार्य का प्रदर्शन किया। भारतीय नस्ल के श्वानों को क्क्स्स्न में शामिल किया गया है। इसी कड़ी में बीएसएफ के जवानों के साथी श्वानों ने बहादुरी का प्रदर्शन किया। नक्सल प्रभावित इलाके में फायरिंग कवर देते हुए नक्सली को पकड़ने में श्वानों ने जवानों की मदद की।

बीएसएफ ने साहसिक कार्यों का प्रदर्शन किया

बीएसएफ की ओर से साहसिक कार्यों का प्रदर्शन हो गया है। कार्यक्रम में सबसे पहले ऊंटों पर बीएसएफ के जवान प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें रेगिस्तान में तस्करों का पीछा करने, क्रॉस कंट्री रोलिंग, औचक निरीक्षण का प्रदर्शन किया जा रहा है। जवान दौड़ते ऊंट पर टारगेट हिट करने का प्रदर्शन कर रहे हैं। दुश्मन को चकमा देते हुए ये जवान ऊंट पर ही छिप जाते हैं। देखने वाले को ऐसा लगता है जैसे कोई ऊंट आ रहा है। करीब पहुंचने पर जवान बन्दूक से निशाना लगाकर दुश्मन को ढेर कर देते हैं।

सुबह 11 बजे जोधपुर के एसटीसी परेड ग्राउंड पहुंचे थे

गृह मंत्री अमित शाह रविवार सुबह बीएसएफ के कार्यक्रम में हिस्सा लेने एसटीसी स्थित परेड ग्राउंड में पहुंचे। यहां वे दोपहर करीब 1:30 बजे तक रहेंगे। कार्यक्रम के बाद वे सर्किट हाउस जाएंगे और परिसर के बाहर लगी सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति का अनावरण करेंगे।

गृह मंत्री बोले, जवानों के बलिदान से ही भारत अजेय है

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- मैं बीएसएफ जवानों से कहता हूं- आपकी ड्यूटी कितनी कठिन है। जवान अपने जीवन का स्वर्णकाल माइनस 43 डिग्री के तापमान से लेकर प्लस 43 डिग्री टेम्प्रेचर तक के वातावरण में बिताता है। न आप बच्चों की देखभाल कर पाते हैं, न बूढ़े माता-पिता की सेवा कर पाते हैं। पूरा देश आपके इस बलिदान के प्रति सम्मान रखता है। तपते रेगिस्तान, घने जंगलों और बर्फ में भी आपने अपनी ड्यूटी निभाई है। जब देश सो रहा होता है, तब आप पहली पंक्ति के रूप में देश की सेवा करते हैं। आपका ये बलिदान एहसास दिलाता है कि भारत अजेय है। इसको कोई नहीं हरा सकता है। यह जो अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ लोगों के दिलों में पैदा हुआ है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)